www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण




पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 10 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-306 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




फ्लोर टेस्ट से ठीक पहले बुलाई गई जेडीयू 02
■ दिल्ली के स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए...
■ निगम कर्मचारी आज भी पक्का होने का कर रहे हैं ... 03
■ रूस 2014 से बार-बार यूक्रेन की समस्याओं के...
■ दो पंजाबियों की हत्या के बाद प्रवासियों की सुरक्षा... 07
मैं कभी भी सिल्वर स्क्रीन से दूर नहीं गया : अर्जुन रामपाल 10


**सार संक्षेप**

### जम्मू-कश्मीर से जुड़े तीन विधेयक राज्यसभा में पारित



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से जुड़े तीन विधेयकों को पारित किया गया है, जो स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने और केंद्र में अनुसूचित जाति और जनजाति की सूची को संशोधित करने का प्रावधान करते हैं। जम्मू और कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 और संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 और संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 इस सप्ताह की शुरुआत में लोकसभा द्वारा पारित किया गया था।

### जगन रेड्डी ने मोदी से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। पोस्ट में कहा गया है आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

### सोपोर में गोला-बारुद का जखीरा बरामद



श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के सोपोर उप जिले में दो ठिकानों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 2023 में दर्ज एक मामले की जांच के तहत कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए सोपोर थाने में बुलाया गया था। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम ने संदिग्ध के घर में तलाशी ली। तलाशी के दौरान सोपोर में तारजू के अब्दुल रशीद नज़र के घर के अंदर एक गुप्त कंक्रीट ठिकाने का पता चला जहां से आईईडी, पिस्तौल, पिस्तौल पत्रिका, जीवित गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव व एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न

## सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को किया जा चुका है सम्मानित

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का एलान किया है। वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्स पर इसका एलान किया। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक तीन ट्वीट कर के तीनों हस्तियों के बारे में लिखते हुए उन्हें यह सम्मान देने की घोषणा की। कुछ दिन पहले ही सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में लिखा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को



समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता चौधरी चरण सिंह ऐसे समय में कांग्रेस विरोधी राजनीति की धुरी के रूप में उभरे थे

### 10 साल में छठी हस्ती, जिसे मिलेगा सम्मान

*मोदी सरकार के करीब 10 साल के कार्यकाल में अब तक 10 हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान दिया जा चुका है, जिसमें इस साल कर्पूरी ठाकुर समेत पांच नामों का एलान किया गया है। दिवंगत प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख से पहले मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साल 2015 में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय को यह सर्वोच्च सम्मान दिया गया था। इसके चार साल बाद बीते लोकसभा चुनाव के कुछ महीने बाद तीन हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान देने की घोषणा की गई थी। करीब 68 साल पहले शुरू हुए इस सर्वोच्च सम्मान से अब तक 53 हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। पहली बार साल 1954 में आजाद भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राज गोपालाचारी, वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दिया गया था।*

**नरसिम्हा राव ने विभिन्न क्षमताओं में बड़े पझैमाने पर देश की सेवा की**

मोदी ने नरसिम्हा राव के बारे में सम्मान की घोषणा के साथ लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव गारू को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। नरसिम्हा राव गारू ने विभिन्न क्षमताओं में बड़े पैमाने पर भारत की सेवा की।



मजा आ गया, बहुत बड़ा दिन है, मेरे लिए भावुक पल है, यादगार है। मैं राष्टपति, केंद्र सरकार और विशेष तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं। बहुत बड़ा संदेश पूरे देश में गया है। देश की भावनाएं सरकार के इस फैसले से जुड़ी हुई हैं : **जयंत चौधरी**



देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है, उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था : **मोदी, प्रधानमंत्री**



चौधरी चरण सिंह अपनी किसान समर्थक नीतियों के लिए जाने जाते हैं और देश के करोड़ों किसान-हमारे अन्नदाता और खेत मजदूर उनका व्यापक सम्मान करते हैं। तीनों महापुरुषों का देश के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है : **मल्लिकार्जुन खड़गे**



मुझे यकीन है कि अगर यह खबर मेरे पिता के रहते आती तो उन्हें भी खुशी होती। उन्होंने कभी सम्मान के लिए काम नहीं किया। उन्होंने जमीन पर जो किया, उसके परिणामों से उन्हें अधिक प्रेरणा मिली : **डॉ. सौम्या स्वामीनाथन**

# सीमा विवाद सुलझाने के लिए मिजोरम-असम हुए सहमत

**हिमंत बिस्व सरमा व लालडुहोमा के बीच हुई बैठक**

**गुवाहटी,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं। बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा



साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफ आर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है।

### 2021 में हुआ भारी विवाद

इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। बताया जाता है कि इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

# हल्द्वानी बनभूलपुरा बवाल में तीन की मौत



- तीन सौ से अधिक लोग घायल, 70 वाहन जलकर राख
- अवैध मस्जिद व मदरसे के अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ बवाल

**हल्द्वानी,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। गतगुरुवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर बने अवैध मस्जिद और मदरसे के अतिक्रमण हटाने को लेकर बवाल हो गया। बवाल इतना बड़ा की पुलिस-प्रशासन और लोगों के बीच झड़प हो गई, जहां पुलिस के ऊपर पथराव और पेट्रोल बम फेंके गए। हालात बेकाबू होते देख गोली चलाने के आदेश जारी किए गए। जिसके बाद पुलिस की फायरिंग में पिता-पुत्र सहित तीन उपद्रवियों की मौत हो गई, जबकि कई लोग उपद्रव में घायल हुए हैं। पत्थरबाजी और आगजनी की घटना में पुलिस-प्रशासन और मीडियाकर्मी सहित 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिनका अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### धामी ने हालातों का लिया जायजा

हल्द्वानी बनभूलपुरा बवाल पर देशभर की नजर है। खुद सीएम धामी हल्द्वानी बनभूलपुरा मामले पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। शुक्रवार शाम सीएम धामी हल्द्वानी पहुंचे। यहां पहुंचकर सीएम धामी ने हल्द्वानी बनभूलपुरा के हालातों का जायजा लिया। इसके साथ ही सीएम धामी ने शासन प्रशासन से हालातों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बता दें हल्द्वानी हिंसा के बाद इलाके में माहौल तनावपूर्ण हैं। हल्द्वानी के चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सीएम धामी लगातार हल्द्वानी पर नजर बनाए हुए हैं। बीती रात भी सीएम धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसके साथ ही सीएम कार्यालय भी हल्द्वानी हिंसा मामले की पल पल अपडेट ले रहा थी।

# पाक चुनाव में इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चौंकाया

**इस्लामाबाद,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने धांधली, छिटपुट हिंसा और देशभर में मोबाइल फोन बंद होने के आरोपों के बीच मतदान समाप्त होने के 10 घंटे से ज्यादा समय बाद शुक्रवार तड़के चुनावों के पहले नतीजे का एलान किया। ईसीपी के विशेष सचिव जफर इकबाल ने शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में पहले नतीजे घोषित किए।

चुनाव आयोग ने 265 में से 200 सीटों के नतीजे घोषित किए। बहुमत का आंकड़ा 134 है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने शुक्रवार को कहा पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ आम चुनाव के अंतिम नतीजों के बाद विजयी भाषण देने के लिए तैयार हैं। नवाज के प्रतिद्वंद्वी और 71 साल के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी-पीटीआई भी जीत के दावे कर रही है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान समर्थित उम्मीदवार रेस में आगे हैं। खैबर पखतूनख्वा के शांगला जिले में पीएमएल-एन के आमेर मुकाम के जीतने के बाद वहां इमरान के समर्थक हिंसा कर रहे हैं।



- चुनाव आयोग ने 265 में से 200 सीटों के नतीजे घोषित किए
- पीटीआई कार्यकर्ताओं ने 19 शहरों में किया प्रदर्शन

इस दौरान पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने एक सरकारी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। पीटीआई ने नतीजे स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीटीआई ने दावा किया है कि पुलिस ने लोगों पर फायरिंग की। इसमें 3 घायल हुए हैं। पीटीआई ने जनादेश चोरी किए जाने का आरोप भी लगाया। पीएमएल-एन ने पीटीआई के जीत के दावे को खारिज किया और अपनी जीत का दावा किया।

# बजट सत्र में कुछ बड़ा होने की अटकलें



**आखिरी दिन संसद को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी**

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। बजट सत्र के आखिरी दिन भाजपा ने अपने दोनों सदनों के सभी सांसदों को मौजूद रहने को कहा है। ऐसी अटकलें तेज हैं कि केंद्र सरकार शनिवार को दोनों सदनों में राम मंदिर पर चर्चा कराएगी। दरअसल संसद में सीधे राम मंदिर पर चर्चा नहीं हो सकती है। ऐसे में संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा में शनिवार को राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा। भाजपा ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने सभी रास और लोस सांसदों को व्हिप जारी किया है। भाजपा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रास के पार्टी सांसदों को राज्यसभा में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

# राबड़ी, हेमा व मीसा को जमानत



**जमीन के बदले नौकरी का मामला**

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में तीनों को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने ईडी के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए। जानकारी के मुताबिक, ईडी) ने 8 जनवरी, 2024 को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत अमित कत्याल, राबड़ी देवी, मिशा भारती, हेमा यादव, हृदयानंद चौधरी और दो कंपनियों मेसर्स ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स ए बी एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड के खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की थी।

**आंकड़े** *2024 लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने दी जानकारी*

# लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ मतदाता मतदान करने के पात्र

**नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। इस साल 2024 लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ मतदाता मतदान कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के वोटर्स से जुड़ी स्पेशल समरी रिवीजन 2024 रिपोर्ट जारी की। आयोग ने बताया कि, वोटिंग लिस्ट में 18 से 29 साल की उम्र वाले 2 करोड़ नए वोटर्स को जोड़ा गया है।**

2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले रजिस्टर्ड वोटर्स की संख्या में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। चुनाव आयोग ने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा 96.88 करोड़ वोटर्स लोकसभा चुनावों में वोटिंग के लिए रजिस्टर्ड हैं। साथ ही जेंडर रेशो भी 2023 में 940 से बढ़कर 2024 में 948 हो गया है। एसएसआर की रिपोर्ट के अनुसार 1 करोड़ 65 लाख 76 हजार 654 मृतकों, किसी दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके और डुप्लीकेट वोटर्स के नाम मतदाता



- मतदाता सूची में दो करोड़ नए मतदाता जुड़े
- पांच साल में महिला-युवा व दिव्यांग मतदाता बढ़े

सूची से हटा दिए गए हैं। इसमें 67 लाख 82 हजार 642 डेड वोटर्स, 75 लाख 11 हजार 128 एबसेंट वोटर्स और 22 लाख 5 हजार 685 डुप्लीकेट वोटर्स शामिल हैं। वोटर लिस्ट में 2.63 करोड़ से ज्यादा नए वोटर्स का नाम जोड़ा गया है। जिनमें से लगभग 1.41 करोड़ महिला वोटर्स हैं। इनकी संख्या रजिस्टर्ड पुरुष वोटर्स से (1.22 करोड़) से 15 प्रतिशत ज्यादा है। वोटर डेटाबेस में लगभग 88.35 लाख दिव्यांग मतदाता रजिस्टर्ड हैं। 17 साल से ज्यादा उम्र के 10.64 लाख युवाओं ने वोटिंग लिस्ट में नाम जुड़वाने आवेदन दिया है। इनमें तीन तारीखों 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 की उम्र पूरी करने वाले युवा शामिल हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ-साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए विभिन्न कामों के बारे में जानकारी दी थी। घर-घर जाकर जांच करने के बाद 1,65,76,654 मृतकों, स्थानांतरित और फर्जी मतदाताओं के नाम को सूची से हटा दिया गया है। 2019 से पंजीकृत मतदाताओं में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।





SALIENT FEATURES

Proximity to Noida International Airport | Easy access to Eastern & Western | Dedicated Freight Corridors | Best planned city in NCR | Expressways providing excellent Multi-city Connectivity | Residential Sectors, Commercial Sectors, Educational Institutions in the Vicinity | World-class civic amenities

**GNIDA** announces e-Auction for the allotment of Builder Plots, as per terms and conditions prescribed in the on-line brochure.

**How to Participate /Other details:** Interested parties will need to signup and obtain user ID and password on the portal https://etender.sbi as well as deposit documents. Processing Fee (Participation Fee) & EMD separately through online payments as per date mentioned in the online brochure.

The brochure containing details of Plots procedures, terms & conditions of e-Auction is available on our website www.greaternoidaauthority.in and the web portal https://etender.sbi.

**BUILDER PLOTS**

| S. No. | Plot No. | Sector | Area of Plot (in Sqm.) | Reserve Price (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GH-02E | Mu | 18215.00 | 83,78,90,000/- |
| 2 | GH-01/GH-01A | Omicron-1A | 30470.52 | 1,40,16,43,920/- |
| 3 | GH-01A | Eta-02 | 28265.00 | 1,43,02,09,000/- |
| 4 | 151 | Sigma-III | 30000.00 | 1,38,00,00,000/- |
| 5 | 207 | Sigma-III | 38771.00 | 1,78,34,66,000/- |
| 6 | B-255 | 36 | 13938.50 | 67,32,29,550/- |
| 7 | GH-01/B,C, D,E,J&K | 12 | 32350.00 | 1,30,05,34,700/- |
| 8 | GH-01/F,G,H,&I | 12 | 22558.00 | 90,68,76,716/- |

It will be the sole responsibility of the bidder/participant to obtain a compatible computer terminal with internet connection to enable him/her to participate in the e-bidding process any reasons thereof.

Authority reserve the right to accept or reject one or all the bids or cancel/postpone the e-auction without assigning any reason.

Plots clear from all encumbrances | Lease plans are ready | Possession within 30 days | Allotment will be made on "as is where is basis"

| Brochure Download & Registration Start | Registration End | Last Date of Registration, EMD, Processing Fee Deposit | Last Date of Final Submission of Documents | E-Auction Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| 07.02.2024 I 3 PM | 27.02.2024 I 5 PM | 29.02.2024 I 5 PM | 01.03.2024 I 5 PM | To be notified separately |

For corrigendum/addendum, please refer to website www.greaternoidaauthority.in

Greater Noida Industrial Development Authority
Plot No. 01, Knowledge Park-04, Greater Noida-201308, Distt.-Gautam Budh Nagar, (U.P.)
Helpline Center No. : 0120 2336046, 2336047, 2336048, 2336049
Ph.: 0120-2336030-33 | E-mail: authority@gnida.in | Website: www.greaternoidaauthority.in
Follow us on /OfficialGNIDA

# देश

उवाच

'सर्वाधिक गांजा अगर किसी राज्य में पाया जाता है, तो वो पंजाब है, जिसे आमतौर पर उड़ता पंजाब भी कहा जाता है। वहीं, अब बेंगलुरु भी कुछ इसी तरह की दुश्वारियों से जूझ रहा है।' उन्होंने कहा, 'नशीले पदार्थों के खतरों के संदर्भ में अधिकांश सवाल विधानसभा में पूछे जा चुके हैं':- जी. परमेश्वर, गृह मंत्री कर्नाटक





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 20.0 | 06.8 |
| मुंबई | 32.0 | 19.2 |
| कोलकाता | 24.5 | 14.0 |
| चेन्नई | 32.3 | 21.4 |

# कांग्रेस का दावा-मोदी ना पहले ओबीसी थे और ना आज

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खुद को ओबीसी बताए जाने पर कहा कि मोदी समाज ना पहले ओबीसी था और ना आज है। कांग्रेस ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए कहा कि 1 जनवरी, 2002 को गुजरात सरकार द्वारा आरक्षण के लिए जोड़ी गई जातियों के अधिसूचना में कहीं भी मोदी समाज का जिक्र नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं। मोदी ना पहले ओबीसी थे और ना आज हैं। मोदी जी सुपर अपर कास्ट से हैं। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए गुजरात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि भाजपा बार-बार झूठ फैलाती है। लेकिन मोदी जी जन्म से ओबीसी नहीं हैं, यह सच्चाई है। गुजरात सरकार की अधिसूचना दिखाकर भाजपा पर



पलटवार करते हुए गोहिल ने कहा कि इस अधिसूचना की तारीख 1 जनवरी, 2002 है, जब गुजरात के मुख्यमंत्री स्वयं नरेंद्र मोदी थे। अधिसूचना के अनुसार नई जातियां जोड़ी गईं, उनमें घांची मुस्लिम, तेली, मोढ़ घांची, तेली साहू, तेली राठौर थीं। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर 1999 में ये जातियां जोड़ी गईं थीं, तो गुजरात के मुख्यमंत्री ने 1 जनवरी, 2002 को यह अधिसूचना क्यों जारी की। गोहिल ने यह भी कहा कि 1 जनवरी, 2002 को जारी किए गए इस अधिसूचना में कहीं भी मोदी

**इस अधिसूचना की तारीख 1 जनवरी, 2002 है, जब गुजरात के मुख्यमंत्री स्वयं नरेंद्र मोदी थे। अधिसूचना के अनुसार नई जातियां जोड़ी गईं, उनमें घांची मुस्लिम, तेली, मोढ़ घांची, तेली साहू, तेली राठौर थीं। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर 1999 में ये जातियां जोड़ी गईं थीं :-शक्ति सिंह गोहिल**

समाज का जिक्र नहीं है। भगवद्गोमण्डल के हिसाब से भी मोदी समाज पिछड़ी जाति में नहीं आता है। मोदी ना पहले ओबीसी थे और ना आज हैं।शक्ति सिंह गोहिल ने तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री के ख्वाब देखने से पहले कभी नहीं कहा कि मैं घांची हूँ या पिछड़ी जाति से आता हूँ। गुजरात में मोदी के मुख्यमंत्री बनने के बाद मुंबई में मोदी समाज की बैठक में कहा गया कि हमारी सुपर अपर कास्ट मोदी से पहली बार मुख्यमंत्री बना है। इसे लेकर मैगजीन में बाकायदा विज्ञापन दिए गए, जिन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी नहीं नकारा। राहुल गांधी के खिलाफ केस करने वाले पूर्णेश मोदी ने सूरत कोर्ट में दिए दस्तावेज में स्पष्ट कहा था कि मोदी समाज के लोग मोढ़ वणिक (व्यापारी) हैं। वो सुपर अपर कास्ट व्यापारी वर्ग से हैं।

शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि पीएम मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं। गोहिल ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछे कि अगर मोदी सबसे बड़े ओबीसी हैं तो अपने नाम के आगे मोदी घांची, मोदी तेली क्यों नहीं लिखते। 1 जनवरी, 2002 को जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहीं भी मोदी समाज का जिक्र नहीं है। ऐसे में ये प्रधानमंत्री मोदी पर कैसे लागू होता है।

## झारखंड हाईकोर्ट ने अमित शाह पर राहुल गांधी की टिप्पणी मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ की गई कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था। राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगे जाने पर उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह भाजपा में ही पॉसिबल है।

## डिप्टी सीएम पद को खत्म करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। विभिन्न राज्यों में नियुक्त हुए उप-मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि संबंधित राज्य सरकारों ने भारत के संविधान और आर्टिकल 164 के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए विभिन्न राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की है। ध्यान दें, भारतीय संविधान और संविधान का अनुच्छेद 164 में सिर्फ मुख्यमंत्री की नियुक्ति का ही प्रावधान है। अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा द्वारा दाखिल की गई याचिका में स्पष्ट कहा गया है, 'अगर कथित उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति की जाती है, तो इसका नागरिक और राज्य की जनता से कोई लेना-देना नहीं होगा।' याचिका में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर जनता में भ्रम पैदा होता है और राजनीतिक दलों द्वारा काल्पनिक विभाग बनाकर गलत और अवैध उदाहरण स्थापित किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री कोई भी स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकता है। हालांकि, उपमुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री के बराबर ही दिखाया जाता है। इसमें केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह राज्य के राज्यपालों से देश में कथित उपमुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाने वाली ऐसी असंवैधानिक नियुक्तियों के खिलाफ कदम उठाए। 12 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी।



## संसद से

### परीक्षाओं में धांधली रोकने के विधेयक पर संसद की मुहर

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। सरकारी सेवाओं की भर्ती परीक्षाओं को अनुचित साधनों से प्रभावित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधानों वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 पर शुक्रवार को संसद की मुहर लग गयी। राज्यसभा में इस विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया जबकि लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। कार्मिक, जनशिकायत एवं पेंशन मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सदन में संक्षिप्त चर्चा के बाद कहा कि इस विधेयक से उच्च परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के हितों की रक्षा होगी और नियत समय के भीतर परिणाम आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं पर भरोसा करती है और इसलिए परीक्षा प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा रहा है। सरकार ने कई सरकारी नौकरियों में साक्षात्कार समाप्त किया है जिससे भाई-भतीजावाद, भेदभाव और पक्षपात खत्म हुआ है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की मजबूत नींव रखने में यह विधेयक मदद करेगा। यह विधेयक सहकारी संघवाद का प्रतीक है। केंद्र किसी भी राज्य को इसे अपनाने के लिए मजबूर नहीं करेगा। किसी भी संबंधित अपराध की जांच उच्च अधिकारी करेगा। जांच में प्रौद्योगिकी का प्रयोग होगा।

### जम्मू कश्मीर में आरक्षण से जुड़े विधेयक राज्यसभा से पारित

नई दिल्ली। राज्यसभा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) से जुड़े तीन विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने ओबीसी को स्थानीय निकायों में आरक्षण दिये जाने से संबंधित जम्मू-कश्मीर स्थानीय निकाय विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 पर हुयी चर्चा का जबाव दिया। इसके साथ ही, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने संविधान (जम्मू-कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 और जनजाति मामलों के मंत्री अर्जुना मुंडा ने 'संविधान (जम्मू-कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा का उत्तर दिया। इसके बाद इन तीनों विधेयकों को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। श्री राय ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हो गया और इसके बाद से सरकार वहां के सभी वर्गों के लोगों को देश के संविधान के अनुसार शेष देश में हासिल अधिकार और अवसर मुहैया कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ओबीसी को आरक्षण देने के लिए लाया गया यह विधेयक उसी कड़ी का हिस्सा है।

### नाकामयाबी छुपाने को श्वेतपत्र लाई मोदी सरकारः गोगोई

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार नाकामयाबी छुपाने के लिए आर्थिक श्वेत पत्र लाई है और वह प्रवर्तन निदेशालय-ईडी का इस्तेमाल सिर्फ विपक्ष के नेताओं को भारतीय जनता पार्टी में शामिल करने के लिए कर रही है। श्री गोगोई ने लोकसभा में नियम 342 के तहत लाए आर्थिक श्वेत प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि यह प्रस्ताव अपनी नाकामयाबी छुपाने का मोदी सरकार का एक सोचा समझा प्रस्ताव है लेकिन देश की जनता असलियत समझती है इसलिए इस तरह के प्रयास का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी सरकार में कुछ महीने पहले देश के सबसे प्रतिष्ठित नियंत्रक और महालेखा परीक्षक-कैग ने द्वारका एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार की बात कही थी लेकिन उस घोटाले को भी दबा दिया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कई विधायक और दूसरे नेता है जिनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की थी। ईडी ने उनके घरों तथा प्रतिष्ठानों पर छापे मारे लेकिन जैसे ही वे भाजपा में शामिल होते हैं उनके घोटाले धुल जाते हैं। भाजपा ने एक तरह से आश्रम खोल रखा है कि घोटाले कीजिए और भाजपा में शामिल होकर मौज लीजिए।

### देश में हर रोज 15 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी जा रही हैः वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में हर रोज औसतन 15 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी जा रही है जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दस वर्षों में यह औसत केवल 04 किलोमीटर थी। श्री वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। रेल परियोजनाओं में देरी से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर अब तक 30 हजार 336 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के दस वर्षों में केवल 14,900 किलोमीटर रेल पटरी बिछायी गयी थी। उन्होंने कहा कि रेल पटरी बिछाने के काम में तेजी लाने के लिए पिछले वर्षों में अनेक अड़चनों को हटाया गया है। सरकार ने रेलवे के लिए दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। श्री वैष्णव ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सरकार इंटरनेट को सुरक्षित बनाने और डीपफेक जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए इंटरमीडियरी रूल्स में संशोधन करने जा रही है।

## सार संक्षेप

### आंध्र सीएम ने पीएम मोदी से की मुलाकात, लंबित धनराशि जारी करने की मांग

अमरावती/नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को संसद में उनके चेंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम ने पीएम मोदी से राज्य से संबंधित कई परियोजनाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय पहले ही पोलावरम परियोजना पर कंपोनेंट वाइज एक्सपेंडिचर को हटाने और इसके पहले चरण को पूरा करने के लिए 12,911 करोड़ रुपए जारी करने पर सहमत हो चुका है। उन्होंने उनसे दो लंबित परियोजनाओं के लिए कैबिनेट से मंजूरी देने का आग्रह किया है।

### तेलकोई से मौजूदा विधायक प्रेमानंद नायक ने बीजद छोड़ा

भुवनेश्वर। सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को झटका देते हुए पूर्व मंत्री और तेलकोई से मौजूदा विधायक प्रेमानंद नायक ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नायक ने यहां बीजद अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को संबोधित एक पत्र में लिखा, 'मैं 'बीजू जनता दल' की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। आपके साथ बिताया गया बहुमूल्य समय मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र की बेहतर सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।' नायक ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उन्हें पार्टी में दरकिनार किया जा रहा था। हालांकि उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में ईमेल के जरिए बीजद अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेजा था, लेकिन पार्टी से कोई भी उनकी शिकायतों पर चर्चा करने के लिए उनके पास नहीं पहुंचा। नायक ने कहा कि पहले वह अपने मुद्दों के साथ-साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न चिंताओं पर चर्चा करने के लिए पार्टी अध्यक्ष से मिल सकते थे, हालांकि, 2019 के बाद पटनायक पार्टी विधायकों के लिए दुर्गम हो गए।

### केसीआर ने नरसिम्हा राव को भारत रत्न दिए जाने की सराहना की

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित करने के भारत सरकार के फैसले की सराहना की। केसीआर ने एक बयान में इसे तेलंगाना के लोगों के लिए सम्मान बताया। बीआरएस प्रमुख ने नरसिम्हा राव को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार देने की बीआरएस की मांग स्वीकार करने के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने भी केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।



## बंगलादेश के विदेश मंत्री ने मुर्मु से मुलाकात की

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। बंगलादेश के विदेश मंत्री डॉ. हसन महमूद ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. महमूद का स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को बंगलादेश के प्रधानमंत्री के रूप में उनके अभूतपूर्व लगातार चौथे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। श्रीमती मुर्मु ने विश्वास जताया कि सुश्री शेख हसीना के नेतृत्व में बंगलादेश प्रगति और समृद्धि के नए मील के पत्थर स्थापित करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि एक मजबूत, स्थिर और समृद्ध बंगलादेश भारत के हित में है और संबंधों को आगे बढ़ता देखने के लिए दोनों पक्षों में अपार राजनीतिक इच्छाशक्ति है। राष्ट्रपति ने सीमा और सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी, बिजली, बुनियादी ढांचे, लोगों के बीच मेल-मिलाप आदि जैसे द्विपक्षीय सहयोग के लगभग सभी क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## कल मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री

### 7500 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 फरवरी, 2024 को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे। दोपहर लगभग 12:40 बजे वे मध्य प्रदेश के झाबुआ में लगभग 7500 करोड़ रुपए की अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।



**प्रधानमंत्री विशेष पिछड़ी जनजातियों की लगभग दो लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान की मासिक किस्त वितरित करेंगे**

अंत्योदय की परिकल्पना प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहलों के लिए मार्गदर्शक रही है। यह सुनिश्चित करने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है कि विकास के लाभ आदिवासी समुदाय तक पहुंचें, जिनमें से अधिकांश वर्ग स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी इन लाभों को प्राप्त करने से वंचित रहे थे। इसके अनुरूप, प्रधानमंत्री कई पहलों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जिससे क्षेत्र के जनजातीय समुदाय को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री लगभग दो लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान योजना के अंतर्गत आहार अनुदान की मासिक किस्त का वितरण करेंगे। इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश की विभिन्न विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए 1500 रुपए प्रति माह प्रदान किए जाते हैं। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख वितरित करेंगे। इससे लोगों को उनकी जमीन के अधिकार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध हो जाएंगे। प्रधानमंत्री टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। यह एक समर्पित विश्वविद्यालय है, जो क्षेत्र में उच्च जनजातीय बहुलता वाले जिलों के युवाओं को सुविधाएं प्रदान करेगा। 170 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए विश्वस्तरीय अवसंरचना प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' के अंतर्गत 559 गांवों के लिए 55.9 करोड़ रुपये जारी करेंगे। इस राशि का उपयोग आंगनवाड़ी भवन, राशन की दुकानों, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूलों में अतिरिक्त कमरे, आंतरिक सड़कों सहित विभिन्न प्रकार की निर्माण गतिविधियों के लिए किया जाएगा। प्रधानमंत्री झाबुआ में 'सीएम राइज स्कूल' का शिलान्यास करेंगे। स्कूल छात्रों को स्मार्ट क्लास, ई- लाइब्रेरी आदि जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करेगा। प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जो मध्य प्रदेश में जलापूर्ति और पीने के पानी की व्यवस्था को मजबूत करेगी।

## 'हम' मोदी के साथ थे मोदी के साथ हैं और आगे भी साथ रहेगा : मांझी

**पटना,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (HAM) के संरक्षक व बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने अपनी पार्टी हम को लेकर लगाये जा रहे तमाम कयासों पर फुल स्टॉप लगा दिया है। अब मांझी ने साफ तौर पर कहा है कि उनकी पार्टी हम पीएम मोदी जी के साथ थें..पीएम मोदी जी के साथ हैं और आगे भी पीएम मोदी जी के साथ रहेगा।



**■ महागठबंधन की ओर से उन्हें मुख्यमंत्री पद का ऑफर मिला था जिसे हमने ठुकरा दिया था**

बता दें कि 28 जनवरी को बिहार में एनडीए की नई सरकार के गठन के बाद हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनके पुत्र संतोष मांझी को मंत्री बनाया गया था। लेकिन जीतनराम मांझी दो मंत्री पद की मांग कर रहे थे। मांझी का कहना था कि एक रोटी से पेट नहीं भरता दो या तीन रोटी चाहिए। कम से कम दो रोटी तो चाहिए ही।

उन्होंने यह भी कहा था कि महागठबंधन की ओर से उन्हें मुख्यमंत्री पद का ऑफर मिला था जिसे हमने ठुकरा दिया था। इसलिए हमे कम से कम दो मंत्री पद मिलना चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो अन्याय होगा। उनके इस बयान के बाद बिहार की सियासत तेज हो गयी है। जीतनराम मांझी भी इन दिनों काफी सुर्खियों में बने हुए थे। इस बात की चर्चा होनी शुरू हो गयी कि एक मंत्री पद मिलने से मांझी नाराज हैं और यही कारण है कि वो कम से कम दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं। मांझी के इस बयान के बाद मांझी की हम पार्टी को लेकर कई कयास लगाया जाने लगा। बिहार की राजनीतिक गलियारों में जो कयास लगाये जा रहे थे उस पर अब जीतनराम मांझी ने विराम लगा दिया है। मांझी ने कह दिया है कि मेरे लिए कोई सत्ता की कुर्सी मायने नहीं रखती। बस ग़रीबों, मज़लूमो, दबे-कुचलों के हक़ और हक्कूक की आवाज उठती रहे उनका काम हो यही काफी है। मैं ग़रीब ज़रूर हूं पर कुर्सी के लालच में किसी को धोखा नहीं दे सकता। HAM मोदी जी के साथ थें, HAM मोदी जी के साथ हैं, HAM मोदी जी के साथ रहेंगें।

## फ्लोर टेस्ट से ठीक पहले बुलाई गई जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक

**पटना,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी 12 फरवरी को बिहार की नई सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना है लेकिन फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में बड़े खेल के दावे किए जा रहे हैं। तमाम तरह के कयासों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में पार्टी के तमाम विधायक और विधान पार्षद को मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, बिहार की सत्ता से बेदखल होने के बाद आरजेडी और कांग्रेस लगातार दावा कर रहे हैं कि नीतीश सरकार फ्लोर टेस्ट में सफल नहीं हो सकेगी। कांग्रेस ने पार्टी में टूट के डर से अपने सभी विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया है तो बीजेपी फ्लोर टेस्ट से पहले अपने विधायकों को बोधगया शिफ्ट करने जा रही है। जेडीयू ने भी अपने विधायकों को एकजुट रखने की तैयारी की है। तमाम सियासी कयासों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फ्लोर टेस्ट से ठीक पहले जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक बुला ली है। पार्टी के सभी विधायक और विधान पार्षद को बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। आगामी 11 फरवरी को मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर विधानमंडल दल की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें फ्लोर टेस्ट और और बजट सत्र को लेकिन मुख्यमंत्री विधायकों को गुरु मंत्र देंगे।



**■ 12 फरवरी को बिहार की नई सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना है**

बता दें कि बिहार में नई सरकार के गठन के बाद से ही फ्लोर टेस्ट के दिन बड़े खेला की बात कही जा रही है। सत्ताधारी दलों को अच्छी तरह से पता है कि बिहार की सियासत के धुरंधर लालू प्रसाद चुप बैठने वाले नहीं हैं। ऐसे में संभावित खेला से सत्ताधारी दल सहमें हुए हैं। यही वजह है कि बीजेपी ने फ्लोर टेस्ट से पहले अपने विधायकों को प्रशिक्षण देने के बहाने बोधगया शिफ्ट कर रही है तो वहीं जेडीयू भी अपने विधायकों को एकजुट रखने की जुगत में जुट गई है।

हलचल *बिहार में राज्यसभा चुनाव को लेकर जोड़तोड़ शुरू*

# कांग्रेस और वामदल सहयोगियों के भरोसे

**पटना, 9 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में राज्यसभा की रिक्त होने वाली छह सीटों को लेकर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव को लेकर दल और प्रत्याशी अब जोड़तोड़ में भी जुट गए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस जहां सहयोगियों के भरोसे है, वहीं भाजपा को लाभ होना तय है।**

बिहार से जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उसमें राजद के मनोज कुमार झा और अहमद अशफाक करीम, जदयू के अनिल प्रसाद हेगड़े और वशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा के सुशील कुमार मोदी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हैं।

विधानसभा के अंक गणित के हिसाब से देखें तो भाजपा को इस चुनाव में फायदा होना तय है, जबकि वाम दलों और कांग्रेस को सहयोगियों के सहारे रहना होगा।



जदयू की तरफ से अब तक कोई नाम सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि जदयू कोई चौंकाने वाला नाम सामने कर सकता है।

भाजपा के सूत्रों की माने तो प्रदेश कोर कमेटी ने केंद्रीय कमेटी को संभावित नामों की सूची दे दी है। बताया जाता है कि केंद्रीय कमेटी जल्द ही नामों की घोषणा कर सकती है। विधानसभा में अंक गणित के आधार पर राजद भी इस चुनाव में दो उम्मीदवार को फिर से राज्यसभा भेज सकता है। वैसे प्रत्याशियों की घोषणा अब तक नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों का दावा है कि मनोज कुमार झा फिर से राज्यसभा भेजे जा सकते हैं। कई अन्य नामों की भी चर्चा की जा रही है, जिसमें कई मुस्लिम नेता भी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी दुविधा वाली स्थिति है। कांग्रेस के अपने विधायकों की संख्या 19 है। राजद के 79 विधायक हैं। राजद के दो सांसद जीतने के बाद अगर कांग्रेस को राजद का समर्थन मिल भी जाता है तब भी कांग्रेस को जीत के लिए यह संख्या कम होगी।

इस स्थिति में पूरा खेल वामदलों पर निर्भर करता है, जिसके 16 विधायक हैं। वामदल भी अगर प्रत्याशी देती है तो उसे कांग्रेस की जरूरत पड़ेगी। नामांकन की अंतिम तारीख 15 फरवरी है जबकि 27 फरवरी को चुनाव होगा।

**इनका कार्यकाल हो रहा समाप्त**

मनोज कुमार झा और अहमद अशफाक करीम, जदयू के अनिल प्रसाद हेगड़े और वशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा के सुशील कुमार मोदी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल

# कैपिटल ज़ोन

# दिल्ली के स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल निरंतर प्रयास कर रहे: डॉ शैली ओबरॉय

## मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मेले के समापन सत्र को संबोधित किया

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबेरॉय ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम के मध्य क्षेत्र के तुगलकाबाद निगम विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान मेले के समापन समारोह में भाग लिया। इस विज्ञान मेले में मध्य क्षेत्र के 142 स्कूलों ने भागीदारी की और कुल 316 मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान मेले में विभिन्न स्कूलों के कुल 632 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा किया था। विज्ञान मेले के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि शिक्षा, आम आदमी पार्टी की सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। मैं स्वयं भी एक शिक्षक रही हूं इसलिए शिक्षा के प्रति मेरा अलग लगाव है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री का धन्यवाद अदा करती हूं।



मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा की शिक्षा के प्रति अपने लगाव के चलते वह शिक्षा से संबंधित कोई भी कार्यक्रम छोड़ती नहीं हैं। एक मेयर होने के नाते मैंने दिल्ली नगर निगम के विभिन्न स्कूलों में दौरे किए। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में बच्चों को प्राथमिक शिक्षा देने का काम किया जाता है और प्राथमिक शिक्षा ही बच्चों की नींव तैयार करती है। इसलिए दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की भूमिका अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण है। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि यदि बच्चे की नींव मजबूत होगी तो उच्च कक्षाओं में वह स्वाभाविक रूप से अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में निम्न आय वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। हमारे अध्यापकों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि वे ऐसे बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं जो गरीब परिवारों से आते हैं। यह एक किस्म की सेवा है। शिक्षक होना हर किसी के भाग्य की बात नहीं है। उन्होंने कहा की मेयर बनने के बाद उनके स्कूल ने उन्हें सम्मानित किया और कहा कि आप हमारी लगाई हुई नींव हो जो शीर्ष तक पहुंची हो। मैं भी आपसे अनुरोध करना चाहूंगी कि आप भी बच्चों की नींव को मजबूत बनाने का काम करें ताकि ये बच्चे भी अलग-अलग क्षेत्र में आसमान छूं सकें। हमने कल ही दिल्ली नगर निगम का बजट पास किया है। हमने बजट में शिक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए हैं ताकि दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में भी शिक्षा का स्तर दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह बेहतर किया जा सके।

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने अध्यापकों की कैपेसिटी बिल्डिंग पर भी कार्य कर रहा है। इसी क्रम में हमने अपने अध्यापकों को भारतीय प्रबंधन संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए भेजा है। मैं खुद भी वहां की छात्रा रही हूं, मुझे पता है की आईआईएम में शिक्षा का स्तर कितना उत्कृष्ट है। हमें अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, हमें उन्हें सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देना है बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनाना है। मेयर ने कहा कि शिक्षकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेवारी है। हालांकि मुझे यकीन है कि नगर निगम के शिक्षक इस जिम्मेवारी को बखूबी निभाने में सक्षम है।

# निगम कर्मचारी आज भी पक्का होने का कर रहे हैं इंतजार: राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर तीखा हमला बोला। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय तो आप पार्टी ने कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था किंतु अब वो अपने वादे से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि एक साल से ज्यादा समय बीत जाने पर भी निगम की आप सरकार ने इस दिशा में कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह एवं उप नेता प्रतिपक्ष जयभगवान यादव ने कर्मचारी संगठन के प्रमुख राजेश कुमार कल कल से मुलाकात की।



सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के निगम में कार्यकाल के समय में हर साल कर्मचारियों को पक्का किया जाता है किंतु आप पार्टी के शासन में कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि कर्मचारी मजबूरन भूख हड़ताल जैसे कदम उठा रहे हैं और आप सरकार के कानों पर जूं तक भी नहीं रेंग रही है।

सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के निगम के शासन में कर्मचारियों का शोषण चरम पर है तथा कर्मचारियों का मनोबल रसातल में गया हुआ है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी बस अपनी झूठी तारीफ कर अपनी पीठ थपथपा रही है। सरदार राजा इकबाल सिंह एवं निगम में उपनेता प्रतिपक्ष जयभगवान के समझाने एवं आग्रह करने पर लगभग 1000 कर्मचारियों ने अपना अनशन स्थगित कर दिया। सरदार राजा इकबाल सिंह और जय भगवान ने कर्मचारियों की भूख हड़ताल समाप्त करवाते हुए कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी सदन से लेकर सड़क तक कर्मचारियों के हक की आवाज उठाएगी।

## सार संक्षेप

### भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी में एक वर्षीय सर्टिफिकेट ऑनलाइन नृत्य पाठ्यक्रम की शुरुआत

नई दिल्ली। भारतीय नृत्य रूपों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पहचानते हुए, हाल ही में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद आईसीसीआर और सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र सीसीआरटी के साथ साझेदारी में रूट्स 2 रूट्स आर2आर का आयोजन किया गया। शास्त्रीय भारतीय नृत्य रूपों पर एक डिजिटल रीयल-टाइम ऑनलाइन इंटरैक्टिव पाठ्यक्रम लॉन्च किया। 15 जनवरी को शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी की सुंदरता और सुंदरता से वैश्विक मंच को रोशन करना है। पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए रूट्स 2 रूट्स के सह-संस्थापक राकेश गुप्ता ने कहा कि हम एक प्रकार का सांस्कृतिक पुनरुत्थान देख रहे हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों की शाश्वत सुंदरता का जश्न मनाने में दुनिया भर के लोगों की अत्यधिक रुचि वास्तव में रोमांचकारी है। यह पहल भारतीय सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि के लिए बढ़ती वैश्विक सराहना का प्रमाण है।

### तीन दिवसीय युवा महोत्सव ले-विटेसे 2024 का आयोजन

नई दिल्ली। यूईआई ग्लोबल एजुकेशन का खेल और सांस्कृतिक महोत्सव ले-विटेसे 2024 शुक्रवार को भी जारी रहा। इस महोत्सव में यूईआई ग्लोबल के सभी नौ परिसरों से 500 से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं। यह महोत्सव जीवंत भारतीय संस्कृति और परंपरा का मिश्रण है। जहां भारत के विभिन्न शहरों और राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, आगरा, लखनऊ ,पंजाब, लुधियाना, जालंधर, नई दिल्ली ,चंडीगढ़, जयपुर, पुणे और त्रिवेंद्रम से छात्र इस महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। ले-विटेसे 2024 की शुरुआत बृहस्पतिवार को आगरा में यूईआई ग्लोबल एजुकेशन संस्थान के परिसर में हुई थी। इस तीन दिवसीय महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथियों के तौर पर डॉ सुशील सी गुप्ता प्रिलयूड पब्लिक स्कूल आगरा के निदेशक, मनप्रीत छबा ताज व्यू आगरा के जीएम, अनिल शर्मा जेपी पैलेस होटल आगरा के वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशन्स, शेफ संजय अग्रवाल ताज व्यू आगरा में एग्जीक्यूटिव शेफ, शेफ अजय माथुर जेपी पैलेस होटल आगरा में एग्जीक्यूटिव शेफ, अरविंद श्रीवास्तव प्रिलयूड पब्लिक स्कूल आगरा के प्रिंसिपल उपस्थित थे।

# 'भ्रष्टाचार हटाओ, बवाना बचाओ' के आह्वान साथ कारोबारियों ने दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के कारोबारियों ने भ्रष्टाचार हटाओ, बवाना बचाओ के आह्वान के साथ बवाना में टोल टेक्स के साथ साथ अब बवाना में हाउस टेक्स के नोटिस, बिजली के दोगुने रेट और बवाना को फ्री होल्ड किये जाने की मांग को लेकर हुंकार भरी है। बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में अनेकों औद्योगिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा बवाना व्यापार एकता संघ ने दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को अपनी सभी समस्याओं से अगवत कराते हुए एक संयुक्त मांग पत्र सौंपा है। बवाना चेंबर के अध्यक्ष व बवाना व्यापार एकता संघ के संयोजक राज जैन की अगुवाई में तमाम कारोबारियों और व्यापारियों ने दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए कहा की बवाना में सरकारी तंत्र से लोग त्रस्त हैं। सभी विभाग के भ्रष्ट अधिकारी जमकर मनमानी कर रहे हैं। एमसीडी के हाउस टेक्स में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। पानी की भारी किल्लत है लेकिन बिजली के दाम आसमान छू रहे है। बवाना को फ्री होल्ड किये जाने की व्यावहारिक मांग काफी समय से हम कर रहे हैं लेकिन अभी तक व्यापारियों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दिल्ली सरकार की उद्योग विरोधी नीतियों की वजह से माइक्रो इंडस्ट्री तबाह हो रही है। तमाम उद्योग जगत में हारी निराशा है और यहाँ के कारोबारी इस क्षेत्र को छोड़कर कहीं और जाने की तैयारी कर रहे है। कई कारोबारी बवाना को छोड़कर हरियाणा और यूपी में जा भी चुकें है। बवाना के कारोबारियों से मिलकत के दौरान सभी कारोबारियों का दर्द मानव छलक उठा। इनका कहना था कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एमएसएमई सेक्टर को दी गयी अनेकों योजनों का लाभ दिल्ली एमएसएमई इंडस्ट्री को नहीं मिल रहा है। हुंकार सभा में आए व्यापारियों, उद्यमियों, ट्रांसपोर्टरों व मजदूरों ने भारी संख्या में इस सभा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कन्वीनर राज जैन ने भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व उनकी पूरी कार्यकारिणी को धन्यवाद किया और शीघ्र हल होने की आशा जताई। व्यापारियों की समस्याओं क़ो सुनंने के बाद बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भरोसा दिया की उनकी पार्किंग क़ो ख़त्म करने और बवाना क़ो फ्री होल्ड कराने के लिए आंदोलन करेंगे।



# दिल्ली में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, जांच जारी

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका इलाके में एक सैलून में दो लोगों को गोली मार दी गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नजफगढ़ पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने बताया कि इंद्रा पार्क में पिलर नंबर 80 पर एक सैलून में फायरिंग हुई थी। अधिकारी ने कहा, 'इसके अलावा, मोहन गार्डन पुलिस थाने में बंदूक की गोली से घायल दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराए जाने के संबंध में एक कॉल आई थी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| |
|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थितिः 30-Elect-47-T-2023-24-E3** डीएलआई, एएनवीटी, एसएसबी, डीकेजेड और टीकेडी जोन में पम्पिंग स्थापना के स्वचालन के संबंध में विद्युत कार्य। |
| **निविदा की अनुमानित लागतः** रु.266.71 लाख |
| **कार्यालय का पताः** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली |
| **बयाना राशिः** रु.2,83,400.00 |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समयः** 13.03.2024, 12:00 बजे |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समयः** 13.03.2024, 12:00 बजे |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

440/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एन आई टी | 32-A&B-2023-24-डब्ल्यू-5 | |
| 1 | कार्य का नाम (स्थान के साथ) | A) सहायक मंडल अभियंता तुगलकाबाद के अनुभाग में उपकर सफाई, जंगल की सफाई और उंथली स्क्रीनिंग का कार्य। | |
| | | B) सहायक मंडल अभियंता हजरत निजामुद्दीन के अनुभाग में उपकर सफाई जंगल की सफाई और उथली स्क्रीनिंग का कार्य। | |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | | A) Rs. 3499999.10 B) Rs. 4499998.09 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई -आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) A) रु.70000.00 B) रु.90000.00 | |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | | A) 04 महीने B) 04 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | | 05.03.2024 को 15:00 बजे तक तथा 05.03.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलबध है |

No. 128-W/280/OET/2023-24/W-V/32-A&B Dated : 09.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 438/24


# निगम सफाई कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास पर करेंगे प्रदर्शन



**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगे। पूर्व महापौर और भाजपा के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश जेपी के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम की समस्त यूनियन कोर कमेटी ने इस संबंध में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और प्रदर्शन पर भाजपा का समर्थन मांगा। इस अवसर पर पूर्व मेयर जयप्रकाश ने बताया कि भाजपा के कार्यकाल में निरंतर कर्मचारियों को पक्का किया जा रहा था लेकिन जब से निगम में आप की सरकार आई है कोई कर्मचारी पक्का नहीं किया जा रहा है, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सफाई कर्मचारी यूनियन नेताओं को भरोसा दिलाया की भारतीय जनता पार्टी सभी सफाई कर्मचारियों के अधिकारों के लिए उनके साथ हैं, और 14 फरवरी को होने वाले प्रदर्शन का पूरा समर्थन करेंगे। बैठक में कोर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार धींगान, महासचिव संजय टांक,उपाध्यक्ष शरद सागवान, पिंकी सूद, सुधीर चौधरी, राजेश बेनिवाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 35वें अंतरराष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के आयोजन से विश्वभर के लोगों में मानव एकता की भावना जागृत हुई

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। विश्व एकता, परस्पर प्रेम और भाईचारे को संपूर्ण विश्वभर में फैलाने के उद्देश्य से 35वें अंतरराष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान विभिन्न धर्मों के धर्माचार्य और अंतरराष्ट्रीय वक्ता एक सांझे मंच पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने आज के समय की सबसे महत्त्वपूर्ण जरूरत आंतरिक शांति तथा अध्यात्म द्वारा मानव एकता को पाने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए।

इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए लाखों की संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर पिछली सदी के महान परम संत कृपाल सिंह जी महाराज का 130वां जन्मोत्सव मनाया गया, जिन्होंने विश्व के कोने-कोने में रूहानियत का प्रचार-प्रसार किया। इस वर्ष मानव एकता आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ है क्योंकि परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने सन् 1974 में पहले मानव एकता सम्मेलन का उद्घाटन किया था। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में परम संत कृपाल सिंह जी महाराज की इस सम्मेलन के प्रति दूरदृष्टि को समझाते हुए कहा कि सभी वर्गों, मान्यताओं, धर्मों और देशों के लोग इस सांझे मंच पर इकट्ठे होकर यह जान सकें कि आत्मिक स्तर पर पर सब एक ही हैं। हमारी आस्था और राष्ट्रीयता के बावजूद चाहे हम परमात्मा में विश्वास करते हों या नहीं, फिर भी हम सब मानवता के स्तर पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, हम दिव्य-प्रेम से भरी आत्माएं हैं और इस सम्मेलन का उद्देश्य हमें एक ही परमात्मा की संतान होने करके अपनी इस एकता को अपनाने में मदद करना है।

अनेक धार्मिक नेताओं और विश्व के अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों को इस सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया, जिनमें जगदगुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य स्वामी दिलीप योगीराज, आदरणीय फादर बेंटो रोड्रिग्स, पंडित यादविंदर सिंह , रवि प्रपन्नाचार्य, रब्बी इजेकिल इसाक मालेकर, विवेक मुनि, सैयद फरीद अहमद निज़ामी साहब, महामंडलेश्वर डॉ0 स्वामी प्रेमानंद , महामंडलेश्वर स्वामी देवेन्द्रानंद गिरि, श्री श्री भगवान आचार्य जी और महामंडलेश्वर श्याम चैतन्य पुरी जी शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं में ऑस्ट्रेलिया से किम मैकक्रिस्टेल, स्पेन से जीजस अंगुलो, कोलंबिया से कार्लोस लोज़ानो और अमेरिका से अजीली होडारी ने अपना संदेश दिया।


**राष्ट्रीय रेल संग्रहालय**

**रेल मंत्रालय, भारत सरकार**

**रूचि की अभिव्यक्ति**

राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, रेल संग्रहालयों/कियोस्कों को रेलवे स्वीकृत सोविनियर वस्तुओं की आपूर्ति के लिए स्वयं को 'राष्ट्रीय रेल संग्रहालय पंजीकृत विक्रेताओं' के रूप में पंजीकृत करने के लिए मर्चेंडाइज फैब्रिकेटर्स/कंपनियों/एमएसएमई/स्वयं सहायता समूहों/उद्यमियों से रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। ईओआई सूचना के विस्तृत नियम एवं शर्तें राष्ट्रीय रेल संग्रहालय की वेबसाइट www.nrmindia.org पर देखी जा सकती हैं। फर्मों से सीलबंद लिफाफे में ईओआई प्राप्त करने की अंतिम तिथि **11.03.2024** को **17:30 बजे** तक है।

किसी भी प्रश्न और स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक कंपनियां निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकती है:

**संयुक्त निदेशक का कार्यालय**
**राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021**
**दूरभाष नंबरः** 011-26881826
**ई-मेलः** nrmoffice.india@gmail.com, souvenir.nrm.india@gmail.com

428/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# साइबर सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में प्रमुख पहल

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। तीन दिवसीय डेफसैट 2024 सम्मेलन के अन्तिम दिन एसआईए -इंडिया ने भारत के साइबर लचीलापन को बढ़ाने के लिए सूचना साझाकरण और विश्लेषण केंद्र (आईएसएसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके साइबर सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में प्रमुख पहल की। इस सहयोग का उद्देश्य रक्षा तंत्र को मजबूत करना, सूचना आदान-प्रदान और अंतरिक्ष क्षेत्र में सक्रिय साइबर रक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए अंतरिक्ष संचालन की अखंडता की सुरक्षा करना है। सरकारी निकायों, सशस्त्र बलों, नीति निर्माताओं, उद्योग लीडर्स और राजनयिकों सहित 500 से अधिक हितधारकों की भागीदारी के साथ, लाइव स्ट्रीम के माध्यम से डेफसैट 2024 दूरदर्शी उद्देश्यों के अनुरूप, भारत की साइबर सुरक्षा तैयारियों में प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय के एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। डेफसेट 2024 के समापन दिवस के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में बड़े निवेश की आवश्यकता पर बल देते हुए त्वरित बजट आवंटन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुबंध और अनुदान हासिल करने वाले स्टार्टअप के साथ जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाने के लिए इसमें अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक निजी इक्विटी हित भारत के आकर्षण को रेखांकित करता है। नागरिक और रक्षा क्षेत्रों में एनएवीआईसी का विस्तार रणनीतिक नेविगेशन के लिए जरूरी है। जबकि उपग्रह संचार सुरक्षा के लिए मजबूत क्रिप्टोग्राफिक् प्रोटोकॉल आवश्यक हैं और भारत के क्वांटम संचार स्टार्टअप महत्वपूर्ण प्रगति का मार्ग प्रदान करते हैं। न्यू इमर्जिंग एंड स्ट्रैटेजिक टेक्नोलॉजीज के संयुक्त सचिव महावीर सिंघवी आईएफएस ने एआई, क्वांटम, अंतरिक्ष, हरित हाइड्रोजन और रक्षा क्षेत्रों के महत्व को रेखांकित किया और सभी हितधारकों को सहयोग के लिए आदर्श मंच एसआईए-इंडिया के साथ जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हालिया अंतरिम बजट घोषणा पर प्रकाश डाला, जिसमें सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए समर्थन में उल्लेखनीय वृद्धि का खुलासा किया, अगले दशक के लिए सालाना 2 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त निवेश का वादा किया है।



# एनडीएमसी करेगी ट्यूलिप महोत्सव-2024 का आयोजन

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। पिछले साल जनता से मिली सफलता और सराहना के बाद नई दिल्ली नगरपालिका पालिका परिषद एनडीएमसी इस साल अपने ट्यूलिप फेस्टिवल का दूसरा संस्करण आयोजित कर रही है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद 10 से 21 फरवरी, 2024 तक राजधानी दिल्ली के मध्य में शांति पथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली के लॉन में अपने खिलते ट्यूलिप के साथ वसंत ऋतु का स्वागत करने जा रही है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के ट्यूलिप महोत्सव में आम जनता और फूल प्रेमियों के लिए ट्यूलिप पर एक प्रदर्शनी देखने के लिए ट्यूलिप वॉक, फूलों की सुंदरता से सक्रिय रूप से जुड़े लोगों के लिए फोटो प्रतियोगिता और फूलों की पृष्ठभूमि में संगीत प्रेमियों के लिए एक संगीत कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शामिल होगी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

उप0 मु0 सं0 एवं दू0 अभि0 नि0/सी0 डब्लू0, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड एकल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राईटेरिआ फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के अंबाला डिवीजन में चंडीगढ़ – बद्दी खंड के मध्य नई बड़ी लाइन के सम्बन्ध में, चंडी मंदिर स्टेशन पर दो लाइन के पेनल इन्टरलोंकिंग हेतु संबंधित ब्लॉक कार्य एवं दूरसंचार कार्य सहित सिग्नल एवं दूरसंचार का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1.83 करोड़ (अनुमानित) |
| धरोहर राशि | रु. 2,41,300/– (रुपए दो लाख इकतालीस हजार तीन सौ केवल)/(केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| पूरा होने की अवधि | 8 महिना (अनुबंध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदा कर्ता केवल ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 01.03.2024 को 11.30 बजे तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते है। निविदा दिनांक 01.03.2024 को 11.30 बजे के बाद खोला जाएगा। |
| स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 09.02.2024 से 11.30 बजे दिनांक 01.03.2024 तक IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा दिनांक 16.02.2024 से 01.03.2024 को 11.30 बजे तक निविदा में भाग लिया जा सकता है, निविदा डालने से पहले, निविदा कर्ता जो उपरोक्त वेबसाइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000-के तहत क्लास सी0सी0ए0 III डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नही लिया है) उपरोक्त ई-निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

संख्या : 178-सिग/सी0 डब्लू/32/110 दिनांक : 08.02.2024 429/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"अवैध रूप से भूजल का दोहन करने वालों के खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे अवैध रूप से जलदोहन करने वालों के प्लांटों को सीज करें और आर्थिक दंड भी वसूलें। जिलाधिकारी जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

**इन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी**

## सांवरिया संकीर्तन से मिलेगा श्रीजी गोसदन को 51 लाख

**नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। 11 फरवरी को सेक्टर 21 स्थित नोएडा स्टेडियम में खाटू श्याम की भजन संध्या एक शाम सांवरिया के नाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन भारत विकास परिषद नोएडा द्वारा किया जाएगा। आयोजन के जरिये श्रीजी गोसदन के लिए 51 लाख रुपए जुटाए जाएंगे। यह जानकारी शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भारत विकास परिषद अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के लिए वाटरप्रूफ पंडाल बना है। इसमें भजन सम्राट रवि बेरीवाल व कन्हैया मित्तल खाटू श्याम के भजनों से लोगों को भक्ति में डूबाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में खाटू श्याम मंदिर कमेटी अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व सालासर धाम से जयप्रकाश पुजारी और पहाड़गंज से सुरेश चंद्र गुप्ता भी शामिल होंगे। महासचिव अनुज गुप्ता ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सौ से अधिक सिक्योरिटी गार्ड और तकरीबन 500 वालंटियर तैनात रहेंगे। कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल ने बताया कि इस कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए श्याम की रसोई की व्यवस्था की गई है जिसमें लोग भगवान का भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। मीडिया प्रभारी पंकज जिंदल ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जश्न पूरे देश में लगातार जारी है, इस दौरान एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, राकेश कात्याल, अमरजीत सिंह, अतुल वर्मा, के के बंसल, राजीव अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, राजीव गर्ग, अजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में लिफ्ट एक्ट लागू विधानसभा में सर्व सम्मति से पास

■ **नोएडा, गाजियाबाद अकेले 800 से ज्यादा हाइराइज इमारत** ■ **नोएडा में 16 लाख लोग बेखौफ लिफ्ट का कर सकेंगे प्रयोग**

**नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट गिरने और बंद होने के कारण अक्सर हो रहे हादसों पर उत्तर प्रदेश सरकार गंभीर है। लिफ्ट से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए सरकार ने लिफ्ट एक्ट 2024 को विधानसभा में सर्वसम्मति से पास कर दिया है। यानी प्रदेश में लिफ्ट एक्ट लागू कर दिया गया है। इसमें कई लिफ्ट और एस्केलेटर से संबंधित कई नियम बनाए गए है। ये नियम हो रहे हादसों पर रोक लगाएगा साथ ही लोग भी बेखौफ लिफ्ट में आ जा सकेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा एनसीआर के शहर नोएडा, ग्रेटरनोएडा, ग्रेनो वेस्ट (गौतमबुद्ध नगर) गाजियाबाद, मेरठ को होगा। क्योंकि हाइराइज इमारतों में पहला नंबर गौतमबुद्ध नगर का है। नोएडा और ग्रेटरनोएडा में 309 ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट है। 600 से ज्यादा हाइराइज इमारत है। जिसमें करीब 4.3 लाख फ्लैट बनने है। 2.12 लाख फ्लैट में शहर की आधी से ज्यादा आबादी रह रही है। वहीं गाजियाबाद में करीब 253 हाइराइज इमारत है। जिनमें 1.80 लाख फ्लैट और करीब 7.5 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इन सभी को फायदा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली। जिसके बाद विधानसभा में इस एक्ट को पास कर दिया गया। अब सभी शहरों में इसे लागू कर दिया गया है। यहां बने नियम दोनों यानी जो सोसाइटी बन चुकी है या जो निर्माणाधीन है सभी पर एक समान लागू होगा। बता दे नोएडा में ही विगत कुछ महीनों में लिफ्ट फंसने, गिरने से कई लोगों की मौत हो चुकी है।

## जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने की पहल

जनपद गौतमबुद्धनगर के निवासियों द्वारा विगत कई वर्षों से लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम को लागू किए जाने की मांग को देखते हुए, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने 08 अगस्त 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर, शीघ्र उपरोक्त अधिनियम को लागू किए जाने के लिए एक पत्र प्रेषित किया था। उसके बाद समय-समय पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम को शीघ्र लागू किए जाने के लिए पत्राचार के माध्यम से सरकार और शासन को अवगत कराते रहे। जिसके बाद लिफ्ट एक्ट लागम कर दिया गया।

**अब जानते है क्या लिफ्ट और एस्केलेटर एक्ट के नियम**

लिफ्ट या एस्केलेटर लगाने के लिए स्वामी को संबंधित प्राधिकरण, नगर निगम से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। निजी परिसर और सार्वजनिक परिसर के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन होगा।

लिफ्ट या एस्केलेटर कमीशनिंग पूर्ण होने पर इसके उपयोग से पहले राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी अधिकारी को इसकी सूचना देगा।

एक बार संचालन शुरू होने के बाद वह लिफ्ट या एस्केलेटर का नियमित समय अंतराल पर अनुरक्षण कार्य कराना होगा। साथ ही एएमसी लेनी होगी। साथ ही उसे नियुक्त किए गए अधिकारी के पास जमा करनी होगी।

कोई खराबी आने पर तकनीकी टीम या किसी खराबी के दूर करने की दशा में एएमसी तकनीकी टीम से प्रमाण पत्र लेना होगा इसे अनुरक्षण लॉग बुक में लिखना होगा। इसे मांगे जाने पर अधिकारी के सामने प्रस्तुत करना होगा।

दिन प्रतिदिन के संचालन के दौरान आने वाली तकनीकी खराबी को तुरंत दूर किया जाए। जब तक ऐसी तकनीकी खराबी दूर नहीं होती उस पर उपयोग में नहीं है का डिस्प्ले लगाना होगा।

आपातकालीन स्थिति में किसी के फंसने और सुरक्षित बाहर निकालने के लिए साल में दो बार मॉक ड्रिल अभ्यास कराना होगा।

एक्ट लागू होने के छह महीने के अंदर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करेगा।

**यात्रियों की सुरक्षा के लिए ये है नियम**

लिफ्ट में यात्रियों की सुरक्षा के लिए किसी भी खराबी की स्थिति में अंदर फंसे यात्रियों को बचाने के लिए लिफ्ट या एस्केलेटर में एक स्वाचालित बचाव की युक्ति लगानी होगी।

ये तकनीकी ऐसी होनी चाहिए कि लिफ्ट निकटतम लैंडिंग तल पर पहुंचे और लैंडिंग और केज के दरवाजे खुल जाए।

लिफ्ट में पर्याप्त प्रकाश होना चाहिए।

संचार प्रणाली होनी चाहिए, आपातकालीन घंटी होनी चाहिए।

### नामांकन की अवधि इस प्रकार से होगी

प्रत्येक रजिस्ट्रेशन की अवधि लिफ्ट या एस्केलेटर के संपूर्ण जीवनकाल के लिए होगी। यदि विद्यमान लिफ्ट या एस्केलेटर में कोई परिवर्तन किया जाता है तो नया रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

यदि लिफ्ट को शिफ्ट भी किया जाता है तो उसके लिए नया रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

विनिर्माता द्वारा बताई गई समयावधि के बाद लिफ्ट और एस्केलेटर को अन इनस्टॉल करना होगा।

### दुर्घटना होने की स्थिति में क्या होगा नियम

लिफ्ट या एस्केलेटर के संचालन के दौरान किसी दुर्घटना के परिणामस्वरूप कोई जनहानि या पशु हानि होती है, तो लिफ्ट स्वामी को जिला मजिस्ट्रेट या संबंधित पुलिस थाने में 24 घंटे के अंदर सूचना देनी होगी। इसके बाद बिना तकनीकी रिपोर्ट लिए लिफ्ट का संचालन नहीं किया जाएगा। ये जांच कार्यकारी मजिस्ट्रेट और विद्युत निरीक्षक के द्वारा की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट इसकी जांच के लिए एक समयावधि तय करेगा। इसकी एक अलग लॉग बुक रखी जाएगी।

### अब जानते है नोएडा ग्रेटरनोएडा में हाल ही में हुए हादसे

- दिसंबर 2023 नोएडा के सेक्टर-125 में शुक्रवार को रिवर साइड टावर में लिफ्ट गिरने का मामला सामने आया है। लिफ्ट 8वें फ्लोर से गिरी। इसमें 9 लोग सवार थे। पांच को चोट लगी है। इनको नोएडा के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
- दो नवम्बर को फेस-टू के सेक्टर-110 में यथार्थ अस्पताल में गिर गई। इस लिफ्ट में सामान ले जाने का काम किया जाता था। घटना के दौरान अस्पताल में काम करने वाले चार लोग मौजूद थे। तार टूटने से लिफ्ट झटके से नीचे गिरी।
- 15 सितम्बर ग्रेटर नोएडा में बड़ा हादसा हुआ था। ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट गिरने से नौ मजदूरों की मौत हो गई थी।
- 3 अगस्त को नोएडा के सेक्टर-137 स्थित पारस टियरा सोसाइटी में लिफ्ट गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है।
- अप्रैल में नोएडा के रीजेंटा होटल में ओवरलोडिंग होने से लिफ्ट के टूटने से कुल नौ लोग घायल हो गए। छह लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि तीन लोगों के फ्रैक्चर हो गया था।

सार्वजनिक स्थानों पर संचालित होने वाली लिफ्ट में सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए।

सार्वजनिक लिफ्ट या एक्सलेटर में स्वामी को दुर्घटना के लिए अनिवार्य रूप से बीमा लेना होगा। ताकि यात्रियों को जोखिम कवर मिल सके। ये राशि सरकार द्वारा मानकों के अनुरूप होगी।

सार्वजनिक परिसरों में लिफ्ट और एस्केलेटर दिव्यांगों के अनुकूल होंगे।

## सार संक्षेप

### पूर्व हिस्ट्रीशीटर को अवैध रूप गनर के मामले में लोनी थाना प्रभारी अनिल राजपूत निलंबित



**गाजियाबाद।** लोनी के पूर्व हिस्ट्रीशीटर चाहत राम को अवैध रूप से गनर उपलब्ध कराने के मामले में लोनी थाना प्रभारी अनिल राजपूत को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक चंद यादव ने शुक्रवार को बताया कि निठौरा के चाहत राम पूर्व में हिस्ट्रीशीटर बदमाश रहा है। उनके पास पूर्व में एक गनर था। लोनी कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत ने अपने स्तर से उन्हें गनर मुहैया कराया था। मामला संज्ञान में आने पर गनर को हटा दिया गया था। आपको बता दें कि गौतमबुद्ध नगर में छात्र की पिटाई करके झूठे केस में जेल भेजने का इंस्पेक्टर अनिल कुमार राजपूत पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामला लखनऊ तक पहुंचने पर अनिल राजपूत सहित 10 नामजद व पांच-छह अज्ञात के खिलाफ बीटा दो थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। गाजियाबाद में ट्रांसफर होकर आने पर उन्हें दिसम्बर में ही लोनी का कोतवाल बनाया गया था।

### जिला अध्यक्ष भाजपा विकास चौहान ने गांव चलो अभियान के अंतर्गत किया प्रवास

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने ग्राम भराना विधानसभा स्याना में गांव चलो



अभियान के अंतर्गत 24 घंटे का प्रवास किया। जनपद बुलंदशहर के सभी गांव में भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि प्रत्येक गांव में प्रवास कर रहे हैं। केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत करा रहे हैं। गांव चलो अभियान 13 तारीख तक चलेगा। राम मंदिर का भव्य निर्माण, धारा 370 का हटना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री शहरी व ग्रामीण आवास योजना, भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। ग्राम चलो अभियान में बुगरासी मंडल अध्यक्ष लोकेश लोधी, बुगरासी अध्यक्ष ओम दत्त लोधी, जिला मीडिया प्रभारी संजय माहेश्वरी, जिला कोषाध्यक्ष अनिल गोयल युवा मोर्चा महामंत्री केपी सिंह एवं कार्यकर्ता साथ रहे।

### पुस्ता बंध सड़क के साथ-साथ बसे सेक्टरवासी अंधेरे का शिकार

**नोएडा।** हाईटेक शहर की सड़क पर अंधेरा गांव नंगली वाजिदपुर सेक्टर 135 से गांव



तक बने हुए यमुना पुस्ता बंध सड़क पर रात्रि में अंधेरा रहता है और अंधेरा होने के कारण रात्रि के समय में इस रास्ते पर काम ही लोग चलते हैं क्योंकि इस पुस्ता बांध रोड पर सिंचाई विभाग एवं नोएडा प्राधिकरण के द्वारा पथ प्रकाश की कोई भी व्यवस्था नहीं थी। इसलिए गांव नंगली वाजिदपुर सेक्टर 135 नोएडा से गांव रायपुर सेक्टर 126 नोएडा तक लगभग 11 से 12 किलो मीटर लंबे इस रास्ते पर नोएडा प्राधिकरण से पथ प्रकाश की व्यवस्था कराने के लिए गांव नंगली वाजिदपुर सेक्टर-135 निवासी अशोक चौहान ने आइजीआरएस के मध्य से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उपरोक्त पुस्ता बंध सड़क पर नोएडा प्राधिकरण पथ प्रकाश की व्यवस्था करें।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर आरएलडी के नेताओं में खुशी की लहर

**गाजियाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर राष्ट्रीय






लोकदल के नेताओं में खुशी की लहर है। रालोद नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार भी किया। कवि नगर रामलीला ग्राउंड के पास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू के जनसम्पर्क कार्यालय पर किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर मिठाइयां खिलाकर कर रालोद के वरिष्ठ पदाधिकारी ने खुशियां मनाई गई। इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया आज बहुत खुशी का दिन है कई वर्षों से इस निर्णय का इंतजार था देर आए दुरुस्त आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार करते हैं। इस मौके पर प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान, राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह, पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने चौधरी मौजूद थे।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न मिलने पर राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब की मूर्ति पर माला अर्पण कर मिठाई बैठकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर अरुण चौधरी भुल्लन ने कहा कि एक किसान परिवार में जन्मे चौधरी चरण सिंह ने देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया। हमेशा किसानों के हित की बात करी ।संपूर्ण देश का किशन चौधरी साहब को अपना मसीहा मानता है। भारत रत्न मिलने से संपूर्ण देश के किसानों में खुशी है। इस मौके पर युवा राष्ट्रीय महासचिव सचिन त्यागी, युवा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हिमांशु नागर, लोकेश कटारिया पूर्व महानगर उपाध्यक्ष, अमित बालियान, बिल्ला भाई, ललित चौधरी, रजत धीमान, उपेंद्र चौधरी, दीपू शर्मा, राकेश कुमार, गौरव करोठिया, टीटू सिंह मौजूद रहे।

# मेट्रो टिकट लेने के बाद आधे घंटे की बाध्यता समाप्त

■ **अब पूर बिजनेस ऑवर में सभी उसी टिकट से कर सकते है यात्रा**
■ **ऐप से बुक टिकट पर नया नियम लागू**

**नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा मेट्रो से सफर करने वाले लोगों को लिए अच्छी खबर है। अब टिकट लेने के बाद आधे घंटे में सफर शुरू करने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। लोग मेट्रो स्टेशन के विंडो टिकट और एनएमआरसी के ऐप के जरिए जो भी टिकट बुक करेंगे। बिजनेस आवर के समय वह पूरे दिन में कभी भी टिकट का प्रयोग कर सकते है। वो आसानी से घर से टिकट बुक करे और आराम से स्टेशन आकर यात्रा कर सकते है। इस समय बाध्यता के समाप्त होने से हजारों लोगों को फायदा होगा। नोएडा मेट्रो में विंडो टिकट, बार कोड और ऐप के जरिए टिकट बुकिंग की जा सकती है। आधे घंटे की बाध्यता सभी पर लागू थी। लेकिन अब इस बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। इसे कार्ड के सिमिलर कर दिया गया है यानी जैसे कार्ड से आप यात्रा कर सकते है उसकी तरह जिस दिन आपने टिकट बुक किया उस पूरे दिन बिजनेस ऑवर में प्रयोग कर सकते है। यात्रा को और आसान बनाने के लिए एनएमआरसी और डीएमआरसी एक समान कार्ड लाने की तैयारी में भी है। जिससे दोनों (डीएमआरसी और एनएमआरसी) में एक साथ यात्रा की जा सकती है। इसके सभी टेक्निकल इश्यू को दूर किया जा चुका है। जल्द ही ये कार्ड आ जाएगा। वहीं यात्रा करने के लिए लोग गूगल प्ले स्टोर से नोएडा मेट्रो ऐप अपलोड करके टिकट बुक कर सकते है।

वर्तमान में नोएडा मेट्रो में रोजाना करीब 45881 लोग सफर कर रहे है। इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। तीन नए रूट बन जाने के बाद ये संख्या लाखों में पहुंच जाएगी। इसमें नोएडा सेक्टर-61 से नॉलेज पार्क-2 (ग्रेनो वेस्ट लाइन), बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और तीसरी नोएडा डीपो से बोडाकी लाइन। इन तीनों लाइनों पर जल्द काम शुरू होने के उम्मीद है। इसके बाद यात्रा करने वाले लोगों को और फायदा होगा।

### पांच सालों में इस तरह से बढ़ी राइडर शिप

- 2019 में एवरेज रोजाना 18516 ने सफर किया।
- 2020 में रोजाना 12576 ने सफर किया।
- 2021 में रोजाना 14058 ने सफर किया।
- 2022 में रोजाना 30632 ने सफर किया।
- 2023 में रोजाना 45881 सफर कर रहे है।



## कांग्रेस के जोत से जोत जगाते चलो कार्यक्रम में जुटेंगे पश्चिमी उप्र के कांग्रेस विचार धारा के लोग

**गाजियाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का जोत से जोत जगाते चलो कार्यक्रम शनिवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश के कांग्रेस विचारधारा के तमाम लोग शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गीतकार नीरज के देशभक्ति के गाने बम्बई से आये कलाकार गाकर देश भक्ति की अलख जगाने का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री वी उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव विशाल वशिष्ठ ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में देशभक्ति की अलग जगाना है। प्रसिद्ध गीतकार नीरज के 106 के जन्म दिवस के अवसर उपलक्ष में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

■ **गीतकार नीरज के गीतों पर जगेगी देशभक्ति की अलख**

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पपूर्व मेयर प्रत्याशी पुष्पा रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीर सिंह चौधरी कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी शाकिर अली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे नरेंद्र सिंह त्यागी बबीता गुर्जर अरविंद शर्मा ओम दत्त गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जीडीए ने बेची एक करोड़ 94 लाख की सम्पत्ति

**गाजियाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त व्यवसायिक भूखण्ड, कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, आवासीय भूखण्ड एवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में आयोजित की। जिसमें एक करोड़ 94 लाख की सम्पत्ति बेची गई। नीलामी की कार्रवाई अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मानवेन्द्र सिंह प्रभारी मुख्य अभियन्ता, अरविन्द कुमार नगर नियोजक, विनय कुमार वर्मा सहायक अभियन्ता, योगेन्द्र कुमार लेखाकार, प्रभात कुमार वरिश्ठ सहायक आदि मौजूद थे। उक्त नीलामी में वैशाली योजना



के 1 आवासीय भूखण्ड पर बोली/निविदा के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। उक्त सम्पत्तियों की सर्वोच्च बोली/निविदा के अनुसार प्राधिकरण को लगभग रुपये 1.92 करोड़ की सम्भावित आय होगी।

# अवैध रूप से भूजल दोहन करने वालों ही सख्त करवाई : इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि अवैध रूप से भूजल का दोहन करने वालों के खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे अवैध रूप से जलदोहन करने वालों के प्लांटों को सीज करें और आर्थिक दंड भी वसूलें। जिलाधिकारी जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अवैध रूप से भूजल दोहन करने वालों तथा मुख्य तथ्यों को छुपाकर गलत आवेदन करने वालों पर दण्डात्मक कार्रवाई करते हुए सीज किया जाए। किसी भी प्रकार के नियमों के विरूद्ध भूजल दोहन नहीं होना चाहिए। जिन लोगों का भूजल के लिए पंजीकरण है समय-समय पर वहां जाकर चैक किया जाए कि वे नियमानुसार भूजल दोहन कर रहे हैं या नहीं। यदि नहीं तो उन पर नियमानुसार



■ **अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली 3 कंपनियों पर 5-5 लाख रूपए एवं 20 कंपनियों पर 2-2 लाख रूपए जुर्माना**

कार्रवाई की जाए।

बैठक में पोर्टल पर नोटीफाइड क्षेत्र के एनओसी निर्गमन हेतु एमएसएमई श्रेणी के 7 एनओसी आवेदन, एमएसएमई श्रेणी के 15 कूप पंजीकरण आवेदन एवं एनओसी नवीनीकरण श्रेणी के 11 आवेदनों सहित कुल 33 आवेदनों पर विचार किया गया। जिनमें से 24 आवेदन स्वीकृत एवं 09 आवेदनों पर अस्वीकृत की कार्रवाई की गई। बैठक में अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली 3 कंपनियों पर 5-5 लाख रूपए एवं 20 कंपनियों पर 2-2 लाख रूपए जुर्माना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने एवं शर्तों का अनुपालन न करने वाली कंपनियों पर कार्रवाई एवं गोद लिए तालाबों का जीर्णोद्धार न करने के कारण तालाबों की लागत मूल्य के बराबर पेनाल्टी लगाने, साथ ही बिना अनुमति अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली कम्पनियों/संस्था/फर्म को सीज करने एवं नियमानुसार दण्ड की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, ग्रावापोर्टल के नोडल अधिकारी हरिओम, नोडल अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण भारत भूषन, सहायक आयुक्त उद्योग जिला उद्योग विकास यादव, जिला उद्यान अधिकारी निधि सिंह समेत सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# शहर को सेफ सिटी बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने सेफ सिटी के अंतर्गत कैमरा इंटीग्रेशन तथा गाजियाबाद 311 ऐप के बारे में जानकारी देने के लिए नेहरू नगर में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कहा कि शहर को सेफ सिटी बनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा कि शासन की जनहित योजनाओं में शहर वासी सहयोग करें। जिलाधिकारी ने कैमरा इंटीग्रेशन के कार्य में अपना कदम आगे बढ़ाने के लिए कहा साथ ही उपस्थित जनसमूह को शासन की योजनाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए भी उत्साहित किया। शहर में चल रहे सरकार के कार्यों में शहर वासियों को लाभ मिलेगा इस प्रकार उत्साहित करते हुए गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मलिक ने बताया कि जनहित में शासन की योजनाओं पर लगातार गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहर के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, व्यापारी बंधु, बैंकर्स, स्कूल तथा कॉलेज के प्रबंधक, प्रतिष्ठान, डिजिटल वालंटियर फोर्स, गाजियाबाद सिविल डिफेंस टीम, गाजियाबाद टीम 100 व अन्य कई सामाजिक संस्थाओं के वालंटियर व शहर के गन माननीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर को सेफ बनाने के लिए तथा शहर वासियों की सुविधा के दृष्टिगत कैमरा इंटीग्रेशन का कार्य किया जा रहा है। गाजियाबाद 311 ऐप शहर निवासियों की निगम से संबंधित मूलभूत सुविधा पूर्ण करने के लिए लाया जा रहा है, जिसमें 66 प्रकार की निगम संबंधित जन शिकायतों का निस्तारण हो सकेगा उपस्थित जनों को जागरूक किया गया प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, वेस्ट सेग्रीगेशन में विशेष सहयोग करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में डीसीपी शुभम पटेल, टीपीएस त्यागी, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल,उद्यमी अरुण शर्मा भी उपस्थित हुए।



■ **कैमरा इंटीग्रेशन तथा गाजियाबाद 311 ऐप को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित**
■ **शासन की जनहित योजनाओं में शहर वासी करें सहयोग नगर आयुक्त ने की अपील**

उवाच "

कुछ कालोनाइजर बिसरख के खसरा नंबर 814 की लगभग 12 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वर्क सर्किल तीन के प्रबंधक प्रशांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को रुकवा दिया। टीन से की गई फेंसिंग को हटा दिया।

**हिमांशु वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परियोजना विभाग ओएसडी**

# कैपिटल ज़ोन

## दो सौ करोड़ जमा करे तो जेपी ग्रुप की स्पोर्ट्स सिटी परियोजना हो सकेगी बहाल

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। जेपी एसोसिएट्स की स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का आवंटन बहाल कराने के लिए यमुना प्राधिकरण ने एक और प्रस्ताव दिया है। कंपनी 200 करोड़ रुपए जमा कराकर

- **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने जेपी एसोसिएट्स को दिया प्रस्ताव**
- **यमुना प्राधिकरण 1044 करोड़ रुपए बकाया के चलते स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का आवंटन कर चुका रद्द**

आवंटन बहाल करा सकती है। बाकी पैसा किस्तों में देना होगा। वहीं, इस मामले को लेकर शुक्रवार को बैंकों के कंसोर्सियम ने यमुना प्राधिकरण के अफसरों से मुलाकात की।

यमुना प्राधिकरण ने जेपी एसोसिएट्स की उप कंपनी जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स को 1000 हेक्टेयर स्पेशल डेवलपमेंट जोन के लिए जमीन आवंटित की थी। यहां स्पोर्ट्स सिटी लांच की गई। यहां बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट व क्रिकेट ग्राउंड भी बना हुआ है। एसडीजेड प्रोजेक्ट में 14 आवासीय परियोजनाएं हैं। जेपी ने इनको जमीन दी है। इसमें करीब नौ हजार खरीदार फंसे हैं। जेपी पर जमीन आवंटन का करीब 1044 करोड़ रुपए बकाया है। बकाया पैसा नहीं जमा करने पर यमुना प्राधिकरण ने दिसम्बर 2019 में इसका आवंटन रद्द कर दिया था। इसके बाद जेपी समूह इसके विरोध में अदालत चला गया। अदालत में अभी मामला लंबित है। प्राधिकरण की पिछली बोर्ड बैठक में एक प्रस्ताव रखा गया। प्राधिकरण के बोर्ड ने कहा कि इस मामले में जेपी समूह पहले 200 करोड़ रुपये जमा करे। इसके बाद जितना बकाया जमा होगा, उसी के सापेक्ष आवंटन बहाल किया जाएगा। इससे वह अपनी जमीन बेचकर पैसा देता रहेगा। साथ ही इस मामले में अदालत का जो फैसला आएगा, उसका अनुपालन किया जाएगा। आवंटन बहाल होते ही इस परियोजना अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लाभ मिल जाएगा। वहीं, इस परियोजना पर बैंकों ने जेपी ग्रुप को ऋण दे रखा है। शुक्रवार को आईसीआईसीआई और एसबीआई के अधिकारियों ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह से मुलाकात की। बैंक अधिकारियों ने परियोजना का स्टेटस जाना। यह भी जानने का प्रयास किया कि उनका पैसा किस तरह से वापस हो सकता है। सीईओ ने कहा कि वह आवंटन बहाल के लिए तैयार हैं। अब जेपी ग्रुप को आगे बढ़ना है।

## नोएडा एयरपोर्ट के मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को लेकर हुआ मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से साल के अंत तक विमान उड़ान भरने लगेंगे। उससे पहले एयरपोर्ट को रेलवे, मेट्रो, सड़क, बस आदि से जोड़ने को लेकर प्रयास तेज हो गया। शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल

- **नोएडा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट के कनेक्टिविटी को लेकर विभिन्न विभाग के अधिकारियों की साइट पर हुई बैठक**

एयरपोर्ट जेवर की मल्टी मोडल कनेक्टिविटी को एयरपोर्ट साइट पर सम्बंधित एजेंसियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारिओं ने चोला से जेवर एयरपोर्ट और जेवर एयरपोर्ट से रुंधी रेलवे स्टेशन को जोड़ने के सम्बन्ध में किये गए अध्ययन को प्रस्तुत किया। एनसी आरटीसी के अधिकारियों ने आईजीआई एयरपोर्ट को जेवर एयरपोर्ट को रैपिड रेल से जोड़ने हेतु तैयार किये जा रहे डीपीआर के सम्बन्ध में प्रगति से अवगत कराया। एनएचएआई के अधिकारियों ने एयरपोर्ट हेतु बनाये जा रहे इंटरचेंज और दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस से जोड़ने के लिए किए जा रहे निर्माण की रिपोर्ट प्रस्तुत किया। प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम ने बसों से विभिन्न स्थानों को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने हेतु योजना से अवगत कराया। अधिकारियों ने रनवे, टर्मिनल के निर्माण आदि कार्य का भी निरीक्षण किया। एयरपोर्ट के विकासकर्ता कंपनी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पूरे मास्टर प्लान और कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में अवगत कराया।.

बैठक में डायरेक्टर सिविल एविएशन कुमार हर्ष, नोएडा इंटर्नेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफिसर





शैलेंद्र भाटिया, कंसेशनयर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन, सीडीओ निकोलस, सीईओ क्रिस्टोफ शैलमन, एन एच ए आई के वीके जोशी, उत्तर मध्य रेलवे से अजय कुमार, एनसीआरटीसी से समीर शर्मा, प्रवन्ध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर आदि लोग मौजूद थे।

## नोएडा एयरपोर्ट के तीसरे-चौथे चरण जमीन अधिग्रहण को समाजिक समाघात रिपोर्ट को मिली मंजूरी

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। जेवर एयरपोर्ट परियोजना के तीसरे-चौथे चरण की अधिग्रहीत की जाने वाली 2053 हेक्टेयर जमीन के लिए किए गए सोशल इंपैक्ट असेसमेंट की रिपोर्ट को मंजूरी मिल गई। इस चरण में छह गांवों के करीब 8600 परिवार विस्थापित होंगे। अब यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शासन की मुहर के बाद अगली कार्रवाई शुरू की जाएगी।

- **तीसरे-चौथे चरण के लिए 2053 हेक्टेयर जमीन का किया जा रहा है अधिग्रहण**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर परियोजना के तीसरे-चौथे चरण के लिए 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। इसमें करीब 1888 हेक्टेयर जमीन किसानों की है और 165 हेक्टेयर जमीन सरकारी है। अधिग्रहण में करीब 6300 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अधिग्रहण इसके लिए सोशल इंपैक्ट असेसमेंट (एसआईए) किया गया। यह काम गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने किया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार मिश्रा की अगुवाई में यह रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट को लेकर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ समूह की बैठक चेयरपरसन डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्वत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रिपोर्ट के सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। अब यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। शासन की मुहर लगने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। तीसरे-चौथे चरण में 14 गांवों की जमीन खरीदी जानी है। इसमें करीब 12 हजार परिवार प्रभावित होंगे। जबकि 8600 परिवारों को विस्थापित होना पड़ेगा। इन गांवों में 6258 निर्माण हैं, जो हटाने पड़ेंगे।

### सार संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा से रालोद में खुशी



**ग्रेटर नोएडा।** किसानों मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और भारत सरकार को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना देश के किसानों का सम्मान है। इस सम्मान से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं में बहुत खुशी है। इस दौरान एडवोकेट इंद्रवीर भाटी, अजीत सिंह दौला, हरवीर सिंह तालान, मनवीर भाटी, गजेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सिद्धू, वीरेंद्र पूनिया, जोगेंद्र सिंह तालान, देवेंद्र सिंह वासवानी, नीरज मुखिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा 12 फरवरी से शुरु करेगी ग्राम परिक्रमा यात्रा

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा आगामी 12 फरवरी से 5 मार्च तक ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरु कर रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ठा. विमल सिंह पुण्डीर ने बताया कि किसान यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद किया जाएगा एवं उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान किसानों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस दौरान ग्राम चौपाल, ग्राम प्रवास करेंगे, इस दौरान गाय व हल ट्रैक्टर का पूजन करेंगे व मंदिर परिक्रमा कर ग्राम यात्रा को पूरा करेंगे।

## बिसरख गांव में ग्रेनो प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त



- **प्राधिकरण ने बिसरख में अवैध निर्माण को रुकवाया, कॉलोनाइजर के खिलाफ पुलिस में तहरीर**

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण ने शुक्रवार को बिसरख में कार्रवाई की। कुछ कालोनाइजर प्राधिकरण की जमीन पर कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण की टीम ने उन्हें रोक दिया। टीन से की गई फेंसिंग हटा दी। इस कार्रवाई का विरोध करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए बिसरख थाने में तहरीर दे दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि कुछ कालोनाइजर बिसरख के खसरा नंबर 814 की लगभग 12 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वर्क सर्किल तीन के प्रबंधक प्रशांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को रुकवा दिया। टीन से की गई फेंसिंग को हटा दिया। कालोनाइजर इस कार्रवाई का विरोध करने लगे। प्राधिकरण ने इन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दे दी है। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति ने अवैध कब्जे की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने आईएचजीएफ मेले का किया दौरा

- **प्रदर्शकों से किया संवाद और प्रदर्शित उत्पादों की विविधता और सुरुचिपूर्ण ढंग से उनके प्रदर्शन और आकर्षण की सराहना की**
- **डिजिटल मार्केटिंग और साइबर सुरक्षा रुझान जैसे सामयिक मुद्दों पर सेमिनार आयोजित**
- **रैंप शो प्रदर्शित संग्रहों के लिए सराहना बटोरने के साथ ही जारी सोर्सिंग को किया**





**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। आईएचजीएफ दिल्ली मेला- इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई मामले, निवेश प्रोत्साहन मामलों के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने आईएचजीएफ दिल्ली मेले में शामिल हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री नन्दी ने हस्तशिल्प क्षेत्र की ताकत को प्रदर्शित करने वाली असाधारण प्रस्तुति के लिए ईपीसीएच को हार्दिक बधाई दी। प्रदर्शकों के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों की विविध श्रृंखला की तारीफ की। उन्होंने नवाचार के हिसाब से बने उत्पादों को विशेष रूप से उल्लेखनीय बताया क्योंकि वे मैन्यूफैक्चरिंग में भारत की दक्षता का प्रदर्शन करते है। साथ ही ये उत्पाद त्रुटिहीन होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय रुझानों से मेल खाते हैं। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि पहले तीन दिनों के दौरान अच्छी संख्या में खरीदारों ने मेले का दौरा किया और मेले में अपने नियमित और नए आपूर्तिकर्ताओं के साथ ऑर्डर देने में अपनी रुचि साझा की। कई पुराने और नए खरीदार हमारे आयोजन का हिस्सा बने हैं। यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारे क्रेताओं और संरक्षकों की अगली पीढ़ी आईएचजीएफ दिल्ली मेले के साथ अपनी सोर्सिंग यात्रा शुरू कर रही है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट हमारे हस्तशिल्प उद्योग के दूसरी और तीसरी पीढ़ी के निर्यातकों के साथ इन युवा खरीदारों के बीच नए व्यापारिक संबंधों की शुरुआत का गवाह है। इस तरह हमारा वैश्विक परिवार बढ़ रहा है।

## श्री हनुमानजी की मूर्ति स्थापना के साथ कुश्ती दंगल का होगा आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। चौरी फाउंडेश ट्रस्ट जहांगीरपुर स्थित बूढ़ा बाबा मैदान में श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना आगामी 22 फरवरी को करने जा रहा है, इससे पहले 12 फरवरी को कुश्ती दंगल व रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर ट्रस्ट के संस्थापक आनन्द नागर ने ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि मूर्ति स्थापना के अवसर पर नगर भ्रमण के साथ कलश यात्रा व झांकिया निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। कुमार जयंत ने बताया कि जिला स्तरीय कुश्ती में जिले के पहलवान हिस्सा लेगें। इस दौरान विजयी पहलवानों को 31 हजार, 20 हजार व 15 हजार का इनाम दिया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रागिनी का आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

## दादरी विधायक ने विधान सभा में किसानों की समस्या निस्तारण को रखा

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2024-25 के समर्थन में दादरी के विधायक मास्टर तेजपाल सिंह नागर ने विधान सभा में सम्बोधित किया। उन्होंने मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का धन्यवाद करते हुए विकासपरक बजट बताया। उन्होंने किसान के उत्थान, युवा और महिला सशक्तीकरण के लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक तेजपाल नागर ने गौतम बुद्ध नगर जिले की पिछले कार्यकाल में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत बिल्डर बायर्स रजिस्ट्री की समस्या को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने तीनों प्राधिकरण के अंतर्गत प्रभावित किसानों की समस्या को शीघ्र निस्तारण के लिए मांग उठायी है। इस दौरान ग्रेटर नोएडा में शुद्ध गंगाजल जल्द पहुंचने को लेकर साथ ही दादरी विधान सभा क्षेत्र में एनटीपीसी की सड़क चौड़ीकरण के साथ सीवर डलवाने की मांग रखी। इस दौरान तेजपाल नागर ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र



- **उत्तर प्रदेश सरकार के बजट के समर्थन में विधान सभा को किया सम्बोधित**

करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया। उनहोंने कहा कि हमारे लोगों का बलिदान व साधु संतों की तपस्या सफल हुई है। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से आज हमारा देश फिर से विश्व गुरु के रुप में आ रहा है। उन्होंने कहाकि जेवर में बन रहा हवाई अड्डा योजनाओं की दशा और दिशा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश का स्वरुप बदल रहा है, यह हवाई अड्डा विकास का इंजन होगा।

## दुष्कर्म आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली, गिरफ्तार

**रबूपुरा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाला अभियुक्त पुलिस की गोली के निशाने पर आ गया। पुलिस की पिस्टल छीन फायरिंग कर रहा आरोपी जबाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है। उधर कार्रवाई की मांग को लेकर सैकड़ो ग्रामीण कस्बा स्थित गोल चक्कर पर पहुंच प्रदर्शन करने पहुंचे तो पुलिस व ग्रामीणों के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। जिससे गुस्साए लोगों ने कोतवाली का घेराव कर जमकर हंगामा किया और आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करने लगे। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामला बढ़ता देख पुलिस बेकपुट पर आ गई और लोगों को बामुश्किल समझा बुझा कर कठोरात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामला शांत कराया। पुलिस अनुसार कस्बा निवासी मजदूर व्यक्ति की 3 वर्षीय



बच्ची को पड़ोस के ही रहने वाला युवक बहला फुसलाकर खेतों में ले जाकर दुष्कर्म किया। सूचना मिलने पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज शिकायत अनुरूप मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी थी। बताया जाता है सीसीटीवी व इंटेलिजेंस के जरिये पुलिस आरोपी राहुल गौतम पुत्र ओमप्रकाश निवासी गुलिस्तां कालोनी रबूपुरा तक पहुंच गई और गिरफ्तार कर लिया।

## वैभव के परिजनों से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया मिले

**दनकौर,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। बिलासपुर कस्बे में नाबालिग बच्चा वैभव की हत्या के बाद अभी तक शव नहीं मिला है। परिजन सैकड़ो लोगों के साथ पुलिस की कार्यशैली के विरोध में पुलिस चौकी के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे है। धरनास्थल पर स्थानीय प्रतिनिधि नही पहुंचने के चलते लोगों में रोष है। शुक्रवार को परिजन अचानक प्रतिनिधि व पुलिस के खिलाफनारेबाजी करते हुए करीब 20 मिनट के लिए फिर दनकौर सिकंदराबाद रोड़ पर बैठ गए। जिससे वाहनों का आवागमन भी रुक गया। हालांकि बाद में खुद ही रोड़ से हटकर धरनास्थल पर वापस चले गए। इसके बाद धरनास्थल से ऐलान किया गया कि शव बरामद नहीं होने पर 13 फरवरी को उग्र प्रदर्शन होगा। परिजनो ने पुलिस कमिश्नर को भी धरनास्थल पर आने की बात उठाई। साथ ही बिलासपुर बाजार पूरी तरह बंद रहा, लेकिन दनकौर, रबूपुरा व जेवर आदि बाजार खुले रहे। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर परवीन तोगड़िया बिलासपुर एक कार्यक्रम पहुंचे थे। धरनारत परिजनों ने उन्हें धरनास्थल पर आने की मांग की। तोगड़िया ने परिजनों को कार्यक्रम में बुलाकर मुलाकात की और मुख्यमंत्री के समक्ष उनकी समस्या रखने का आश्वासन दिया। लेकिन परिजनों में उनके धरनास्थल पर ना आने को लेकर गुस्सा था।

- **बिलासपुर कस्बे में बाजार बंद कर तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे व्यापारी**



## आइजीआरएस पोर्टल पर मिले शिकायतों के निस्तारण के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। आइजीआरएस पोर्टल पर मिले शिकायतों का प्रमुखता पर निस्तारण कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के सभागार में आइजीआरएस पोर्टल को लेकर पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ने प्रशिक्षण में सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि आइजीआरएस पोर्टल सरकार का महत्वपूर्ण पोर्टल है, इस पर जन सामान्य के द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं



और अधिकारियों के माध्यम से उनका निस्तारण किया जाता है, उनकी मॉनिटरिंग शासन स्तर पर की जाती है। इसलिए अधिकारी गण प्रशिक्षण में आइजीआरएस पोर्टल के संबंध में सभी जानकारी गहनता से प्राप्त कर लें, ताकि आइजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक रूप से समयबद्धता तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी अधिकारी के द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कोई भी शिथिलता बरती जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गयी। प्रशिक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर,प्रभारी आइजीआरएस पोर्टल चारुल यादव, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद तथा सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वैज्ञानिक नवाचार और कौशल विकास में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में प्रगति पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में सेकंड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कटिंग ईडीजीई टेक्नॉलॉजीज (आईसीसीईटी-2024) को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। जिसमें रिसेंट एडवांसमेंट इन कटिंग ईडीजीई टेक्नोलॉजी इन साइंटिफिक इन्नोवेशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट ऑफ स्टूडेंट एण्ड स्कॉलर्स के मुद्दे पर चर्चा की गई। सम्मेलन में अतिथि के रूप में पूर्व वाइस चांसलर जामिया हमदर्द के डॉ. एसएच अंसारी, एमेरिटस के प्रोफेसर डॉ. गोविंद मोहन, अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन फरीदाबाद के प्रिंसिपल डॉ. बी.के. मिश्रा, एमवीएम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ अरूण गर्ग, बीएस अनंगपुरिया इंस्टीट्यूट के डॉयरेक्टर डॉ. आर के खेर उपस्थित रहे।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जेवर बांगर, उपतहसील रेनवाल माजी तहसील माधोराजपुरा जिला जयपुर ग्रामीन राजस्थान पर पत्रांक कमांक/एल.आर./23/295 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त सत्यापित वारिसान प्रमाण में मृतक भगवत प्रसाद शर्मा पुत्र नानक चन्द शर्मा निवासी मूलतः जयपुर की मृत्यु दिनांक 22.09.2018 तथा दयावती पत्नी भगवत प्रसाद शर्मा की मृत्यु दिनांक 11.06.2023 को हो चुकी है जिसके स्थान पर वर्तमान वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| कम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेवर बांगर | 492 | भगवत प्रसाद शर्मा पुत्र नानक चन्द शर्मा व दयावती पत्नी भगवत प्रसाद शर्मा निवासी मूलतः जयपुर | श्री विक्रम प्रताप शर्मा | पुत्र | 54 वर्ष |
| | | | | श्री रजनीश शर्मा | पुत्र | 51 वर्ष |
| | | | | श्री कृष्ण कान्त शर्मा | पुत्र | 48 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310, जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सैक्टर/ग्राम-खोदनाखुर्द की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.एच.ओ.27, भूखण्ड संख्या-15, पाकेट-ए, क्षेत्रफल-820 वर्ग मीटर श्री महाराज सिंह पुत्र श्री शाहमल, निवासी-ग्राम-किराचपुर उर्फ कैलाशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री महाराज सिंह पुत्र श्री शाहमल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री फतेह सिंह, विजय सिंह पुत्रगण स्व० श्री महाराज सिंह व श्रीमती जयवती पत्नी स्व० श्री जय प्रकाश व श्रीमती ज्ञानवती पत्नी स्व० कैलाश चन्द पुत्रबधु स्व० श्री महाराज सिंह, श्रीमती किरनवती (विवाहित), श्रीमती संतरा देवी (विवाहित), श्रीमती इमरती देवी (विवाहित), श्रीमती मुनेश देवी (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री महाराज सिंह व मनीष कुमार, नवीन कुमार, विपिन कुमार, प्रवीण कुमार पुत्रगण स्व० श्री जय प्रकाश व श्रीमती सीमा देवी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री जय प्रकाश, व श्री दीपक कुमार, नीरज कुमार, राहुल पुत्रगण स्व० श्री कैलाश चन्द, श्रीमती पुनम पुत्री स्व० श्री कैलाश चन्द पौत्रगण/पौत्रीगण स्व० श्री महाराज सिंह, निवासी-ग्राम-किराचपुर उर्फ कैलाशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री फतेह सिंह, विजय सिंह पुत्रगण स्व० श्री महाराज सिंह व श्रीमती जयवती पत्नी स्व० श्री जय प्रकाश व श्रीमती ज्ञानवती पत्नी स्व० कैलाश चन्द पुत्रबधु स्व० श्री महाराज सिंह, निवासी-ग्राम-किराचपुर उर्फ कैलाशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस सर्वश्री फतेह सिंह, विजय सिंह पुत्रगण स्व० श्री महाराज सिंह व श्रीमती जयवती पत्नी स्व० श्री जय प्रकाश व श्रीमती ज्ञानवती पत्नी स्व० कैलाश चन्द पुत्रबधु स्व० श्री महाराज सिंह, निवासी-ग्राम-किराचपुर उर्फ कैलाशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (कृषक आबादी)**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अभिमत

*युवा और गरीब तब तक हाशिए पर और वंचित रहेंगे जब तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर खर्च में भारी वृद्धि नहीं होती है एवं बड़े पैमाने पर उत्पादक रोजगार का सृजन नहीं होता है। संयोग से 80 करोड़ लोगों यानी लगभग 60 फीसदी आबादी को मुफ्त अनाज वितरण भी एक प्रकार की चैरिटी है तथा उत्पादक रोजगार का सृजन कहीं बेहतर विकल्प है। महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को समझना जटिल है। महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी पुरुष अधीनता की जड़ें पितृसत्तात्मक व्यवस्था में हैं। समग्र रूप से महिलाओं की कम भागीदारी दर और श्रम बाजार में उनकी दीन-हीन स्थिति श्रम के पितृसत्तात्मक विभाजन से उत्पन्न होती है।*

## विकसित भारत के लिए चाहिए विकास की नयी राह



डॉ.इंदिरा हिरवे

2024-25 का केंद्रीय बजट दो मायनो में महत्वपूर्ण है- 1. वित्तमंत्री ने पिछले दस वर्षों की इस सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और

2. आगामी चुनावों में पार्टी के सत्ता में लौटने की स्थिति में इसने एक विकसित देश के रूप में भारत के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण की शुरुआत इस धमाकेदार दावे के साथ की कि 'पिछले दस वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में गहन सकारात्मक परिवर्तन' हुआ है और जिसमें 'समाज के सभी वर्गों के कवरेज के माध्यम से सामाजिक समावेशिता' तथा 'देश के सभी क्षेत्रों के विकास के माध्यम से भौगोलिक समावेशिता' का उल्लेख था। हमारी अर्थव्यवस्था की यह अत्यधिक रंगीन तस्वीर ज्यादातर मायनों में तथ्यात्मक रूप से गलत है। कई विशेषज्ञों ने नीति आयोग के इस दावे को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है कि आर्थिक मंदी के दौरान बहुआयामी गरीबी में कमी आई है। विशेषज्ञों ने बताया है कि गरीबी वास्तव में बढ़ी है!

चूंकि 2011-12 से उपभोग व्यय के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं इसलिए वित्त मंत्री द्वारा दावा की गई गरीबी के हेडकाउंट अनुपात में गिरावट भी गलत है। आप उपभोग व्यय संबंधी आंकड़ों के बिना गरीबी अनुपात की गणना नहीं कर सकते। यह दावा भी तथ्यात्मक रूप से गलत है कि श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि उनके सशक्तिकरण को दर्शाती है क्योंकि यह वृद्धि मुख्य रूप से उनके स्वरोजगार में है और इसका मतलब है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की पैठ बढ़ी है। सबसे पहले तो सरकार द्वारा महामारी को संतोषजनक ढंग से संभाला नहीं गया था जिसकी शुरुआत अचानक लगाए गए विचारहीन लॉकडाउन से हुई जिसके कारण हजारों गरीब असहाय प्रवासियों को अपने घर तक पहुंचने के लिए सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। और भी कई अन्य गलतियां हुईं उनमें जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब ऑक्सीजन सिलेंडर की भारी कमी भी शामिल हैं। अंत में, रोजगार के मोर्चे पर भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इस प्रकार सरकार द्वारा किए गए अधिकांश दावों को चुनौती दी जा सकती है। बजट का फोकस गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं किसानों पर है जो वाजिब और वांछनीय है। हालांकि, बजट का विवरण इस फोकस को प्रतिबिंबित नहीं करता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सरकार की समग्र जीडीपी-केंद्रित रणनीति इन चार क्षेत्रों को खुद-ब-खुद मदद नहीं करेगी।

**बजट का फोकस गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं किसानों पर है जो वाजिब और वांछनीय है। हालांकि, बजट का विवरण इस फोकस को प्रतिबिंबित नहीं करता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सरकार की समग्र जीडीपी-केंद्रित रणनीति इन चार क्षेत्रों को खुद-ब-खुद मदद नहीं करेगी। गरीबों व युवाओं के लिए विशेष रूप से रोजगार-केंद्रित रणनीति की आवश्यकता है जो शिक्षा और कौशल निर्माण से समर्थित हो।**

गरीबों व युवाओं के लिए विशेष रूप से रोजगार-केंद्रित रणनीति की आवश्यकता है जो शिक्षा और कौशल निर्माण से समर्थित हो। बड़े पैमाने पर उत्पादक रोजगार का सृजन समावेशी विकास तक पहुंचने का सुनिश्चित तरीका है। हमारी 79 प्रतिशत साक्षरता (21फीसदी निरक्षरता) और लगभग 30-35 प्रतिशत आबादी माध्यमिक स्तर तक शिक्षित है। यह कार्यबल भारत की मुख्यधारा की विकास प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम नहीं है।

युवा और गरीब तब तक हाशिए पर और वंचित रहेंगे जब तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर खर्च में भारी वृद्धि नहीं होती है एवं बड़े पैमाने पर उत्पादक रोजगार का सृजन नहीं होता है। संयोग से 80 करोड़ लोगों यानी लगभग 60 फीसदी आबादी को मुफ्त अनाज वितरण भी एक प्रकार की चैरिटी है तथा उत्पादक रोजगार का सृजन कहीं बेहतर विकल्प है।

महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को समझना जटिल है। महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी पुरुष अधीनता की जड़ें पितृसत्तात्मक व्यवस्था में हैं। समग्र रूप से महिलाओं की कम भागीदारी दर और श्रम बाजार में उनकी दीन-हीन स्थिति श्रम के पितृसत्तात्मक विभाजन से उत्पन्न होती है जिसके तहत महिलाएं परिवार में अवैतनिक घरेलू काम और बच्चे, बूढ़े, बीमार एवं विकलांग की अवैतनिक देखभाल के लिए जिम्मेदार होती हैं। उन पर श्रम बाजार में पितृसत्तात्मक कई मानदंडों द्वारा भी प्रतिबंध लगे होते हैं। घरेलू स्तर पर श्रम का विभाजन पुरुषों को परिवार के लिए ब्रेडविनर की भूमिका आबंटित करता है तथा महिलाओं को घर का कामकाज संभालने की जिम्मेदारी सौंपता है। मतलब यह कि महिलाएं घर के रखरखाव (परिवार के लिए सफाई, धोना, खाना बनाना आदि) और घर में बच्चे, बूढ़े, बीमार व विकलांगों की देखभाल करने की जिम्मेदारी उठाती हैं। यहां तक कि जब उन्हें काम पर नियुक्त किया जाता है तो उस स्थिति में भी यह घर की महिला होती है जो घर के रखरखाव और देखभाल के लिए जिम्मेदार होती है।

नतीजा यह होता है कि महिलाएं या तो श्रम बाजार में प्रवेश नहीं करती हैं अथवा वे अपने कंधों पर घरेलू जिम्मेदारी के साथ प्रवेश करती हैं। श्रम बाजार में लैंगिक असमानता श्रम बाजार के प्रवेश द्वार से ही शुरू होती है। कम मानव पूंजी एवं श्रम बाजार में प्रतिबंधित गतिशीलता के साथ, पितृसत्तात्मक मानदंडों की वजह से श्रम बाजार में उनकी पसंद भी लिंग आधारित है। इसी कारण वे घर के करीब काम करना पसंद करती हैं, अंशकालिक या लचीला काम पसंद करती हैं व कार्यस्थल पर एक सुरक्षित वातावरण चाहती हैं। आम तौर पर वे पारंपरिक, कम उत्पादकता वाली नौकरियों में भीड़-भाड़ वाले स्थान होते हैं। विशेष रूप से हमारे जैसे पारंपरिक देश में महिला की स्थिति आमतौर पर अधीनस्थ की होती है।

अगर सरकार चाहती है कि महिलाएं सशक्त हों और श्रम बाजार में भी प्रवेश करें तो उन्हें पहले अवैतनिक काम में कमी के लिए काम करना होगा। यह प्रौद्योगिकी में सुधार करके सुनिश्चित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, लकड़ी का उपयोग करके पारंपरिक चूल्हों के स्थान पर खाना पकाने के लिए ईंधन कुशल स्टोव प्रदान करना, अवैतनिक कार्य को कम करने के लिए संरचनात्मक सहायता प्रदान कर घर पर पानी की आपूर्ति करना, बाल, विकलांग या वृद्धों की देखभाल जैसे अवैतनिक कार्य के एक हिस्से को मुख्यधारा के संस्थानों में स्थानांतरित करके ऐसा किया जा सकता है।

अवैतनिक कार्य का एक हिस्सा व्यवसायिक संस्थानों, जो बाल देखभाल और अन्य देखभाल के लिए शुल्क लेते हैं या नागरिक समाज संगठनों द्वारा प्रदान किया जा सकता है। ये कदम महिलाओं को काफी हद तक अवैतनिक कार्य के बोझ से मुक्त करेंगे, उन पर समय के तनाव को कम करेंगे ताकि वे नए कौशल प्राप्त कर सकें अथवा उत्पादक कार्यों में भाग ले सकें। श्रम बाजार में लैंगिक समानता लाने के लिए सरकार को महिलाओं की शिक्षा व कौशल स्तर में सुधार के लिए एक बड़ा जंप लेना होगा।

दुर्भाग्य से भारत सरकार, महिलाओं की अधीनस्थता और श्रम बाजार में महिलाओं की कम भागीदारी तथा निम्न स्थिति में अवैतनिक कार्य तथा सामाजिक मानदंडों की भूमिका को मान्यता नहीं देती है। इसने महिलाओं की वास्तविक बाधाओं को दूर करने के बारे में कोई नीति नहीं बनाई है। सरकार को यह समझना चाहिए कि कमजोर वर्गों की महिलाओं पर उनके अवैतनिक काम को कम किए बिना श्रम बाजार में अधिक काम करने का बोझ डालने से उनके सशक्तिकरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

जहां तक हमारे देश को विकसित भारत की ओर ले जाने की कार्यनीति का संबंध है, यदि हम इसी विकास पथ पर चलते रहेंगे तो उससे देश में समावेशी और सर्वव्यापी विकास प्राप्त करने में मदद नहीं मिलेगी। 'सबका साथ' तभी होगा जब कोई हमारी आबादी के अत्यधिक पिछड़े और हाशिए पर गए वर्गों का ध्यान रखेगा।

**(लेखिका अर्थशास्त्र की प्रोफेसर हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

## बीता सप्ताह

**3 फरवरी**

- चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा होती रहेगी। पूजा पर रोक लगाने से हाईकोर्ट ने इंकार किया।
- रॉयल फिलहारमोनिक सोसायटी अवार्ड्स के लिए दो ब्रिटिश भारतीय संगीतकार अतमेश चौहान को सितारवादक, जसदीप सिंह देगुन का चयन किया गया है।
- राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान जनता के लिए खोल दिया गया।

**4 फरवरी**

- छत्तीसगढ़ सरकार ने घोषित कि महिलाओं को 1 मार्च से महतारी वंदन योजना की शुरुआत होगी।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न पुरस्कार देने का ऐलान किया गया।
- मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीम रजाक की सजा की अवधि और जुर्माने की राशि को कम की गई है।
- दिल्ली की साउथ एवेन्यू अदालत ने आप नेता संजय सिंह को पांच फरवरी को राज्य सभा में सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दी।

**5 फरवरी**

- विधि आयोग ने सरकार से सिफारिश की है कि नुकसान की भरपाई करने पर ही दंगाइयों को जमानत दी जाए।
- झारखंड की चंपई सोरने सरकार ने विधानसभा में बहुमत हासिल किया।
- अयोध्या के लिए जगह-जगह से आस्था की ट्रेन रवाना हुई।
- नामीबिया के राष्ट्रपति हेज जी गिंगोब का निधन हो गया।

**6 फरवरी**

- चंडीगढ़ मेयर चुनाव की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव को लोकतंत्र की हत्या हुई कहा।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन(डीआरडीओ)ने ओडिशा के चांदीपुर के अभ्यासयाक का सफल परीक्षण किया।
- झारखंड की चंपई सोरेन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया।
- भारतीय चुनाव आयोग ने बच्चों को चुनाव कार्य में न लगाने का निर्देश दिया।

**7 फरवरी**

- मध्यप्रदेश के हरदा में फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से 12 लोगों की मौत हो गई और 200 लोगों से अधिक घायल हो गए।
- भारतीय चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को ही असली एनसीपी पार्टी घोषित किया।
- सुप्रसिद्ध कश्मीरी कवि फारुक नाजकी का निधन हो गया।
- छत्तीसगढ़ की नेता सरोज पांडे को सर्वश्रेष्ठ महिला सांसद का अवार्ड मिला।
- ईरान दूतावास ने कहा अब भारतीय पर्यटकों को ईरान जाने के लिए वीजा की जरूरत नहीं।

**8 फरवरी**

- उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल पास हुआ। यूसीसी लाने वाला देश का पहला राज्य बना।
- शरद पवार की पार्टी का नया नाम 'एनसीपी शरद पवार' नाम रखा गया।
- पाकिस्तान में 8 फरवरी गुरुवार को आमचुनाव संपन्न हुआ।
- चिली के जंगल में आग लगने से 131 लोगों की मौत हो गई।

**9 फरवरी**

- छत्तीसगढ़ के आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रति व्यक्ति आय 1,47,361/- रुपए रहा है।
- कांग्रेस और भाजपा के बीच पेपर युद्ध ने लाया श्वेत पत्र।
- आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5प्रतिशत पर रखा बरकरार रखा।
- फिलीपींस में भूस्खलन से दो बस सहित 38 नागरिक दबकर मर गए।

## केंद्र की भेदभावपूर्ण नीति के खिलाफ लड़ रही केरल की एलडीएफ सरकार

■ पी.सुधीर

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, पूरा मंत्रिमंडल और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के सभी विधायक और सांसद 8 फरवरी को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में बैठे। यह धरना केरल के प्रति केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये को उजागर करने के लिए था। राज्य सरकार का आर्थिक रूप से गला घोंटने के लिए केंद्र की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के खिलाफ। उसी दिन केरल में दिल्ली की कार्रवाई का समर्थन करने पर बड़े प्रदर्शन हुए। विभिन्न राज्यों की राजधानियों में केरल के प्रति एकजुटता व्यक्त करने वाली बैठकें आयोजित की गई।

एक निर्वाचित राज्य सरकार की कैबिनेट को देश की राजधानी में इस तरह का विरोध प्रदर्शन करना पड़ा, यह मोदी सरकार द्वारा संघवाद पर लगातार हमले से पैदा हुए संकट का उदाहरण है।

केरल के मामले में, केंद्र सरकार ने राज्य को वित्तीय सहायता में भारी कमी कर दी है। जहां तक कर हस्तांतरण का सवाल है, राज्य को दिया जाने वाला हिस्सा 3.875 प्रतिशत (दसवें वित्त आयोग के समय) से घटकर 1.9 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, केंद्र सरकार जानबूझकर उपकर और अधिभार लगाकर विभाज्य पूल को कम कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा उपकर से एकत्र किया गया राजस्व 2011-12 में उसके सकल कर राजस्व का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 17.7 प्रतिशत यानी 4,78,680 करोड़ रुपये हो गया। यदि इसे कर के रूप में लगाया जाता तो राज्य सरकारों को इस राशि का कुछ हिस्सा मिलता।

संविधान के अनुच्छेद 293 के अनुसार, राज्य विधानसभाओं के पास राज्यों के लिए उधार सीमा तय करने की शक्ति है। राज्यों की सूची की प्रविष्टि 43 के अनुसार, सार्वजनिक ऋण विशेष रूप से राज्यों का अधिकार है। इसके बावजूद, केंद्र सरकार राज्यों पर शुद्ध उधार सीमा लगाने और खुले बाजार से उधार सहित सभी स्रोतों से उधार लेने को सीमित करने के लिए हस्तक्षेप कर रही है।

राजकोषीय संघवाद पर इन हमलों के परिणामस्वरूप, राज्य में करों की हिस्सेदारी 3.89 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत होने के कारण संसाधनों की कमी हो गई है। जीएसटी मुआवज़े को रोकना और उधार लेने से इंकार करना भी इनमें शामिल है। इन तीन उपायों का संचयी प्रभाव का कारण इस वर्ष केरल को 57,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण करने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं का उपयोग और राज्यों की सूची में सूचीबद्ध विषयों में हस्तक्षेप ने भी केरल को प्रभावित किया है। राज्य को 2015-16 में बजटीय केंद्र प्रायोजित योजनाओं का 85 प्रतिशत प्राप्त हुआ। हालांकि, 2021-22 में यह घटकर सिर्फ 40 फीसदी रह गया।

इसके साथ ही विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोकने और अन्य अवरोधक रुख अपनाने में राज्यपाल की भी असंवैधानिक भूमिका रही है।

केंद्र के इस बहुआयामी हमले का उद्देश्य 2016 और 2021 के बीच एलडीएफ सरकार के पहले कार्यकाल में की गई उल्लेखनीय प्रगति को विफल करना है। यह महसूस करते हुए कि एलडीएफ सरकार की नीतियां केरल को आगे ले जायेंगी और वह अधिक लोकप्रिय समर्थन हासिल करेंगी, मोदी सरकार राज्य विरोधी नीतियों का सहारा ले रही है। केरल के विकास पथ को रोकने के लिए इन अलोकतांत्रिक और संघीय विरोधी कदमों का राज्य ने कड़ा विरोध किया है।

**केंद्र के इस बहुआयामी हमले का उद्देश्य 2016 और 2021 के बीच एलडीएफ सरकार के पहले कार्यकाल में की गई उल्लेखनीय प्रगति को विफल करना है। यह महसूस करते हुए कि एलडीएफ सरकार की नीतियां केरल को आगे ले जायेंगी और वह अधिक लोकप्रिय समर्थन हासिल करेंगी, मोदी सरकार राज्य विरोधी नीतियों का सहारा ले रही है।**

इस दृष्टिकोण के पीछे मोदी सरकार और भाजपा का संघीय सिद्धांत को पूरी तरह से कमजोर करने का संकल्प है। विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ खुला भेदभाव यह साबित करने के लिए है कि केवल 'डबल इंजन' सरकार- केंद्र में भाजपा और राज्य में भाजपा सरकार- ही लोगों को विकास और कल्याण प्रदान कर सकती है। इस निर्लज्ज राजनीतिक मकसद के लिए, भाजपा शासक संघवाद के सार को नष्ट करने के लिए तैयार हैं।

दिल्ली में 8 फरवरी का विरोध प्रदर्शन अकेले केरल का मामला नहीं है। उठाये गये मुद्दे सभी राज्यों के लिए प्रासंगिक हैं क्योंकि केंद्र राज्य को जागीरदार में बदलने और विपक्षी शासित राज्यों के खिलाफ राजकोषीय संबंधों को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने पर आमादा है। राजकोषीय केंद्रीकरण का अभियान एकात्मक प्रणाली बनाने के प्रयास का हिस्सा है। एक राष्ट्र एक चुनाव का नारा भी भारत को एक केंद्रीकृत, एकात्मक राज्य व्यवस्था बनाने के लिए बनाया गया है।

यह अच्छा है कि दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों, अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान, पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं, जो कि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं, ने धरने का समर्थन किया और इसमें भाग लिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने समर्थन का एक वीडियो संदेश भेजा। इसके विपरीत, जब केरल के कांग्रेस नेतृत्व से दिल्ली में धरने में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने नकारात्मक रुख अपनाया। आने वाले दिनों में, राज्यों के अधिकारों और संघवाद की रक्षा के लिए लड़ाई विपक्ष की रैली का नारा बनना चाहिए।

## दलित-वंचित समाज बनाम हिंदुत्व



■ प्रो. रविकान्त

2024 का लोकसभा चुनाव बेहद करीब है?। सत्तापक्ष यानी नरेंद्र मोदी के मंसूबों लिए यह चुनाव बेहद खास है। जबकि विपक्ष के लिए करो या मरो की स्थिति है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पांच महीने तक अनवरत (7 सितंबर,2022 से 26 जनवरी 2023) पैदल चलते हुए राहुल गांधी ने 4000 किमी की भारत जोड़ो यात्रा की। नरेंद्र मोदी की भय, नफरत और विभाजन की राजनीति के बरक्स राहुल गांधी ने सौहार्द्र और प्रेम का संदेश दिया। इस यात्रा से उपजे माहौल में विपक्षी दल एकजुट होने लगे। मई 2023 में विपक्ष की पहली बैठक पटना में हुई। इसके बाद बंगलौर, मुंबई और दिल्ली में इंडिया अलाइंस बनकर तैयार हुआ। लेकिन जनवरी 2024 तक आते-आते राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और निजी स्वार्थ टकराने लगे। गठबंधन की शुरुआत करने वाले नीतीश कुमार अब फिर से नरेंद्र मोदी के पाले (पहलू) में जा चुके हैं। इंडिया गठबंधन से विपक्ष का मजबूत नैरेटिव बना था। नीतीश कुमार के जाते ही मोदी की गोदी में बैठा मीडिया रात दिन इसे कमजोर बताने में लगा हुआ है।

**यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है। दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं।**

क्या यह चुनाव गोदी मीडिया के नैरेटिव पर लड़ा जाएगा? विपक्ष की एकजुटता में आई दरार के बावजूद यह चुनाव मोदी के लिए कतई आसान नहीं है। यही कारण है कि भाजपा अपने नए-पुराने तमाम साथियों को साधने में लगी है। दरअसल, यह देश के दलितों और वंचितों के अस्तित्व की लड़ाई का सबसे बड़ा चुनाव होने जा रहा है। दूसरे शब्दों में, 2024 का चुनाव यह तय करेगा कि दलितों वंचितों का भविष्य सुरक्षित रहेगा या नहीं। डॉ आंबेडकर ने 1940 में ही इस चुनौती को समझ लिया था। उन्होंने अपनी किताब 'पाकिस्तान : द पार्टीशन आफ इंडिया' में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि अगर हिंदू राष्ट्र बनता है तो यह करोड़ों दलितों के लिए बड़ी आपदा साबित होगी। इसलिए किसी भी कीमत पर इसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंदू राष्ट्र ब्रिटिश हुकूमत से भी ज्यादा क्रूर होगा। आज एक तरफ तमाम बाबा और हिंदुत्ववादी संगठन भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का ऐलान कर रहे हैं तो दूसरी तरफ सत्तातंत्र के जरिए बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को धीरे-धीरे कुतरा जा रहा है। भाजपा के कतिपय नेताओं से लेकर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक गोयनका संविधान को बदलने की बात कह चुके हैं।

गांधी, नेहरू और आंबेडकर के समय से मौजूद हिन्दुत्ववादियों के मंसूबे जगजाहिर हैं। हिंदुत्व के नायक सावरकर ने आजादी के आंदोलन में खुलेआम अंग्रेजों का साथ दिया। भारत छोड़ो आंदोलन और सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज के संघर्ष के समय सावरकर ने अंग्रेजी सेना का सहयोग किया। आजादी और नया संविधान हिन्दुत्ववादियों को कतई नहीं भाया। इसलिए वे विभाजन के समय सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने के लिए खासकर पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं और सिक्खों को उकसाने में लगे रहे। गांधीजी की शहादत भी इसी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन इसके बाद लंबे समय तक हिंदुत्ववादी हाशिए पर रहे।

कांग्रेसी सत्ता के सामने विपक्ष के साथ झूठ और फरेब करके हिंदुत्ववादी अपने आपको खड़ा करने की कोशिश करते रहे। अपनी असलियत को छुपाकर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के बीच धर्म के नाम घुसपैठ करते रहे। 90 के दशक में पहली बार उन्हें कामयाबी मिली। मंदिर आंदोलन के उभार के बावजूद वे अल्पमत में रहे। लेकिन 2014 में कारपोरेट के रथ पर सवार होकर झूठ की दुकान सजाकर नरेंद्र मोदी पूरे बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में दाखिल हुए। इसके बाद आरएसएस ने अपने एजेंडे को लागू करना शुरू किया। पहले पांच साल में खासकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कुचला गया। उनके खिलाफ सरेआम नफरत और हिंसा हुई। दूसरे कार्यकाल में मोदी संघ के असली एजेंडे की तरफ बढ़े। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों और अवसरों को कुचला जाने लगा। जाति-व्यवस्था के पेंच कसे जाने लगे और हिन्दू राष्ट्र बनाने की मुनादी की जाने लगी। उस संविधान को हटाने की बात होने लगी, जिसने वंचितों की सदियों की गुलामी से मुक्त किया। मनुस्मृति, गीता और रामचरित मानस का महिमा मंडन किया जाने लगा। जाहिर तौर पर इन धर्मग्रंथों के जरिए वर्ण और जाति-व्यवस्था को जायज ठहराने की साज़िश की जा रही है। ध्यातव्य है कि बाबासाहेब आंबेडकर दलितों, शूद्रों और स्त्रियों की गुलामी के लिए धर्मग्रंथों को ही सबसे बड़ा जिम्मेदार मानते थे क्योंकि इनके जरिए उस व्यवस्था को ईश्वरीय विधान बनाया गया। इसीलिए उन्होंने कहा था कि धर्मग्रंथों को विस्फोटक से उड़ा देना चाहिए।

2024 आरएसएस का शताब्दी वर्ष है। 100वें साल में संघ अपने हिंदू राष्ट्र के सपने को पूरा करना चाहता है। नरेन्द्र मोदी संघ के प्रचारक रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरु दक्षिणा में संघ को हिंदू राष्ट्र सौंपना चाहते हैं। नई संसद में सेंगोल की स्थापना से लेकर राममंदिर के उद्घाटन में समूचे देश को भगवामय बनाकर हिन्दू राष्ट्र की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या बाबासाहेब आंबेडकर की चुनौती पराजित हो जाएगी? अथवा इस चुनाव में दलित वंचित समाज डटकर हिंदुत्ववादी ताकत का मुकाबला करेगा? विपक्ष भले ही एकजुट ना दिखाई पड़ रहा हो लेकिन दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का जागरूक तबका एकजुट होकर संविधान और लोकतंत्र को बचाए रखने की अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। अपने अधिकारों के प्रति चेतना संपन्न दलित वंचित समाज हिंदुत्ववादी सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए बेताब नजर आ रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## रूस में आवासीय इमारत में आग लगने से 10 घायल

मॉस्को, 9 फरवरी (एजेंसियां)। रूस में एक आवासीय इमारत की छत पर आग लगने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूस की तास समाचार एजेंसी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, घटना में 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चेर्न्याखोवस्कोगो स्ट्रीट पर आवासीय इमारत में आग लग गई जिसके बाद लगभग 400 लोगों को बचाया गया।

# रूस 2014 से बार-बार यूक्रेन की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की मांग कर रहा : पुतिन

मॉस्को, 9 फरवरी (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया कि उनका देश 2014 से लगातार यूक्रेन की समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान की मांग कर रहा है। अमेरिकी मीडिया पर्सनैलिटी टकर कार्लसन के साथ शुक्रवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में पुतिन ने कहा, 'हमने बार-बार यूक्रेन में 2014 में तख्तापलट के बाद पैदा हुई समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीकों से समाधान खोजने की पेशकश की। लेकिन, किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। और, तो और यूक्रेनी नेतृत्व, जो अमेरिका के पूर्ण नियंत्रण में था, उसने अचानक घोषणा की कि वह मिन्स्क समझौतों को पूरा नहीं करेगा। उन्हें वहां कुछ भी पसंद नहीं आया और उन्होंने इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधि जारी रखी।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि इस बीच नाटो ने कई ट्रेनिंग और रिट्रेनिंग स्ट्रक्चर की आड़ में क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ाई।

उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने ऐसे कानून अपनाए थे जो रूसियों के अधिकारों को प्रतिबंधित करते थे। यूक्रेन में, उन्होंने घोषणा की कि रूसियों ने एक गैर-नाममात्र राष्ट्र के लिए एक कानून पारित किया है। साथ ही उन्होंने गैर-नाममात्र राष्ट्रों के अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को अपनाया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, 'यह सब ने मिलकर 2014 में यूक्रेन में नियो-नाजीस द्वारा सशस्त्र साधनों द्वारा शुरू किए गए युद्ध को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।



**'हमने बार-बार यूक्रेन में 2014 में तख्तापलट के बाद पैदा हुई समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीकों से समाधान खोजने की पेशकश की। लेकिन, किसी ने हमारी बात नहीं सुनी:-व्लादिमीर पुतिन, राष्ट्रपति रूस**

### रूस सुरक्षित नॉर्ड स्ट्रीम-2 के माध्यम से यूरोप को गैस आपूर्ति करने के लिए तैयार: पुतिन

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि जर्मनी नॉर्ड स्ट्रीम 2 के बचे हुए पाइप का संचालन फिर से शुरू नहीं करेगा, हालांकि मॉस्को इसके माध्यम से गैस की आपूर्ति करने के लिए तैयार है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुतिन ने शुक्रवार को प्रकाशित अमेरिकी मीडिया हस्ती टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'यह मामला केवल नॉर्ड स्ट्रीम-1 का नहीं है, जिसे उड़ा दिया गया था। नॉर्ड स्ट्रीम 2 क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन एक पाइप सुरक्षित और मजबूत है और इसके जरिए यूरोप को गैस की आपूर्ति की जा सकती है, लेकिन जर्मनी इसे नहीं खोल रहा है।' तास समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कहा, 'पोलैंड के माध्यम से एक और मार्ग है - यमल-यूरोप पाइपलाइन। इसके माध्यम से बड़ी मात्रा में आपूर्ति भी संभव है।' उन्होंने कहा कि हालांकि, पोलैंड ने इसे बंद कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन, जो रूस से जर्मनी के रास्ते यूरोपीय बाजारों तक प्राकृतिक गैस पहुंचाती थी, सितंबर 2022 में बाल्टिक सागर में विस्फोटों के बाद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## कनाडा में बुजुर्ग पर हमला करने के आरोप में भारतीय मूल का कर्मचारी गिरफ्तार

टोरंटो, 9 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक देखभाल गृह में 89 वर्षीय बुजुर्ग पर हमला करने के आरोप में 32 वर्षीय भारतीय मूल के निजी सहायता कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। यॉर्क क्षेत्रीय पुलिस ने गुरुवार को कहा कि 32 वर्षीय सुमन सोनी पर 29 जनवरी और 2 फरवरी को हुए हमले के दो मामलों का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि उनसे 2 फरवरी को ओन्टारियो के यॉर्क क्षेत्रीय नगर पालिका में स्थित शहर वॉन में एक देखभाल गृह में हुई बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं के संबंध में संपर्क किया गया था।यॉर्क क्षेत्रीय पुलिस की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'जांच के माध्यम से पुलिस को पता चला कि एक 89 वर्षीय पुरुष पर दो मौकों, 29 जनवरी और 2 फरवरी, 2024 को पीएसडब्ल्यू (व्यक्तिगत सहायता कार्यकर्ता) द्वारा हमला किया गया था। जांचकर्ताओं का मानना है कि और भी पीड़ित हैं और आरोपियों की तस्वीरें जारी कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि कृपया अन्य पीड़ितों के लिए भी आगे आएं।' जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से संपर्क करने के लिए कहते हुए यॉर्क पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी रहेगी। पिछले साल नवंबर में अल्बर्टा में एक देखभाल सुविधा के 49 वर्षीय कर्मचारी को 87 वर्षीय व्यक्ति पर शारीरिक हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 2021 की जनगणना के अनुसार, पिछले दो दशकों में 85 वर्ष से अधिक उम्र के कनाडाई लोगों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। महामारी के बाद से वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार बढ़ गया है। 2022 विश्व स्वास्थ्य संगठन के अध्ययन में कहा गया है कि छह में से एक व्यक्ति 60 वर्ष और उससे अधिक, ने पिछले वर्ष सामुदायिक सेटिंग्स में किसी न किसी प्रकार के दुर्व्यवहार का अनुभव किया है।



## सुडोकू 6462

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6462

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी बोली बहुत मधुर होती है
३. विरोधी, दूसरे पक्ष का, प्रतिद्वंद्वी
५. ऊंचाई (उर्दू)
६. वृद्धिकारक
७. पैरों के निशान, नक्शेकदम
८. सारथि, रथ हांकनेवाला
१३. सहसा, अचानक
१५. पराजित, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१६. अप्रिय (उर्दू)
१७. शांत, शब्दरहित
१८. वर्षा, बरसात
२०. खानाबदोश
२२. गहरा कुआं, नरक (उर्दू)
२३. मामूली, आम

**ऊपर से नीचे:-**

१. पहेली, किसी वस्तुका ऐसा अनोखा वर्णन, जिसके आधार पर उसका अर्थ बूझने, उसका उत्तर देने में बहुत सोच-विचार करना पड़े
२. जुलाहा
३. उजाला करनेवाला, प्रकाश करनेवाला
४. पहचान का
५. निमंत्रण
९. धीरे से हथेली का आघात करना
१०. एक राक्षस
११. राजा
१२. हाथों की लकीर
१४. नामुमकिन
१७. कमल
१९. गति, वेग (उर्दू)
२०. प्रहर, तीन घंटे का समय
२१. पृथ्वी, भूमि

### वर्ग पहेली-6461

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ शु | भा | २ रं | भ | ■ | ■ | ३ ह | ट्टा | ४ क | ट्टा |
| भ | ■ | च | ■ | ५ प्र | णा | म | ■ | रा | ■ |
| ६ प्र | ति | मा | ■ | मा | ■ | ७ रा | ज | धा | नी |
| द | ■ | ८ त्र | ९ यो | द | शा | ह | ■ | न | |
| ■ | १० बि | ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ११ सु | ■ | १२ रो |
| १३ का | रा | वा | स | ■ | १४ मु | ■ | १५ धा | र | क |
| ■ | द | ■ | १६ न | फ | र | त | ■ | ■ | था |
| १७ कु | री | ति | ■ | ■ | लि | ■ | १८ कु | १९ सु | म |
| श | ■ | ■ | २० से | वा | का | २१ ल | ■ | ब | ■ |
| २२ ल | ट्टू | हो | ना | ■ | ■ | २३ त | ल | ह | टी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 10 फरवरी, 2024 माघ शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष -उगाही एवं प्रवास के लिए आज का दिन अच्छा है। व्यापार से सम्बंधित कामों के लिए लाभदायी शुरुआत रहेगी। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। शेयर-सट्टे में आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

वृषभ -आज अनुकूलता और प्रतिकूलता से भरा दिन रहेगा। व्यापार में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आलस्य और चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें। विरोधियों के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

मिथुन -नेगेटिव विचारों को मन से दूर रखें। खान-पान में ध्यान रखें। वाहन चलाते समय आज बहुत सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। किसी कारण से बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क -स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होने से आज मन खुश रहेगा। नए वस्त्र खरीदने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा रहेगा। दोपहर बाद किसी बात को लेकर डिसीजन नहीं ले पाएंगे।

सिंह -आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यापार में धन की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा। विदेश के कामों से लाभ होने की संभावना है। आय की वृद्धि होने से धन की कमी नहीं रहेगी।

कन्या -आज का आप का दिन सुख-शांति से गुजरेगा। आभूषणों की खरीदारी करेंगे। कला और संगीत में भी आज रुचि रहेगी। व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा दिन है। धन के मामलों में सरलता रहेगी।

तुला -आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक ताज़गी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में उग्र वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। वाणी पर कंट्रोल रखें।

वृश्चिक -आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। दोपहर के बाद शारीरिक और मानसिक अनुकूलता रहेगी।

धनु -आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। दोपहर के बाद स्थिति अनुकूल रहेगी।

मकर -आज धार्मिक कामों में आपकी रुचि रहेगी। व्यापार के लिए वातावरण अनुकूल रहेगा। आप के हर काम सरलता से पूरे कर सकेंगे। जीवन में भी आनंद बढ़ जाएगा।

कुंभ -धार्मिक और सामाजिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सम्बंधियों और मित्रों के साथ विवाद हो सकता है। वाहन चलाने या नया कोई इलाज शुरू करने में आपको सावधानी रखना होगी।

मीन -व्यापार के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा। नया कोई रिश्ता भी बन सकता है। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। प्रवास-पर्यटन होगा। मित्रों से उपहार मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# दो पंजाबियों की हत्या के बाद प्रवासियों की सुरक्षा बढ़ाई पर पर्यटकों में विश्वास कायम नहीं हो पा रहा

■ सुरेश एस डुग्गर

**■ प्रशासन व सुरक्षाबल श्रीनगर पहुंचने वाले पर्यटकों में फिलहाल विश्वास कायम नहीं कर पाए**

जम्मू, 9 फरवरी (देशबन्धु)। जिस राजधनी शहर श्रीनगर को कई बार आतंकवाद मुक्त करार दिए जाने के बावजूद आतंकियों द्वारा परसों दो पंजाबियों की हत्या के बाद हालांकि प्रशासन और पुलिस ने प्रवासी नागरिकों व उनकी बस्तियों की सुरक्षा को बढ़ाया है पर प्रशासन व सुरक्षाबल श्रीनगर पहुंचने वाले पर्यटकों में फिलहाल विश्वास कायम नहीं कर पाए हैं। यह इसी से स्पष्ट होता था कि श्रीनगर के डाउन टाउन और डल झील पर दो दिनों से आने वाले पर्यटकों की संख्या नगण्य ही थी। अधिकारियों ने इसके प्रति दावा किया है कि कश्मीर में सभी अल्पसंख्यकों की बस्तियों और प्रवासी श्रमिकों की आबादी वाले इलाकों में प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। श्रीनगर में आने-जाने के सभी रास्तों पर विशेष नाके लगाए गए हैं। पर इतना जरूर था कि श्रीनगर में बुधवार की शाम आतंकियों की ओर से दो गैर-कश्मीरी लोगों पर फायरिंग की घटना के बाद पर्यटनस्थल दो दिनों से सूने हैं। डल झील पर शिकारा नाव संचालक पर्यटकों का इंतजार करते रहे, लेकिन बेहद कम संख्या में पर्यटक वहां पहुंचे। इस कारण नाव संचालक फुर्सत में आराम करते हुए नजर आए। इसके अलावा श्रीनगर के लाल चौक पर भी अन्य दिनों की तुलना में पर्यटक काफी कम संख्या में पहुंचे। पार्कों में सन्नाटा पसरा रहा है।

बताया जाता है कि कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बीके विरदी और मंडलायुक्त कश्मीर विजय कुमार बिधुड़ी ने कश्मीर के सभी जिला उपायुक्तों और जिला एसएसपी व अन्य संबधित अधिकारियों के साथ बैठक में कश्मीर के सुरक्षा परिदृश्य का जायजा लिया। बैठक में वादी में सभी अल्पसंख्यक बस्तियों और बाहरी श्रमिकों की आबादी वाले इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा हुई है।

इसे भूला नहीं जा सकता कि बीते वर्ष कश्मीर में आतंकियों ने टारगेट किलिंग के षड्यंत्र को जारी रखते हुए बाहरी श्रमिकों पर तीन हमले किए थे। इन हमलों में दो श्रमिकों की मौत हुई थी। तीन अन्य जख्मी हुए थे। आतंकियों ने 30 मई 2023 को अनंतनाग में एक सर्कस से संबधित उधमपुर के रहने वाले कर्मी दीपू और 31 अक्तूबर 2023 को पुलवामा में बिहार निवासी ईंट भट्ठा मजदूर मुकेश कुमार की हत्या की थी। इसी तरह से 13 जुलाई 2023 को गागरन शोपियां में आतंकियों के हमले में तीन श्रमिक जख्मी हुए थे। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन बीच-बीच में हो रही इस तरह की घटनाओं से यहां आने वाले पर्यटकों में निराशा है। करीब एक माह पहले बारामुल्ला में एक सेवानिवृत्त एसपी की भी हत्या कर दी गई थी।

## निज्जर के सहयोगी के घर पर गोलीबारी के सिलसिले में कनाडाई पुलिस ने दो किशोरों को गिरफ्तार किया

टोरंटो, 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में नामित आतंकवादी खालिस्तानी समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसकी पिछले साल कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, से जुड़े एक सिख कार्यकर्ता के घर पर पिछले सप्ताह हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में दो किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में सिमरनजीत सिंह के दक्षिण सरे स्थित घर पर 1 फरवरी को तड़के 1:20 बजे के बाद कई गोलियां चलाई गईं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की सरे इकाई ने गुरुवार को कहा कि उनकी गंभीर अपराध इकाई ने 6 फरवरी को 140 स्ट्रीट के 7700-ब्लॉक में एक आवास पर तलाशी वारंट निष्पादित किया। सरे आरसीएमपी कॉर्पोरल सरबजीत के संघा ने एक बयान में कहा, 'पुलिस ने तलाशी के दौरान तीन शस्त्र और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। सरे के दो 16 वर्षीय पुरुषों को शस्त्रों के लापरवाही से इस्तेमाल करने और जान-बूझकर गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।'

# अमेरिका: इंडो-अमेरिकन सतविंदर कौर को केंट सिटी काउंसिल का अध्यक्ष चुना गया

न्यूयॉर्क, 9 फरवरी (एजेंसियां)। वाशिंगटन में केंट सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से भारतीय-अमेरिकी सतविंदर कौर को दो साल के कार्यकाल के लिए अपना अध्यक्ष चुना है। समाचार आउटलेट केंट रिपोर्टर के अनुसार, अपनी नई भूमिका में कौर, जिनका परिषद में सातवां साल है, बिल बॉयस की जगह लेंगी जिन्होंने उन्हें शीर्ष पद के लिए नामांकित किया था। बॉयस ने 6 फरवरी की बैठक में कौर के चुनाव के बाद कहा, 'आपको कुछ छोटी-छोटी जिम्मेदारियां निभानी हैं। मुझे यकीन है कि आप बहुत अच्छा काम करेंगी और हम आपका समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं कि आप बहुत सफल हों।'



बॉयस को उनका मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद देते हुए कौर ने कहा, 'जैसा कि मैंने इसे शुरू किया है, मुझे पता है कि हम सभी का लक्ष्य समुदाय की सेवा करना और यह सुनिश्चित करना है कि केंट हम सभी के लिए एक बेहतर जगह है।' सात सदस्यीय परिषद केंट शहर के लिए विधायी निकाय है, और नीतियों और विनियमों की स्थापना के अलावा, यह वित्तीय व्यय और शहर के द्विवार्षिक बजट को मंजूरी देती है। परिषद के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में काम करने के अलावा, कौर मेयर के साथ मिलकर काम करेंगी ताकि यह देखा जा सके कि परिषद मुद्दों और प्रस्तावों को किस प्रकार का समर्थन देगी।

केंट सिटी काउंसिल की वेबसाइट के अनुसार, कौर काउंसिल में अपनी भूमिका को 'सीखने के एक महान अवसर' और शहर की समस्याओं पर नए सिरे से नजर डालने का मौका मानती हैं। कौर के हवाले से वेबसाइट पर कहा गया है, 'मैं नए दृष्टिकोण लाना चाहती हूं जिन पर पहले विचार नहीं किया गया होगा।' मेयर कार्यालय में प्रशिक्षु के रूप में काम करने के बाद, कौर को लगता है कि उन्हें निवासियों के मुद्दों और चिंताओं की अच्छी समझ है। वह कहती हैं, 'केंट को अक्सर नज़रअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन केंट के बारे में बहुत सी बातें हैं जो लोग नहीं जानते हैं और हमारे पास बताने के लिए बहुत सारी बेहतरीन कहानियाँ हैं।'

## आज का इतिहास

1616-ब्रिटेन के राजदूत सर थॉमस रो मुग़ल शासक जहांगीर के दरबार अजमेर में आये।
1817-ब्रिटेन, प्रसिया, आस्ट्रिया और रूस ने फ्रांस से अपनी फ़ौजें हटाने की घोषणा की।
1818-अंग्रेजों तथा मराठा के बीच तीसरा तथा अंतिम युद्ध रामपुर में लड़ा गया।
1846-अंग्रेजों ने सोबरांव की लड़ाई में सिखों को पराजित किया।
1879-अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में पहली बार रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल किया गया।
1890-रूसी लेखक बोरिस पेस्टरनाक का जन्म।
1904-जापान तथा रूस ने युद्ध की घोषणा की।
1912-ब्रिटेन के किंग जार्ज पंचम तथा क्वीन मैरी भारत से रवाना।
1916-ब्रिटेन में सैन्य भर्ती शुरू हुआ।
1921-काशी विद्यापीठ का उद्घाटन गांधी जी ने किया।
1929-जे.आर.डी. टाटा पायलट लाइसेंस पाने वाले पहले भारतीय बने।
1931-दिल्ली भारत की राजधानी बनी।
1935-हिन्दी के शीर्ष आलोचकों में गिने जाने वाले प्रतिष्ठित साहित्यकार परमानन्द श्रीवास्तव का जन्म।
1939-जापानी सैनिकों ने हेनान द्वीप, चीन पर अधिकार कर लिया।
1943-द्वितीय विश्वयुद्ध में ब्रिटिश सैनिक टयूनिशिया की सीमा पर पहुँचे।
1947-नीदरलैंडस रेडियो यूनियन की स्थापना।
1959-अमेरिका के सेंट लुईस में तूफान से 19 लोगों की मौत 265 घायल।

**पाक चुनाव** नवाज शरीफ मनसेहरा सीट से चुनाव हारे

# नवाज शरीफ को निर्दलीय उम्मीदवार ने दी करारी शिकस्त

**लाहौर, 9 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार गुस्तासाप खान ने नवाज शरीफ को मनसेहरा सीट से हरा दिया है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अनौपचारिक परिणामों के मुताबिक निर्दलीय गुस्तासप खान को 1,05,249 वोट मिले, जबकि नवाज शरीफ को 80,382 वोट मिले। पाकिस्तान में आम चुनावों के लिए गुरुवार को वोटिंग हुई थी, जिसमें सभी आयु वर्ग के मतदाताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जो अपनी पसंद के उम्मीदवारों को चुनने के लिए बड़ी संख्या में बाहर आए।**

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के अनुसार, देश में 12 करोड़ 80 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाताओं की संख्या है, जिन्होंने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के लिए वोट किया था। नेशनल असेंबली की 265 सीटों और प्रांतीय असेंबली की 590 सीटों के लिए मतदान हुआ था। बलूचिस्तान विधानसभा की 51 सीटों, खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की 130 सीटों में से 128 सीटों, पंजाब विधानसभा की 297 सीटों में से 296 सीटों और सिंध विधानसभा की 130 सीटों पर मतदान हुआ।

### लाहौर सीट पर बिलावल पराजित, लगाया धांधली का आरोप



पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की वरिष्ठ नेता शेरी रहमान ने पार्टी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी के लाहौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अताउल्लाह तरार के सामने हार पर चुनाव में जमकर धांधली का आरोप लगाया है। इस सीट पर श्री तरार 98,210 वोट और श्री बिलावल भुट्टो को 15,005 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। सुश्री रहमान ने शुक्रवार को लाहौर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लाहौर सीट के नतीजे अचानक पलट दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि मतगणना में पहले श्री बिलावल आगे चल रहे थे लेकिन धांधली से उन्हें हराने के लिए नतीजों की घोषणा में देरी की गयी। उन्होंने इस बात पर भी अफसोस जताया कि मतदान के दिन मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी थीं जिससे चुनाव के दौरान मतदाताओं और उम्मीदवारों के लिए मुश्किलें पैदा हुईं। उन्होंने कहा, 'हम अच्छी तरह जानते हैं कि मोबाइल सेवाओं को बंद करने के पीछे असली मंशा क्या थी।' उनका बयान ऐसे समय आया है जब चुनाव नतीजों में अत्यधिक देरी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी चुनाव की पारदर्शिता पर संदेह जताया है।



## दुनिया को जानें

### भारतीय दोस्तों का स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में स्वागत

**बीजिंग,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। चीन में सबसे महत्वपूर्ण त्योहार स्प्रिंग फेस्टिवल आने वाला है। चीनी लोगों के लिए, स्प्रिंग फेस्टिवल गाला भी वसंत महोत्सव के दौरान सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) का वर्ष 2024 स्प्रिंग फेस्टिवल गाला 9 फरवरी की रात आयोजित होगा। अनुमान है कि विश्व के 200 देशों व क्षेत्रों के 2,100 से अधिक मीडिया इस सालाना भव्य सांस्कृतिक समारोह का सीधा प्रसारण या रिपोर्टिंग करेंगे। इस मौके पर सीएमजी के हिंदी विभाग की दो होस्ट मीरा और अंजलि भी अपने कार्यक्रम जुगलबंदी में एक विशेष प्रस्तुति देंगी। दोनों ने गायन, नृत्य, जादू, टॉक शो और अन्य प्रदर्शनों के माध्यम से स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में शामिल होने की पूरी कोशिश की। इस दौरान बहुत दिलचस्प छोटी-छोटी कहानियां भी थीं। बार-बार असफलता का अनुभव करने के बाद, वे आहें भरने के अलावा कुछ नहीं कर सके। अंजलि ने कहा, ऐसा लगता है कि अगर हम चाहते हैं कि हमारी जुगलबंदी स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में शामिल हो, तो हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और कुछ नवाचार करना होगा। कार्यक्रम के अंत में उन दोनों ने सभी भारतीय मित्रों को अपने साथ स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

# प्रादेशिकी

### हल्द्वानी हिंसा के बाद दून पुलिस एलर्ट

**देहरादून।** हल्द्वानी की घटना के बाद दून में भी पुलिस एलर्ट मोड पर दिखायी दी। एसएसपी ने सभी को लाठी व हेलमेट के साथ 24 घंटे तैयारी की दशा में रहने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि गत दिवस हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत वनफूलपुरा में हुई पथराव व आगजनी की घटना के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत सवेंदनशील स्थानो पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध व सघन चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही स्वयं रात्रि में संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर अधीनस्थ अधिकारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए। इसके अतिरिक्त किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कार्यालय में नियुक्त पुलिस बल को भी हाई एलर्ट मोड पर रखते हुए लाठी-डंडो व हेलमट के साथ 24 घंटे तैयारी के हालत में रखा गया है।

# दंगाइयों पर लगेगा एनएसए : अभिनव

- आला अधिकारियों का हल्द्वानी में डेरा
- शहर की सड़कों पर पसरा सन्नाटा





**हल्द्वानी,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। हल्द्वानी हिंसा के बाद डीजीपी अभिनव कुमार द्वारा दंगाइयों पर एनएसए लगाने की बात कही गई है। तमाम आला अधिकारी अब हल्द्वानी में डेरा डाले हुए हैं तथा शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। हर जगह सिर्फ पुलिस फोर्स ही दिखाई दे रही है। उन्होंने यहां जाकर पहले घायल पुलिस कर्मियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और घटनाक्रम के बारे में उनसे जानकारी ली वहीं उसके बाद उन्होंने घटनास्थल का भी दौरा किया जहां पुलिस प्रशासन द्वारा मलिक बाग में बने मदरसे और मस्जिद के ध्वस्तिकरण की कार्यवाही बीते रोज की गई थी, जिसको लेकर यह पूरा बवाल हुआ। अधिकारियों द्वारा बनभूलपुरा थाना जाकर भी स्थिति का जायजा लिया गया जहां दंगाइयों ने थाने को फूंक डाला था और सैकड़ो वाहनों को आग लगा दी गई थी। सुबह जिलाधिकारी वंदना ने पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी गई थी यह प्रशासन और सरकार पर एक सुनियोजित हमला था। प्रशासन द्वारा न तो किसी को उकसाया गया न ही बिना सूचना के कोई कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा जिस जमीन पर मदरसा और धार्मिक संरचना की बात कही जा रही है सरकारी दस्तावेजों में वह नगर निगम की भूमि है जहां अवैध रूप से किए गए इस निर्माण को हटाने के लिए पुलिस व प्रशासन की टीमें गई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें 3 दिन पहले खाली करने के निर्देश व नोटिस दिए गए थे। 30 जनवरी को तस्वीरों में क्षेत्र की छतों पर कहीं भी पत्थर नहीं थे हमले से पूर्व सुनियोजित तरीके से पत्थर जमा किए गए तथा पुलिस पर पेट्रोल बम फेके गए। उन्होंने कहा कि दंगाइयों ने सबसे अधिक नुकसान थाने को पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस को फायरिंग के आदेश देने पड़े तथा कर्फ्यू लगाना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं है प्रशासन और शासन के खिलाफ षड्यंत्र के तहत एक सुनियोजित हमला है। जिसमें दो लोगों की मौत हुई है तथा तीन गंभीर रूप से घायल है। पुलिस द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है हमले में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व पत्रकार भी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अभी स्थिति नियंत्रण में है तथा दंगाइयों की तलाश व पहचान की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने एडीजी को बनभूलपुरा में कैम्प करने के निर्देश दिये

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एडीजी को वहां कैम्प करने के निर्देश दिये। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एडीजी कानून और व्यवस्था ए.पी अंशुमान को प्रभावित क्षेत्र में कैंप करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अवैध निर्माण को हटाये जाने के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कार्मिकों पर हुए हमले तथा क्षेत्र में अशान्ति फैलाने की घटना को सख्ती से लेते हुए अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त करवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिलाधिकारी नैनीताल से निरंतर समन्वय बनाकर रखें। उन्होंने एडीजी कानून व्यवस्था और जिलाधिकारी नैनीताल को घटना के दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा आगजनी और पथराव करने वाले एककृएक दंगाई की पहचान कर उन पर करवाई की जाय। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त से सख्त करवाई की जाय। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिवध् एडीजी अमित सिन्हा, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, अपर सचिव जे. सी कांडपाल उपस्थित थे।

# हल्द्वानी पुलिस के पास पहले ही था बड़ी घटना होने का इनपुट

देहरादून, 9 फरवरी (देशबन्धु)। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में गुरुवार शाम को सरकारी जमीन पर बने अवैध मदरसा और नमाज स्थल तोड़े जाने के बाद जिस तरह के हालत बने, उसका अंदाजा पुलिस को पहले से ही था। बताया तो यहां तक जा रहा है कि इंटेलिजेंस ने भी पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण इनपुट दिए थे, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस उसे समय रहते भांप नहीं पाये। जिसका परिणाम ये हुआ कि गुरुवार रात तक हल्द्वानी में हालात बेकाबू हो गए थे और पूरा शहर जल उठा। उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी नीलेश भरणे ने खुद इसकी पुष्टि की है।

उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता और आईजी नीलेश भरणे ने शांति व्यवस्था कायम होने के बाद इस पर अलग से जांच होने की भी बात कही है। हल्द्वानी का वनभूलपूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हल्द्वानी में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए आसपास के जिलों से भी पुलिस को बुलाया गया है। साथ ही च्ब् को भी तनाव वाले क्षेत्र में तैनात किया गया हैं।

पुलिस की मानें तो अब तक इस घटना में 2 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इतना ही नहीं इस घटना में सैकड़ों लोगों के घायल होने की भी खबर है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और देहरादून से भी तमाम बड़े अधिकारी हल्द्वानी पहुंचे हैं। इस बीच सबसे बड़ी खबर इस बात को लेकर सामने आई है कि हल्द्वानी के वनभूलपूरा में अवैध निर्माण को लेकर जो कार्रवाई की जा रही थी, उसमें किसी बड़ी घटना के होने की सूचना पुलिस के पास थी। खुद पुलिस विभाग के प्रवक्ता नीलेश भरणे ने इस बात की पुष्टि की है, क्योंकि इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। लिहाजा पुलिस को इस बात का अंदाजा था कि यहां किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि पुलिस को इस तरह के इनपुट एक हफ्ते पहले ही मिल गए थे। इसीलिए पुलिस ने यहां पर पहले फ्लैग मार्च और कुछ बैठकें भी की थी। खास बात यह है कि इतनी जानकारी के बावजूद भी पुलिस क्षेत्र के माहौल को नहीं समझ पाई और उपद्रवियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दे दिया।

इस घटना के बाद चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है और न केवल घटना वाली जगह बल्कि आसपास के इलाकों में भी पुलिस नजर बनाए हुए है। मामले पर खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी नजर बनाए हुए हैं और उपद्रव करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश जारी कर दिए गए। इससे पहले क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया था और किसी को भी घर से न निकलने की हिदायत दी गई थी।

## सार संक्षेप

### सीएम धामी पहुंचे हल्द्वानी, हिंसा में घायल लोगों से की मुलाकात

**देहरादून।** हल्द्वानी बनभूलपुरा बवाल पर देशभर की नजर है। खुद सीएम धामी हल्द्वानी बनभूलपुरा मामले पर बारीकी से नजर बनाये हुए हैं। आज शाम सीएम धामी हल्द्वानी पहुंचे। यहां पहुंचकर सीएम धामी ने हल्द्वानी बनभूलपुरा के हालातों का जायजा लिया। इसके साथ ही सीएम धामी ने शासन प्रशासन से हालातों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बता दें हल्द्वानी हिंसा के बाद इलाके में माहौल तनावपूर्ण हैं। हल्द्वानी के चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सीएम धामी लगातार हल्द्वानी पर नजर बनाये हुए हैं। बीती रात भी सीएम धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसके साथ ही सीएम कार्यालय भी हल्द्वानी हिंसा मामले की पल पल अपडेट ले रहा थी। अब इसी कड़ी में सीएम धामी हल्द्वानी पहुंचे हैं।हल्द्वानी पहुंचे सीएम धामी ने सबसे पहले इस हिंसा में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान सीएम धामी ने सभी का हालचाल जाना। सीएम धामी ने घायल पुलिसकर्मियों से भी बातचीत की। इस दौरान सीएम धामी ने कहा हल्द्वानी में हुई घटना निंदनीय है। उन्होंने कहा उपद्रवियों पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। सीएम धामी ने कहा हल्द्वानी में सुनियोजित तरीके से हमला किया गया है। उन्होंने कहा हमला करने वाले उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सीएम धामी ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से साथ बैठक की। जिसमें सीएम धामी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सीएम धामी ने सभी लोगों से शांति की अपील की। सीएम धामी ने कहा उत्तराखंड देवभूमि है, यहां किसी भी तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बनभूलपुरा में कांग्रेस ने बताया हालात बेहद खराब

**देहरादून।** हल्द्वानी बनभूलपुरा बवाल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि वह लगातार क्षेत्र में लोगों के संपर्क में हैं। यहां पर हालात बेहद खराब होते जा रहे हैं। धार्मिक निर्माण पर कार्रवाई से पहले पुलिस को अतिरिक्त एहतियात बरतनी चाहिए थी। वह भी लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस हालत में शांति व्यवस्था बनाए रखें और कानून को अपने हाथ में ना लें। उन्होंने कहा कि इस मामले पर सरकार को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन इसकी आड़ में निर्दोषों पर किसी तरह की कोई भी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। करन माहरा ने कहा कि फिलहाल सरकार को शांति व्यवस्था बनाने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लोगों से बात करते हुए बेहतर समन्वय भी बनाना चाहिए। इसके अलावा मामले की शांत होने के बाद किसी रिटायर्ड जज की निगरानी में इस पूरे प्रकरण की जांच करने की मांग की। गौर हो कि बीते दिन हल्द्वानी बनभूलपुरा में अवैध मस्जिद और मदरसे को तोड़ा गया, जिस कारण क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

### सुडोकू 6462 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

# हिमाचल में डाक विभाग में भर्ती घोटाले में सीबीआई ने 2 और मामले दर्ज किए




**शिमला, 9 फरवरी (देशबन्धु)।** हिमाचल में डाक विभाग में भर्ती घोटाले में सीबीआई ने 2 और मामले दर्ज किए हैं। सीबीआई ने कथित तौर पर फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे हिमाचल में ग्रामीण डाक सेवक बने हरियाणा के दो युवकों के खिलाफ यह मामले दर्ज किए हैं। हरियाणा के भिवानी व हिसार में युवकों के खिलाफ तलाशी अभियान जारी है। तलाशी अभियान के दौरान सीबीआई की टीम ने कुछ आपत्ति जनक दस्तावेज बरामद होने का दावा भी किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने यह दो मामले प्रदेश के हमीरपुर व बिलासपुर जिलों में ग्रामीण डाक सेवक अथवा सयाक डाक पाल की भर्ती के सिलसिले में दर्ज किए हैं। आरोप है कि हरियाणा के युवकों ने जाली शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी दस्तावेजों को पेश कर नौकरियां प्राप्त की। ये मामले डाक भर्ती घोटाले के मामले में सीबीआई द्वारा पूर्व में दर्ज किए गए 2 मामलों के अतिरिक्त हैं। यह आरोप है कि षड्यंत्र के तहत मामले के आरोपियों ने जालसाजी की, जाली शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज़ प्राप्त किया एवं हिमाचल प्रदेश के डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक अथवा सहायक शाखा डाकपाल के तौर पर चयन प्राप्त करने हेतु भी प्रयोग किया। उन्होने कथित तौर पर दोषपूर्ण तरीके से वेतन प्राप्त किए एवं इस प्रकार से डाक विभाग को हानि पहुँचाई। मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में डाक विभाग में फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे नौकरी पाने का मामला बीते कुछ महीनों से चर्चा में है। इस मामले में दसवीं के फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी हासिल करने वाले करीब एक दर्जन डाक सेवकों को बर्खास्त किया गया है। बर्खास्त किए गए आरोपी उत्तर प्रदेश व हरियाणा के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि बर्खास्त किए गए आरोपियों की शिमला डाक मंडल के सब डिवीजन चौपाल और रोहड़ू की विभिन शाखाओं में तैनाती की गई थी।सभी एक से पांच साल तक नौकरी करते रहे। सनद रहे कि जांच में इनके दसवीं कक्षा के सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए हैं। आरोपियों के फर्जी सर्टिफिकेटों में 600 में से 588 से लेकर 591 अंक दर्ज थे।

# हल्द्वानी नगर निगम का जेई 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

- जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए जीजीआईसी ज्वालापुर ने किया बेहतर काम
- यूनेस्को से मिला अवॉर्ड



**हरिद्वार,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। ज्वालापुर स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज को जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय और यूनेस्को द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया है। इस कैटेगरी में पुरस्कार पाने वाला जीजीआईसी ज्वालापुर प्रदेश का एकमात्र विद्यालय है। वहीं, कॉलेज को बड़ा अवॉर्ड मिलने पर कॉलेज के शिक्षकों और छात्राओं में उत्साह है।

प्रिंसिपल पूनम राणा ने बताया कि जल और पर्यावरण संरक्षण की कैटेगरी में देश भर से 30 से ज्यादा विद्यालयों ने प्रतिभाग किया था, लेकिन उनके विद्यालय को ये अवॉर्ड मिला है। उन्होंने बताया कि जीजीआईसी की छात्राएं जल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कई गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करती हैं। जिसकी जल शक्ति मंत्रालय और यूनेस्को द्वारा सराहना की गई है। पांच फरवरी को दिल्ली के वसंत कॉन्टिनेंटल होटल में यूनेस्को और जल मंत्रालय की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय को बेस्ट वॉटर मैनेजमेंट के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और यूनेस्को के डायरेक्टर टिम कुर्टिस की ओर से प्रधानाचार्य पूनम राणा को ट्रॉफी दी गई है। वाटर डाइजेस्ट के इस प्रतिष्ठित सम्मान में विभिन्न श्रेणियों में कैंट आरओ, दिल्ली जल बोर्ड, नोएडा अथॉरिटी और नमामी गंगे जैसे विभागों को भी सम्मानित किया गया है।

इस पुरस्कार के लिए छात्राओं, शिक्षकों और प्रधानाचार्य के छोटे-छोटे जन जागरण प्रयासों की भी प्रशंसा की गई है। गंगा स्वच्छता, पॉलिथीन उन्मूलन, विद्यालय में चल रही एनएसएस की इकाई के जल संरक्षण संबंधित प्रयासों को भी सराहा गया है। इसके अलावा भविष्य में और अधिक समर्पित भाव से चेतना एवं जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया है।

## मौसम साफ होते ही उत्तराखंड में तापमान में आई बढ़ोत्तरी

**देहरादून,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में मौसम के साफ होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। देहरादून में भी अधिकतम तापमान शुक्रवार को 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। उधर पर्वतीय जनपदों के लिए एक बार फिर येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि ये येलो अलर्ट पाले को लेकर जारी हुआ है।

उत्तराखंड में मौसम के पूरी तरह साफ रहने की उम्मीद जताई गई है। गुरुवार की तरह ही शुक्रवार को भी आसमान साफ रहेगा और लोगों को सूर्य के दर्शन हो सकेंगे। इस स्थिति के कारण दिन में अधिकतर जिलों में लोगों को धूप देखने को मिलेगी और इसके कारण दिन के समय लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। इस स्थिति के कारण राज्य के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने वाली है। राजधानी देहरादून की बात करें तो शुक्रवार को अधिकतम तापमान के 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक रह सकते हैं। हालांकि गुरुवार को देहरादून में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक था और न्यूनतम तापमान करीब 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।मौसम विभाग ने पार्वती जनपदों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो पर्वतीय जनपदों में पाला पड़ सकता है। ऐसे में लोगों को एहतियात बरतने के सुझाव दिए गए हैं। पर्वतीय जनपदों में ज्यादा पाला पड़ने के कारण इसका असर फसलों पर भी पड़ना तय है। इसके अलावा राज्य भर में मौसम के शुष्क रहने की उम्मीद है।

# पढ़ाई के साथ संस्कुति और संस्कारों से भी जुड़े रहे विद्यार्थी : जयराम ठाकुर



शिमला , 9 फरवरी (देशबन्धु)। जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करने हेतु विद्यार्थी जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस पड़ाव में अनुशासन, नशे से दूरी, बड़ों का सम्मान और पढ़ाई के साथ खेलकूद में भाग लेना जरूरी होता है, इससे जीवन को एक दिशा मिलती है। बाल्यकाल के संस्कार ही जीवन में आगे सफल होने का आधार होते हैं। इसलिए हमें अपनी संस्कृति और संस्कारों के साथ भी जुड़े रहना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष विधायक सराज जयराम ठाकुर ने अपने विस क्षेत्र के तहत कशीम्बलीधार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होकर होनहार बच्चों को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन किया। इस मौके उन्होंने कहा कि स्कूल के सभी बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बने, मेरी यही शुभकामनाएं हैं। मुझे आज खुशी है कि जिस स्कूल में अध्यापकों को पहले सजा के तौर पर भेजा जाता था आज वहां अध्यापकों की मेहनत से बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चों की अच्छी पढ़ाई के साथ अब दूरदराज गांव समाज में भी बहुत बदलाव आ चुका है। इन दुर्गम इलाकों में भी आज सड़क सुविधा पहुंच चुकी है जिससे जीवन सरल हुआ है। सराज में आज ऐसी कोई पंचायत नहीं रह गई है जहां हमने सड़क नहीं पहुंचाई। पहली बार जब विधायक बना था तो यही प्रण लिया था कि किसी भी तरह यहां के लोगों की पीठ से बोझ उतारना है। आज खुशी है कि यहां सड़कें पहुंच चुकी है और लोगों को अब पैदल नहीं चलना पड़ता। उन्होंने बच्चों द्वारा भव्य राम मंदिर को लेकर दी सांस्कृतिक प्रस्तुति को सराहते हुए भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि पांच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या धाम में हमारे आराध्य भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं जिससे दुनिया भर के सनातनियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का नेतृत्व हमें आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिला है वही हमें आज दुनिया में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनने में मददगार साबित हो रहा है। आज देश को नरेंद्र मोदी जैसे दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेता की जरूरत है जो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति बना सकते हैं। उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों से आह्वान किया कि वे माह के अंत में जरूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनें। ये एक ऐसा मंच है जहां कभी राजनीतिक बातें नहीं होती बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देता है। विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा की बात हो या युवा पीढ़ी से सीधा संवाद करना हो तो प्रधानमंत्री जी हर बार सकारात्मक ऊर्जा भर देते हैं। उन्होंने इस मौके एसएमसी की मांग पर स्कूल भवनों के लिए वित्तीय मदद और रिक्त पड़े पदों को जल्द भरने का आश्वासन दिया। उन्होंने चिंता भी जताई कि सराज के स्कूलों से अध्यापकों को दूसरे क्षेत्रों में ट्रांसफर किया जा रहा है।

# हिमाचल सरकार ने कई प्रस्तावों पर लगाई मुहर




- प्रदेश 14वीं विधानसभा के बजट सत्र पर दिए जाने वाले राज्यपाल के अभिभाषण को स्वीकृति

**शिमला,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में हिमाचल प्रदेश 14वीं विधानसभा के बजट सत्र पर दिए जाने वाले राज्यपाल के अभिभाषण को स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्रिमण्डल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के संदर्भ में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम बनाने को भी स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमण्डल ने भंग किए गए हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग, हमीरपुर के तहत पुलिस जांच के कारण लम्बित विभिन्न परीक्षा परिणामों के कानूनी पहलुओं के परीक्षण के लिए उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता एक मंत्रिमण्डलीय उप-समिति गठित करने को स्वीकृति प्रदान की। उद्योग मंत्री हषवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा इस उप-समिति के सदस्य होंगे। मंत्रिमण्डल ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों को आवंटित तथा पट्टे पर दी गई और लम्बी अवधि से अनुपयोगी पड़ी राजस्व भूमि की समीक्षा के लिए एक मंत्रिमण्डलीय उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी इस उप-समिति के सदस्य होंगे। मंत्रिमण्डल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों में अनुपयोगी पड़े रिक्त भवनों की समीक्षा के लिए एक मंत्रिमण्डलीय उप-समिति गठित करने का भी निर्णय लिया। नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी तथा आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा इस उप-समिति के सदस्य होंगे।

मंत्रिमण्डल ने सोलन जिला के बद्दी में उपमण्डलाधिकारी (नागरिक) कार्यालय खोलने को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में सोलन जिला के पट्टा और कांगड़ा जिला के पालमपुर में खण्ड विकास कार्यालय खोलने को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं के तहत सीधी भर्ती के माध्यम से 5 पद भरने का निर्णय लिया। यह पद हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरे जाएंगे।

मंत्रिमण्डल ने राजस्व विभाग में तहसीलदार श्रेणी 'ए' के 9 पद और नायब तहसीलदार श्रेणी 'ए' के 19 पद भरने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमण्डल ने सोलन जिला की बद्दी तहसील के झाड़माजरी में आवश्यक पदों के सृजन सहित नया पटवार-वृत्त सृजित करने को भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में योजना विभाग में सीधी भर्ती के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के 7 पद भरने को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

## शेवेनिंग अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम में राज्य सरकार 10 छात्रों को भेजेंगी: डा. धन सिंह

- शेवेनिंग की इंडिया हेड ने की उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात

देहरादून, 9 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य के शिक्षा व उच्च मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि शेवेनिंग अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम में राज्य 10 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रेजुएट छात्रों को भेजा जाएगा। जिसमें पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल होंगी। मंत्री डॉ रावत आज शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय में ब्रिटिश गवर्नमेंट की छात्रवृत्ति संस्था शेवेनिंग की इंडिया हेड के साथ मीटिंग में बोलते हुए इसका ठोस प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार के सरकारी महाविद्यालयों से ग्रेजुएट पाँच छात्रों को शेवेनिंग भेज कर विशेषज्ञ बनाया जाएगा।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा कि छात्रवृत्ति कार्यक्रम को अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपने प्रदेश में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर है। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम में उत्तराखंड जरूर भागीदार बनेगा। शेवेनिंग इंडिया की प्रमुख सुप्रिया चावला ने इस बात पर जोर दिया कि शेवनिंग चार दशकों से 160 देशों में काम कर रहा है। संगठन के कार्यक्रम का एक उल्लेखनीय पहलू यह है कि यह बच्चों को इंग्लैंड के किसी भी विश्वविद्यालय में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है, जिसकी लागत आमतौर पर एक वर्ष के लिए 40 लाख रुपये होती है।

# प्रादेशिकी

## विद्यालय के निरीक्षण में स्कूलों की व्यवस्था की पोल खुली

**फर्रुखाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह द्वारा संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय दुबरी विकासखंड शमशाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय के शौचालय अत्यंत ही गंदे पाए गए विद्यालय परिसर में साफ सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षा का स्तर अत्यंत ही निम्न पाया गया छात्रों में बेसिक जानकारी का अभाव पाया गया जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को गणित के सवाल पूछे गए व सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए जिसका संतोषजनक जबाव बच्चों द्वारा नहीं दिया जा सका। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो से खाने के बारे में भी जानकारी ली गई जिलाधिकारी द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी रहे।

# उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बढ़े चालीस लाख विद्यार्थी : योगी



**सामाजिक असमानता को दूर करने में सहायक होगी शिक्षा में समानता : योगी आदित्यनाथ**

- **मुख्यमंत्री ने यूपी विधानपरिषद में प्रश्नकाल के दौरान दी जानकारी**

**लखनऊ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा में समानता लाने के व्यापक प्रयास हुए हैं, जो सामाजिक असमानता को दूर करने में सहायक होगा।

यूपी विधानपरिषद में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान डॉ. आकाश अग्रवाल के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले सात साल में यूपी में शिक्षा के स्तर को सुधारने का प्रयास सर्वविदित है। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,32,000 विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने का प्रयास हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सभी बच्चों को बैग, बुक, जूता, मोजा, स्वेटर प्रदान किया जा रहा है। यही नहीं फेज वाइज एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को यूपी बोर्ड में भी लागू करने का प्रयास हो रहा है। आज जब बेसिक शिक्षा परिषद वही पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है तो आवश्यक नहीं कि हम प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को भेजें। मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 40 लाख नये बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि सरकार के द्वारा किये गये प्रयासों का परिणाम सामने आ रहा है और आरटीई का उद्देश्य पूरा हो रहा है। वहीं एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार प्रत्येक छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में बैग, बुक, जूता, मोजा, स्वेटर के लिए 1200 रुपए प्रदान किया जाता है।

## सड़क हादसे रोकने को गंभीरता से प्रयास कर रही सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सड़क हादसों और उससे होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने के लिए गंभीरता से प्रयास किए हैं। इसके लिए सरकार की ओर से न सिर्फ व्यापक पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बल्कि नियमावली के माध्यम से लोगों को सड़क पर सेफ ड्राइविंग के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नियमावली के उल्लंघन पर योगी सरकार सख्ती से प्रवर्तन कार्यवाही को भी अंजाम दे रही है। शुक्रवार को विधानसभा में परिवहन विभाग से संबंधित ऐसे ही सवालों पर योगी सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा संबंधी तथ्यों से सदन को परिचित कराया गया। सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में राज्य सड़क सुरक्षा नीति के साथ ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के माध्यम से भी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े समागम माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई है। महाकुम्भ -2025 के आयोजन के रिहर्सल के रूप में आयोजित किये जा रहे इस माघ मेले को भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए योगी सरकार द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कई नए कदम उठाए गए थे जो पूरी तरह सफल रहे हैं। प्रयागराज के संगम तट पर लगे आस्था के सबसे बडे समागम माघ मेले के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का सिलसिला शुरू हो गया जो पुण्य काल में शाम तक चलता रहा। डीआईजी माघ मेला राजीव रंजन मिश्रा के मुताबिक़ इस स्नान पर्व में दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई है। प्रशासन ने इसके लिए 786 हेक्टेयर में बसाए गए इस माघ मेला को 6 सेक्टर में बांटते हुए स्नान के लिए 12 स्नान घाट बनाए जिसमे 8 हजार फीट का रनिंग इलाका स्नान के लिए रखा गया था।



- **माघ मेले में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा**

## हर बाला देवी की प्रतिमा बच्चा-बच्चा राम है : प्रो. संगीता शुक्ला

**मेरठ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है इसका मतलब यह है कि वह व्यक्ति जिसने कभी अपनी मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं किया। राम जी भगवान विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं उनके कई ऐसे गुण हैं जो हर बच्चे को अपने जीवन में अपनाने चाहिए भगवान राम ने अपने माता-पिता के फैसले को हमेशा सबसे ऊपर रखा और कभी भी उनके फैसलों पर सवाल नहीं किया ऐसे में बच्चों को भी यह सीख लेनी चाहिए कि अपने माता-पिता के फ़सलों का सम्मान करें क्योंकि मां-बाप हमेशा बच्चों के लिए अच्छा ही सोचते हैं बच्चों को बड़ों का सम्मान करना चाहिए। यह बात कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के निर्देशन में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव के तहत साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कही।

सर छोटूराम इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी स्थित अटल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कही कि भगवान राम के दोस्त उनके भाई लक्ष्मण और उनके भक्त हनुमान थे ऐसे में भगवान राम दोनों को ही बहुत महत्व देते थे बच्चों को भगवान राम से सीखना चाहिए कि कैसे सच्चे दोस्त बनाएं और हमेशा उनके साथ रहे भगवान राम ने हमेशा अपने गुरु वशिष्ठ की आज्ञा का पालन किया इसलिए हमें भी अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए जब कोई गलत राह पर जाता है तो गुरु भी उसे सही मार्ग दिखाता है खुद को हमेशा शांत रखना चाहिए भविष्य में किसी भी प्रकार की स्थिति हो हमें शांत रहना चाहिए अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना चाहिए नियंत्रण रखना चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरा देश राम में हो गया है। इस दौरान मदन मोहन मालवीय विद्यालय के छात्र भगवान श्रीराम, लक्ष्मीण सीता मां और भगवान हनुमान जी वेशभूषा में सबका मनमोह रहे थे।



- **बच्चों को भगवान राम से सीखना चाहिए कि कैसे सच्चे दोस्त बनाएं**

## सार संक्षेप

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी का महौल



**मेरठ।** स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने खुशी जाहिर की। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन ईमानदारी से बिताया उन्होंने किसानों की भलाई के लिए हमेशा अपनी पूरी ताकत से काम किया। वह किसानों के मसीहा थे। ये विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर ही यह विश्वविद्यालय है। पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह गौरव का पाल है। विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं छात्राओं में बहुत ही खुशी का माहौल है।

### बस की टक्कर से हेल्पर की मौत

**फर्रुखाबाद।** चर्चित विमल बस सर्विस की बस की टक्कर लगने से थाना मेरापुर के ग्राम नगला मकोड़ा निवासी 38 वर्षीय हेल्पर अरविंद मिश्रा की मौत हो जाने से कोहराम मच गया। हेल्पर अरविंद कादरी गेट क्षेत्र में बस को बैक कर रहा था इस दौरान बस व ट्रक के बीच में फंस जाने से घायल हो गया था अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। अरविंद की मौत पर पत्नी रेखा आदि परिजन बिलखते रहे।

### होमगार्ड को पीटने वाले को किया गया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने आईटीआई चौराहे के निकट रहने वाले टेंपो चालक अन्नू बाल्मिक को गिरफ्तार कर लिया है। जिसने 8 फरवरी को कचहरी के बाहर होमगार्ड दिनेश कुमार की पिटाई की थी।

### डीएम ने घटिया निर्माण की ईंट तोड़ी, जांच कमेटी बनाई

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वी.के. सिंह द्वारा निर्माणाधीन वृहद गौशाला दुबरी विकासखंड शमसाबाद का निरीक्षण किया गया। गौशाला निर्माण में उपयोग की गई जा रही सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। डीएम ने स्वयं ईंटों को तोड़कर देखा और पाया कि ईट सीमेंट व स्ट्रक्चर मानक के अनुरूप नहीं है। डीपीसी की क्वालिटी अत्यंत ही खराब पाई गई जिसे उन्होंने मौके पर ही तुड़वाया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व एक अन्य अधिशासी अभियंता की कमेटी बना कर हो रहे निर्माण की साप्ताहिक जाँच करा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खराब ईटें तुरंत ही हटाने के निर्देश दिए कार्यदाई संस्था को चेतावनी दी कि अब अगर कार्य खराब हुआ तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी हर स्टेज पर थर्ड पार्टी चेकिंग कराने के निर्देश दिये। मौके पर जूनियर इजीनियर अनुपस्थिति पाये गये असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया गया भवन की स्थिति अत्यन्त ही ख़राब पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।



## सुभारती विज्ञान संकाय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**मेरठ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विवि के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफसाइंस द्वारा आधार फाउन्डेशन, मेरठ के सौजन्य से संयुक्त रूप में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का शीर्षक नेक्स्ट जेनेरेशन एग्रीकल्चर फॉर ए सस्टेनेबल एनवायरमेंट एंड वन हेल्थ रहा। इस संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इन्द्रेश कुमार, स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हीरो हीतो, डीन एकेडमिक्स डॉ. ए.पी. गर्ग, संगोष्ठी सचिव डॉ. रेनू मावी द्वारा किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि का विश्वविद्यालय आगमन पर विवि के सम्राट अशोक सुभारती बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हीरो हीतो द्वारा स्वागत किया गया एवं डॉ. इंद्रेश कुमार ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया।

## प्रधान पति की हत्या का अरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

- **आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल बरामद**
- **फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

**मेरठ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित गांव राछौती मैं चुनावी रंजिश के चलते बुधवार रात गांव के ही रहने वाले दबंगों ने प्रधान पति को गोली मार दी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में प्रधान पति को उपचार के लिए मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था।

जहां उपचार के दौरान प्रधान पति की मौत हो गई थी। मृतक के परिवार वालों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा कायम करने के बाद आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। गांव राछोती के रहने वाले प्रधान पति विजय रावत पुत्र सच्चे सिंह को गांव के ही रहने वाले मोहित, शिवम पुत्र सुभाष, शिवम उर्फ कलवा और पंकज ने चुनावी रंजिश के चलते गोली मार दी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार वालों की मदद से गंभीर रूप से घायल प्रधान पति को विजय को उपचार के लिए मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया था जहां उपचार के दौरान विजय की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दायर कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने छापेमारी कर हत्या के मैंन आरोपी मोहित पुत्र राजकुमार को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से हत्या में प्रयोग की गई पिस्तौल बराबर कर ली है। वहीं पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।



## विस संयोजकों व प्रभारियों को सौंपी नई जिम्मेदारी

**अमेठी,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा में जिलाध्यक्षों को नई जिम्मेदारी सौंपने के बाद संयोजकों और प्रभारियों के फेर-बदल किए गए हैं। लैक फेड के निदेशक उमेश प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को गौरीगंज सदर विधानसभा में संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल अमेठी विधानसभा के संयोजक बनाए गए हैं। जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी को तिलोई और हेमंत विक्रम सिंह को जगदीशपुर विधानसभा के संयोजक बनाए गए हैं। उमेश प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह सात महीने पहले अगस्त में लैक फेड के निदेशक बनाए गए थे। लेकिन सात महीने बाद इस पद के साथ गौरीगंज विधानसभा के संयोजक बनाए गए हैं। मुन्ना सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद संघ के ज्ञान सिंह, अवधेश सिंह,रुद्र भान सिंह, कप्तान सिंह, आलोक सिंह, सत्यम सिंह आदि मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त किए हैं। मुन्ना सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के विश्वास और भरोसे को आगे बढ़ाएंगे। जबकि रविंद्र सिंह चौहान प्रतापगढ़ के कुंडा विधानसभा के प्रभारी बनाए गए है। मुन्ना सिंह टीम के मुखिया ज्ञान सिंह नगर पालिका के चुनाव में मुस्लिम वोटरों को भाजपा में मतदान कराए थे। जबकि पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ब्राह्मण समाज को जोड़कर भाजपा में मतदान कराए थे।

## मवाना में रिसेप्शन पार्टी का किया आयोजन





**प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया**

**मवाना,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रॉड पर आशीर्वाद बैंकट हॉल में पत्रकार अनिल शर्मा के सुपुत्र दीपक शर्मा की रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर व आस-पास के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। नगर के मौहल्ला कल्याण सिंह चौक निवासी दीपक शर्मा का विवाह 7 फरवरी को बुलंदशहर निवासी क्षमा से हुआ था, इसी की रिसेपशेन पार्टी में नगर की हस्तियों ने शिरकत की और दोनों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी अखिलेश सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक, अधिशासी अधिकारी सुधीर हस्तिनापुर ब्लॉक प्रमुख नितिन पोसवाल, क्राइम इंस्पेक्टर रामवीर, सीएचसी प्रभारी अनिल कुमार, सुभाष दीक्षित, सचिन पौशिक, सौरभ शर्मा, एलआईसी के ब्रांच मैनेजर भूपेन्द्र कुमार, सहायक बीएम मथन सिंह, एसबीए निरंजन सिंह, विकास अधिकारी सचिन कुमार, एजेंट सोम चौधरी, प्रदीप कुमार, नीरज शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, अंगूरी देवी शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, पूव प्रधान रामजी लाल, पत्रकार जीएन त्यागी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

**मेरठ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित श्यामनगर की रहने वाली एक महिला ने अपने बेटे की पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर बेटे की हत्या करने और उसके शव को भोले की झाल में फेंकने का आरोप लगते हुए बहू और उसके नूरनगर निवासी प्रेमी के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। ब्रह्मपुरी पुलिस ने अपहरण का मुकदमा कायम करते हुए तीन दिन पूर्व महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो प्रेमी ने प्रेमिका और एक साथी के साथ मिलकर प्रेमिका के पति की हत्या करना कबूल कर लिया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं पुलिस मृतक की पत्नी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : विजेंद्र

**मेरठ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में दो दिवसीय विश्वविद्यालय संस्कृतिक महोत्सव संगीतम का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ.जयानंद द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र निष्ठा विहान द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति से माहौल खुशनुमा हो गया। इसके पश्चात अवनीश गौर द्वारा भगवान गणेश के भजन से विश्व विद्यालय का कंन-कंन पवित्र हो गया। इसके पश्चात सत्य कम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा हनुमान चालीसा पर शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की गई जो अपने आप में देखने लायक थी। संगीतम 2024 के इस खास अवसर पर विश्वविद्यालय के म्यूजिकल बैंड राहे ने शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की। इसके अलावा योगा के छात्रों द्वारा योग नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस खास अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का छात्रों के विकास मे बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा की क्रिएटिविटी चारो तरफसे आए वही संगीतम हैं। इस सांस्कृतिक महोत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



**शोभित विश्वविद्यालय में संस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**आयोजन** | *वेंक्टेश्वरा समूह के खाते में जुड़ी एक और उपलब्धि*

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देकर सराहनीय कार्य कर रहा वेंक्टेश्वरा: मांडविया

**मेरठ,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। मेडिकल ऐजुकेशन एवं शानदार चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को 'एक्सीलेन्स इन हैल्थ एण्ड मेडिकल सर्विसेज' के लिए 'हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024' से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदान किया। नई दिल्ली प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपम में आयोजित हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 का शुभारम्भ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि आज मोदी की 'गारन्टी' के कारण भारतीय टेलेंट अब विदेशों का रुख न करके अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगे हैं। मोदी जी के विकसित भारत/2047 अभियान में स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका सर्वोच्च होगी। केंद्रीय मंत्री ने वेंक्टेश्वरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वेंक्टेश्वरा मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर देश के बाकी स्वास्थ्य संस्थानों को भी आगे आकर राष्ट्र विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के बल पर भारत अगले एक दशक में दुनिया का सिरमौर बनेगा। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने उपस्थित जनसमूह को विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में किये जा रहे शानदार कार्यों की विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत की। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 मिलने पर बधाई देने वालों का ताँता लग गया। उनको बधाई देने वालों में प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, प्रतिकुलपति राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग रहे।




- **डा.सुधीर गिरी को हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 से नवाजा**
- **डॉ.राजीव त्यागी ने चिकित्सा क्षेत्र की सफलताओं को गिनाया**

## अपहरण कर्ताओं को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। अदालत में थाना कादरी गेट के ग्राम नगला कलार निवासी बृजमोहन पुत्र भरत सिंह एवं थाना शमशाबाद के ग्राम अलेहपुर निवासी बृजेश पुत्र बलबीर सिंह को आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार का जुर्माना किया है। अभियुक्तों पर वर्ष 1993 में अपहत व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने थाना मेरापुर के ग्राम संकिसा निवासी अनुज उर्फ करू दीक्षित को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 20 हजार का जुर्माना किया है। अनुज ने वर्ष 2015 में गांव के ही ट्रक चालक गूगे की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अन्य दो अभियुक्त बड़ी हो गए। अनुज को अवैध शस्त्र रखने के मामले में 3 साल की सजा सुनाई गई।

# दुनिया रंग-बिरंगी

**एक भावनात्मक रोलरकोस्टर रही 'सालार' की यात्रा : प्रभास**

**मुंबई।** प्रभास की 'सालार पार्ट 1 - सीजफायर' 16 फरवरी को डिजिटल रूप से हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म को लेकर अभिनेता ने कहा कि यह यात्रा अविश्वसनीय और भावनात्मक रूप से रोलरकोस्टर रही है। सालार पार्ट 1- सीजफायर में देवा की मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता प्रभास ने कहा कि मैं सालार पार्ट 1 - सीजफायर की सफलता को लेकर रोमांचित हूं, इस फिल्म को बनाने का सफर हमारे लिए अविश्वसनीय और भावनात्मक उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर और मध्य भारत में मेरे प्रशंसक यह जानने के लिए सोशल मीडिया पर सवाल कर रहे हैं कि सालार हिंदी में कब आएगी। यह उन सभी के लिए है।

### सोने को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ का खुलासा

## रात के आहार में फलों को शामिल करने से बेहतर नींद में मदद

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। अगर आप अनिद्रा से पीड़ित हैं और आपके मस्तिष्क के सांसारिक विचारों से घिरे रहने के कारण पूरी रात करवटें बदलते रहने से आपका सो पाना मुश्किल लगता है तो रात के आहार में कुछ फलों को शामिल करने से बेहतर नींद में मदद मिल सकती है।

**पांच फल सेब, चेरी, कीवी, केला और अनानास शामिल**



ज्यादातर डॉक्टरों का मानना है कि वयस्कों को हर दिन सात या आठ घंटे की नींद लेनी चाहिए, हालांकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद अक्सर पीछे छूट जाती है, वहीं अपनी नींद को नजरअंदाज करने से मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि सोने से पहले अपने रात्रिकालीन आहार में कुछ फलों को शामिल करने से उनके सूजनरोधी गुणों, मेलाटोनिन और पोटेशियम के कारण बेहतर नींद में मदद मिल सकती है। विशेषज्ञों ने ऐसे शीर्ष पांच फलों के नाम गिनाये हैं जिनमें सेब, चेरी, कीवी, केला और अनानास शामिल है।

विशेषज्ञों के मुतबिक सेब पोषक तत्वों का बड़ा स्रोत है जो रात की अच्छी नींद में योगदान दे सकता है। यह फल विटामिन और मेलाटोनिन से भरपूर है जो रात में जागने से रोकने में मदद कर सकता है। स्टार प्लेयर्स में से एक विटामिन बी -6 है, जो सेब में मौजूद है और अनिद्रा को कम कर सकता है। इसके अलावा इसमें फाइबर और प्राकृतिक शर्करा रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने और किसी व्यक्ति के सामान्य मूड के साथ-साथ समग्र कल्याण में सुधार करने में मदद मिलती है।

चेरी शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट मेलाटोनिन के स्तर को बढ़ा सकती है जो विश्राम और सोने में सहायक होती है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि चेरी से भी अधिक तीखा चेरी का रस, जो एक वायरल चलन का हिस्सा बन गया है, रात को अच्छी नींद लाने के लिए एक अद्भुत पेय है। जूस में मेलाटोनिन होता है, जो इसे नींद की गुणवत्ता और अवधि को नियंत्रित करने का एक बेहतरीन प्राकृतिक तरीका बनाता है। लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन से पता चलता है कि तीखा चेरी का रस पीने से अनिद्रा से भी राहत मिल सकती है।

कीवी या कीवीफ्रूट एक छोटा अंडाकार आकार का फल है, जो कई विटामिन और खनिजों, विशेषकर विटामिन सी और ई के साथ-साथ पोटेशियम और फोलेट से भरपूर होता है। पोषण विशेषज्ञों का सुझाव है कि सोने से पहले कीवी के सेवन से बेहतर नींद की गुणवत्ता को बढ़ावा मिल सकता है। शोधकर्ताओं का भी मानना है कि कीवी सेरोटोनिन से समृद्ध है, जो नींद में सहायक होता है।

केले को पोषक तत्वों का पावरहाउस माना जाता है और सोने से ठीक पहले एक केला खाना नींद न आने की समस्या से निजात दिला सकता है। केले में उच्च स्तर का मैग्नीशियम और पोटेशियम होता है, जो मांसपेशियों को आराम दे सकते हैं। इसके साथ ही इसमें ट्रिप्टोफैन भी होता है, जो शरीर में सेरोटोनिन में परिवर्तित हो जाता है जो आपके मूड को नियंत्रित करता है और विश्राम को बढ़ावा देता है।

इसी प्रकार अनानास में मेलाटोनिन, विटामिन सी, मैग्नीशियम और फाइबर की प्रचुरता होती है। ये सभी सोने और जागने के चक्र को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि अनानास खाने के बाद शरीर में मेलाटोनिन मार्कर बढ़ जाते हैं जो आपको रात में जल्दी सो जाने में सक्षम बनाते हैं।अनानास में ब्रोमेलैन भी होता है, जो अपने सूजनरोधी गुणों के कारण मांसपेशियों को आराम देने में मदद करता है और इस प्रकार आपकी नींद में सुधार करता है।

## यह इन्फ्लुएंसर का युग है : नोरा फतेही

**मुंबई,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। आगामी फिल्म 'क्रैक' में भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नोरा फतेही ने कहा कि वर्तमान समय इन्फ्लुएंसर का है। अभिनेत्री ने 'क्रैक' की स्टारकास्ट के साथ मुंबई के एक मल्टीप्लेक्स में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर मीडिया से बात की। सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर के बारे में अभिनेत्री ने कहा कि एक इन्फ्लुएंसर बनने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है और यह जितना पैसा और मजबूती प्रदान करता है, उसे देखते हुए यह एक आकर्षक करियर विकल्प है।




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और 4जी के आगमन के बाद से कंटेंट में क्रांति आ गई है। रील्स ने न केवल इन्फ्लुएंसर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर दिए हैं, बल्कि इसने भारत की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दिया है। प्रत्येक निर्माता को अपने दर्शक मिल रहे हैं।

अभिनेत्री ने कहा कि यह इन्फ्लुएंसर का युग है। आज हर बच्चा एक इन्फ्लुएंसर बनना चाहता है, यह एक वास्तविक काम है और लोग इससे बहुत पैसा कमाते हैं। लेकिन यह कोई आसान काम नहीं है। आपके पास ऐसा व्यक्तित्व होना चाहिए जो लोगों को आपकी ओर आकर्षित करे। फिल्म में मेरे किरदार का नाम आलिया है और उसका व्यक्तित्व अनोखा है जो कहानी में एक अलग आयाम जोड़ता है।

विद्युत जामवाल और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा निर्मित, आदित्य दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## रोबोटिक सर्जरी से प्रोस्टेट कैंसर के मरीज को मिला नया जीवन

### गाजियाबाद निवासी 67 वर्षीय स्टेज-1 प्रोस्टेट कैंसर मरीज का हुआ सफल इलाज

**नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की तकनीक से 67 वर्षीय प्रोस्टेट कैंसर रोगी का सफल इलाज किया गया है। यह सफल सर्जरी डॉ. पीयूष वार्ष्णेय, एडिशनल डायरेक्टर, यूरोलॉजी द्वारा की गई। नरसिंह, इंदिरापुरम, गाजियाबाद के रहने वाले हैं। वे बढ़े हुए एस.पीएसए (21.0 एनजी/एमएल) के साथ डॉ. वार्ष्णेय के पास आए। डॉ. वार्ष्णेय ने उन्हें परामर्श दिया और टीआरयूएस निर्देशित प्रोस्टेट बायोप्सी कराई, जिससे पता चला कि उन्हें स्टेज-1 प्रोस्टेट कैंसर था।

प्रोस्टेट कैंसर की जांच के बाद, डॉ. वार्ष्णेय ने मरीज और उनके परिवार को रोबोटिक-सहायता प्राप्त रेडिकल प्रोस्टेटक्टोमी के बारे में बताया। सर्जरी में साढ़े तीन घंटे लगे। इस सर्जरी में रक्तस्राव न्यूनतम हुआ और मरीज को चार दिन बाद छुट्टी दे दी गई। इसके एक हफ्ते बाद कैथेटर भी हटा दिया गया और वर्तमान में मरीज न्यूनतम मूत्र रिसाव के साथ रिकवर हो रहे हैं।

**दुनिया में चौथा सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है**

डॉ. वार्ष्णेय ने बताया कि प्रोस्टेट कैंसर दुनिया में चौथा सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है। प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में रोबोटिक सर्जरी एक आधुनिक सर्जिकल तकनीक है, जिसे लेप्रोस्कोपिक प्रॉस्टेटेक्टोमी के नाम से भी जाना जाता है। रोबोटिक सर्जरी में बड़े चीरे की आवश्यकता नहीं होती है। इस प्रक्रिया में सर्जन रोगी के पेट में कुछ छोटे चीरे लगाते हैं और फिर एक रोबोट का उपयोग करके कैंसर प्रभावित ऊतकों को हटा देते हैं। रोबोटिक सर्जरी पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक फायदेमंद है। इसमें रक्त की हानि कम होती है।

बता दें कि इससे पहले फोर्टिस नोएडा हॉस्पिटल में अमेरिका की रहने वाली 32 वर्षीय मरीज की रोबोट की सहायता से सफल मायोमेक्टोमी सर्जरी की गई थी।

**इन विभागों में किया जा रहा रोबोटिक सर्जरी का प्रयोग**

अस्पताल में ऑन्कोलॉजी, रीनल साइंसेज, जनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी, थोरैसिक सर्जरी, ईएनटी, बेरिएट्रिक सर्जरी आदि के लिए रोबोटिक सर्जरी का प्रयोग सफलतापूर्वक किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक सर्जिकल प्रक्रियाओं में कम चीर फाड़ के साथ सटीकता से सर्जरी की सुविधा देती है। इससे मरीज को ठीक होने में कम समय लगता है और वह शीघ्र ही अपनी सामान्य जीवनचर्या को अपना लेते हैं।

## दक्षिण भारत को पहली ट्रांसजेंडर रेलवे टिकट निरीक्षक मिली

चेन्नई, 9 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु की ट्रांसजेंडर सिंधु, दक्षिण भारत में रेलवे टिकट निरीक्षक बनने वाली समुदाय से पहली हैं। 19 साल पहले एर्नाकुलम में रेलवे में शामिल हुए ट्रांसजेंडर का तबादला तमिलनाडु के डिंडीगुल में हो गया और वह पिछले 14 साल से वहीं काम कर रहे हैं। हालांकि, सिंधु एक दुर्घटना में घायल हो गईं और उन्हें रेलवे के कमर्शियल विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया।



सिंधु ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर लोगों को समाज में सम्मानजनक स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। मेरा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा और कड़ी मेहनत के माध्यम से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है।

पहली ट्रांसवुमन टिकट निरीक्षक ने यह भी कहा कि मुझे टिकट निरीक्षक बनने पर गर्व है और मैंने इस पद को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है। बता दें कि ट्रांसजेंडर समुदाय को कई क्षेत्रों में समाज द्वारा अस्वीकृति और बहिष्कार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्हें थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता देने वाले सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले ने समुदाय को सम्मान दिया है।

## इंस्टाग्राम यूजर्स पर एआई की मदद से टाइप कर भेज सकेंगे मैसेज, जल्द जारी होगा फीचर

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम कथित तौर पर यूजर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से मैजेस लिखने की अनुमति देने की कार्यक्षमता पर काम कर रहा है।

ऐप शोधकर्ता एलेसेंड्रो पलुजी ने एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है जो किसी अन्य यूजर्स को मैसेज भेजते समय 'राइट विद एआई' का ऑप्शन दिखाता है। पलुजी ने एक्स पर लिखा कि इंस्टाग्राम एआई के साथ मैसेज लिखने की क्षमता पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह संभवत: आपके मैसेज को अलग-अलग स्टाइल में फ्रेज करेगा, जैसे कि गूगल का मैजिक कंपोज कैसे काम करता है। मेटा धीरे-धीरे जेनरेटिव एआई फीचर्स की एक नई श्रेणी के साथ नए एक्सपीरियंस पेश कर रहा है जो लोगों के एक-दूसरे से जुड़ने के तरीकों का विस्तार और मजबूती प्रदान करता है। मेटा एआई एक असिस्टेंट है जिससे आप '1-ऑन-1' चैट कर सकते हैं या ग्रुप चैट में मैसेज भेज सकते हैं।

यह पिंच में रिकमेंडेशन्स दे सकता है, जब आपको मजेदार जोक्स की ज़रूरत हो तो आपको हंसा सकता है, ग्रुप चैट में डिबेट सुलझा सकता है और आम तौर पर सवालों के जवाब देने या आपको कुछ नया सिखाने के लिए मौजूद रह सकता है।

कंपनी के अनुसार, 'हम अभी केवल अमेरिका में एआई शुरू कर रहे हैं। मेटा एआई के साथ बातचीत करने के लिए, एक नया मैसेज शुरू करें और हमारे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर 'क्रिएट एन एआई चैट' सलेक्ट, या ग्रुप चैट में 'मेटा एआई' टाइप करें। मेटा एआई असिस्टेंट मिस्टर बीस्ट और चार्ली डीमेलियो जैसी मशहूर हस्तियों पर आधारित दर्जनों एआई कैरेक्टर के साथ व्हाट्सएप, मैसेंजर और इंस्टाग्राम पर आ रहा है। कंपनी के अनुसार, 'मेटा एआई में रील्स आपको वीडियो रिव्यूज के आधार पर घूमने के स्थानों के बारे में निर्णय लेने, ट्यूटोरियल वीडियो के साथ एक नया डांस सीखने या उस प्रोजेक्ट के लिए कुछ प्रेरणा देने में मदद कर सकती है जिस पर आप काम कर रहे हैं।'

## एम्स भुवनेश्वर के डॉक्टरों ने नौ वर्षीय बच्चे के फेफड़े से निकाली सुई

**भुवनेश्वर,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर के बाल रोग विशेषज्ञों ने अपनी तरह की पहली कोशिश में पश्चिम बंगाल के एक नौ वर्षीय बच्चे के फेफड़ों से सुई निकालकर उसकी जान बचाई। एम्स ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के एक नौ वर्षीय बच्चे के फेफड़ों (बाएं निचले लोब ब्रोन्कस लेटरल सेगमेंट) में सिलाई की सुई चुभने के बाद उसे यहां लाया गया था।

बाल रोग विभाग के डॉक्टरों की एक टीम में डॉ. कृष्णा एम गुल्ला, डॉ. केतन, डॉ. रामकृष्ण और डॉ. रश्मी रंजन दास शामिल हैं। उन्होंने बिना किसी जटिलता के सुई को सफलतापूर्वक निकाल दिया।

डॉक्टरों ने कहा कि हम बच्चों की बड़ी सर्जरी (थोरैकोटॉमी) से बच सकते हैं और पूरे देश में बहुत कम केंद्र है जो ब्रोंकोस्कोपी का उपयोग करके इस तरह की नुकीली वस्तुओं को निकालते हैं।

एम्स भुवनेश्वर में एक समर्पित बाल चिकित्सा पल्मोनोलॉजी और आईसीयू टीम है जो राज्य में नवजात आयु से लेकर 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों को ब्रोंकोस्कोपिक सुविधा से उपचार प्रदान करती है।

## मैं कभी भी सिल्वर स्क्रीन से दूर नहीं गया : अर्जुन रामपाल

**मुंबई,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। एक्टर अर्जुन रामपाल, जो अपनी अपकमिंग एक्शन फिल्म 'क्रैक' की रिलीज के लिए तैयार हैं, ने कहा है कि वह कभी भी सिल्वर स्क्रीन से दूर नहीं गए। बड़े पर्दे पर अपनी सीमित उपस्थिति के पीछे का कारण बताते हुए, एक्टर ने कहा कि वह इस बात को लेकर बहुत गंभीर हैं कि उन्हें किस तरह का काम करना है। हिंदी सिनेमा में, अर्जुन को अब से पहले 'धाकड़' में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। इसमें कंगना रनौत ने एजेंट अग्नि का किरदार निभाया था।



इस बार, अर्जुन 'क्रैक' में विद्युत जामवाल से भिड़ते नजर आएंगे। फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी हैं। हिंदी सिनेमा में सिल्वर स्क्रीन पर अपनी 'वापसी' के बारे में शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए 'रॉक ऑन!!' एक्टर ने कहा कि मैं कभी दूर नहीं गया, मैं हमेशा यहीं रहा हूं। बात सिर्फ इतनी है कि मैं अपनी फिल्में सोच-समझकर चुनता हूं क्योंकि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर अच्छे नहीं होते।

## ज़िंदगी पर 'अब्दुल्लापुर का देवदास' का उठाएं आनंद

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। एंटरटेनमेंट का शानदार ब्राण्ड 'ज़िंदगी' भारतीय दर्शकों का दिल जीतने के लिये तैयार है। इसके लिये 26 फरवरी, 2024 को चैनल अपना बेहद प्रतीक्षित शो अब्दुल्लापुर का देवदास लॉन्च करने जा रहा है। 13 एपिसोड के इस शो को अंजुम शहजाद ने निर्देशित किया और इसे शाहिद डोगर ने लिखा है। यह शो प्यार, दोस्ती और काव्य जैसे नाटक का एक दिलचस्प संगम होने का वादा करता है। 'अब्दुल्लापुर का देवदास' एक छोटे कस्बे की पृष्ठभूमि पर आधारित फखर और काशिफ की कहानी दिखाई गई है, जिनके किरदार क्रमश: 'एक झूठी लव स्टोरी' से मशहूर हुए बिलाल अब्बास, और राजा तालिश ने निभाये हैं। वह दोनों बेस्ट फ्रैंड्स हैं और एक ही लड़की से प्यार करते हैं, जिसका नाम गुलबानो (सारा खान अभिनीत) है। दोनों इस बात से अनजान हैं। हालांकि, गुलबानो की कल्पनाओं में देवदास नाम के एक कवि का बसेरा है। कहानी आगे बढ़ने के साथ काशिफ उसे बताता है कि वही देवदास है और गुलबानो उस पर फिदा हो जाती है। उसे पता नहीं है कि असली देवदास तो फखर है। 'अब्दुल्लापुर का देवदास' प्यार की एक बेहतरीन कहानी है, जो दिखाती है कि सचमुच प्यार में पड़ा कोई इंसान कैसे सभी सीमाओं को पार कर जाता है, चाहे उसे अपनी ज़िंदगी गंवानी पड़े। दिल को छू लेने वाली इस कहानी में प्यार, दोस्ती, धोखेबाजी और कुर्बानी का एक दमदार पैकेज है। इसके अलावा सवेरा नदीम, अनुशय अब्बासी और नोमान इजाज जैसे कलाकार कहानी को गहराई देते हैं। यह शो प्यार और दोस्ती के बीच नाजुक संतुलन भी दिखाता है और एक मार्मिक प्रश्न उठाता है कि "महबूब या मोहब्बत" हमारी जिन्दगी में प्यार सबसे ताकतवर होता है, लेकिन कुर्बानी और समझौते इस शो में ज्यादा मायने रखते हैं।




## जीवन में खुशी, आत्मविश्वास व मानसिक शक्ति पर लिखी डॉ. राजेश राणा की पुस्तक का हुआ विमोचन



**ग्रेटर नोएडा,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टर राजेश राणा, फियोजोथेरिपिस्ट ने ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में अपनी पहली पुस्तक का विमोचन करते हुए, जीवन में तनाव को दूर करने व खुशियां कैसे हासिल की जा सकती है सम्बोधित किया। डॉ. राणा ने बताया कि अपनी इस उम्र में लगभग 95 प्रतिशत सफलता दर के साथ 80 हजार से अधिक रोगियों को एक स्वस्थ जीवन शैली देने का प्रयास किया। अपनी पहली किताब 'बूस्ट योर मेंटल हेल्थ वीद लव, रोमांस, इंटीमेसी फॉर्म डिटरमिनेशन' का विमोचन करते हुए डॉ. राणा ने कहा कि यह विशेष पुस्तक आपको सुखी, स्वस्थ व खुशहाल जीवन जीने की सरल व महत्वपूर्ण युक्तियां प्रदान करती है। इस पुस्तक में डॉक्टर राणा ने जीवन के विभिन्न रंग जैसे की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, प्रेरणा, उपलब्धियां रोमांस,अंतरंगता, मानसिक शक्ति, दृढ़ संकल्प व खुशहाली को बड़ी ही खूबसूरती से दरशाया है। इस अविश्वसनीय पुस्तक के पीछे का मुख्य उद्देश्य आपको मानसिक रूप से इतना मजबूत बनाना है कि कोई भी बाधा, नकारात्मकता, तनाव, चिंता, अवसाद आप पर हावी ना हो पाए। इस पुस्तक के माध्यम से जीवन के अनिवार्य पहलू प्यार व खुशहाली को भी सुर्खियों में ला दिया गया है। उनका उद्देश्य अपने पाठकों को उनके लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक

**■ पुस्तक में नकारात्मक जीवन से संपूर्ण सकारात्मक जीवन कि लिए सकारात्मक विचारों को समझाया गया**

अलग रास्ता दिखाना और अपने आत्मविश्वास, ज्ञान की गहराई और कड़ी मेहनत से अर्जित सफलता रणनीतियों से अवगत कराना है जो किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत, व्यवसायिक और रचनात्मक विकास के लिए बहुत आवश्यक है। इस पुस्तक में किसी के नकारात्मक जीवन को संपूर्ण सकारात्मक जीवन में बदलने के कुछ उपाय के साथ-साथ कई सकारात्मक विचारों को अच्छी तरह से समझाया गया है। डॉक्टर राणा ने बताया कि जीवन में खुश रहना अत्यंत आवश्यक है। जो व्यक्ति खुश रहता है वह हमेशा धनवान रहता है। खुश रहने के लिए बड़ी खुशी का इंतजार न करें। एक कृतज्ञ व्यक्ति छोटी-छोटी बातो में भी खुशीयां ढूंढ लेता है। जब हम स्वस्थता का उल्लेख करते हैं तो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से स्वस्थ होना भी अति आवश्यक है। खुश रहने वाला व्यक्ति बड़ी ही सहजता के साथ अपने आसपास खुशियां बिखरता हैं और हर नकारात्मकता को सकारात्मक में बदल देता है। दुनिया पर अपने छाप छोड़ने के अलावा किताब लिखने के पीछे डॉक्टर राणा का मकसद एक सार्थक विरासत देने का सबसे अच्छा तरीका है। उनका लक्ष्य हमेशा व्यक्तियों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।

## 28 वर्षों के बाद भारत में होगा 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (देशबन्धु)। 28 वर्षों के बाद भारत में अंतरराष्ट्रीय समारोह मिस वर्ल्ड को लेकर सारी अटकलों के चरम पर पहुंचने के साथ, अब मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ने आधिकारिक रूप से 71वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल की घोषणा की है। इसका आयोजन 18 फरवरी से 9 मार्च 2024 के बीच भारत की सबसे बेहतरीन जगहों पर किया जाएगा। इस फेस्टिवल के प्री-लॉन्च कॉन्फ्रेंस का शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मौजूदा मिस वर्ल्ड, कैरोलिना बिलावस्का के साथ-साथ पूर्व मिस वर्ल्ड विजेता टोनी एन सिंह, वैनेसा पोंस डी लियोन, मानुषी छिल्लर, और स्टेफ़नी डेल वैले पहली बार ग्रैंड फिनाले के मंच पर साथ होंगे।



71वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल का शुभारंभ इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन आईटीडीएस द्वारा द ओपनिंग सेरेमनी और इंडिया वेलकम्स द वर्ल्ड गाला से 20 फरवरी को नई दिल्ली के होटल द अशोक में होगा। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में 9 मार्च को इसका ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम काफी धमाकेदार होने वाला है। इसकी स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण पूरी दुनिया में किया जाएगा। सितारों से सजे इस अनोखे उत्सव के शानदार फिनाले में जानी-मानी हस्तियां शिरकत करने वाली हैं, जोकि अपने अद्भुत परफॉर्मेंस से कार्यक्रम को और भड़कीला बनाएंगी।

चेयरमैन एवं सीईओ, मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन, जूलिया मोर्ले सीबीई कहती हैं कि भारत के प्रति मेरा प्यार किसी से छुपा नहीं है और इस देश में 71वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल का आयोजन मेरे लिए काफी अहमियत रखता है। मैं जमील सैदी की आभारी हूं जिन्होंने अपनी पुरजोर कोशिशों से भारत में इसकी वापसी को सच कर दिखाया। 71वें एडिशन के लिए हमने बहुत ही बढ़िया टीम बनाई है। 28 वर्षों के बाद भारत में मिस वर्ल्ड की वापसी आप सबकी वजह से मुमकिन हुई।120 मिस वर्ल्ड देशों का तहे दिल से स्वागत है जिन्होंने पूरी दुनिया से ब्यूटी विद ए परपज़ एम्बेसडर्स को भेजा है।आप सबका 71वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल में स्वागत है।

## अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में किए राम लला के दर्शन



**मुंबई,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में राम लला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की है। अमिताभ बच्चन अपने पुत्र अभिषेक बच्चन के साथ 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे।अमिताभ बच्चन एक बार फिर से राम मंदिर में दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। भारी सुरक्षा प्रबंधों के बीच अमिताभ ने राम जन्म भूमि परिसर में प्रवेश किया और राम लला की पूजा अर्चना की। इस दौरान की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 3.55 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.31 प्रतिशत |
| आईसीआईआई बैंक | 2.14 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.39 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.40 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.88 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.84 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.67 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.39 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## किसानों को उपज का सही मूल्य मिले, उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास तेज हों : मुर्मु

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किसानों की गरीबी की स्थिति को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनको उसकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास अधिक तेज करने की जरूरत पर बल दिया। श्रीमती मुर्मु ने सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरने की यात्रा में देश का किसान अग्रदूत होगा। राष्ट्रपति यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के 62वें दीक्षांत समारोह में दीक्षांत भाषण दे रही थीं।

उन्होंने कहा, हम सब किसान एवं कृषि संबंधी समस्याओं से अवगत हैं। हमारे कितने ही किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, वह अभावग्रस्त जीवन से समृद्धि की ओर बढ़े, इस दिशा में हमें और भी तत्परता से आगे बढ़ाना होगा।

राष्ट्रपति ने कहा, मुझे पूर्व विश्वास है कि कि वर्ष 2047 में जब भरत विकसित राष्ट्र बन कर उभरेगा, तब भारत का किसान इस यात्रा का अग्रदूत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में काफी वृद्धि की है ताकि किसानों को आय सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि



जैविक खेती को बढ़ा देने से मृदा-स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। किसान सम्पदा योजना से देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ किसानों को बेहतर मूल्य पाने में सहायता मिलेगी और यह किसानों की आमदनी दोगुना करने दिशा में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने, नवीन कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, सिंचाई व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध करने के लिए सकरार बहुत तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने इसी संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और फसल बीमा योजना का भी उल्लेखनीय किया।

कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ऐसा कहा जाता है कि किसान के हल की नोक से खींची गयी रेखा सभ्यता के पूर्व के समाज और विकसित समाज के बीच की रेखा है। किसान न केवल विश्व के अन्नदाता हैं ,बल्कि सही अर्थों में जीवनदाता हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि ऐसे अनुसंधान जमीन पर दिखें।

उन्होंने कहा, यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। आईएआरआई ने 2005 और 2020 के बीच 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं।

राष्ट्रिपति ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी का जीविकोपार्जन खेती से होता है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए यह सुनिश्चित करना काफी आवश्यक है कि हमारी अर्थव्यवस्था का यह आधार यथासंभव बढ़े और इसमें किसी तरह की कोई बाधा न आए।

## जेएसडब्ल्यू वन ने जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की

**गाजियाबाद** 9 फरवरी (एजेंसियां)। 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू वन ने आज जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए नए मानक स्थापित करते हुए, भारत की निर्माण महत्वाकांक्षाओं को सशक्त बनाना है। बीआईएस-प्रमाणित जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, ग्राहकों को एक टीएमटी में 10 गुना लाभ प्रदान करके नए मानक स्थापित करते हैं। इसमें श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ रिब डिज़ाइन, बेहतर रसायन विज्ञान, संक्षारण प्रतिरोध, यूरोपीयन तकनीक, बजट अनुकूलता, उच्चतम लचीलापन और मोड़ने की क्षमता, बढ़ी हुई संरचनात्मक शक्ति, सर्वोच्च कंक्रीट पकड़, समान गेज और आयाम तथा गर्मी / भूकंप प्रतिरोध शामिल है, जो कि जेएसडब्ल्यू की विरासत के रूप में इसके स्टील में निहित है। जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, गुणवत्ता और प्रदर्शन के अंतर को खत्म करते हैं, जिसका अक्सर ग्राहकों और निर्माण कंपनियों द्वारा सामना किया जाता है। ये सरिए अपने साथ क्षेत्रीय बाजारों में प्रचलित स्थानीय गैर-मानक टीएमटी ब्रैंड्स की चुनौती का समाधान लेकर आते हैं।

पार्थ जिंदल, डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स, ने कहा, 'जैसा कि हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से पूरे भारत में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं, हम पाते हैं कि बाजार में हमारे ग्राहकों को किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले टीएमटी खोजने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता है। बाजार में अमानक और अपुष्ट प्रोडक्ट्स की भरमार है। इन्हीं बाजारों को हम जेएसडब्ल्यू वन के लिए अरबों डॉलर के एक बड़े अवसर के रूप में देखते हैं। इसे संबोधित करने के लिए ही हमने प्राइवेट ब्रैंड्स बिज़नेस की स्थापना की है। जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी हमारा पहला प्राइवेट ब्रैंड प्रोडक्ट है, और हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में ऐसे और भी प्रोडक्ट्स लॉन्च करेंगे।'

## लिशियस ने अपने 3 प्रतिशत कार्यबल की छंटनी की




**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) फूडटेक प्लेटफॉर्म लिशियस एक पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने लगभग 3 प्रतिशत कार्यबल यानी तकरीबन 80 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह पारंपरिक बाजार से ऑनलाइन बाजार में ट्रांजिसन को और बढ़ावा देने के लिए यूजर संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण गुंजाइश देखती है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, नए विकास कारकों पर विचार कर हम अपनी लागत परिव्यय को दोबारा प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसा करते हुए, हमें उन कुछ कर्मचारियों से अलग होना पड़ रहा है, जो हमारी यात्रा का हिस्सा रहे हैं। लिशियस का वित्त वर्ष 2013 में परिचालन राजस्व स्थिर रहा और 746.3 करोड़ रुपये तक पहुंचा जो उसके अनुमान के आधे से भी कम है।

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म टॉफलर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, भले ही कंपनी का राजस्व स्थिर रहा, वित्त वर्ष 2023 में इसका घाटा वित्त वर्ष 2022 में 855.6 करोड़ रुपये से लगभग 38 प्रतिशत कम होकर 528.5 करोड़ रुपए हो गया।

## वित्तीय अभियोजकों ने फ्रांस में हुआवेई के कार्यालयों पर छापा मारा

**पेरिस,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। चीनी की दिग्गज टेक कंपनी हुआवेई के फ्रांसीसी कार्यालयों की इस सप्ताह तलाशी ली गई। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वह अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में ये जानकारियाँ सामने आई हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक फ्रांसीसी न्यायिक सूत्र ने बताया कि छापेमारी वित्तीय अभियोजक के कार्यालय द्वारा कथित तौर पर ईमानदारी के उल्लंघन को लेकर शुरू की गई प्रारंभिक जांच के हिस्से के रूप में की गई थी, जो भ्रष्टाचार, पक्षपात और प्रभाव को बढ़ावा देने जैसे अपराधों से संबंधित एक व्यापक शब्द है। सूत्र ने जांच के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। प्रारंभिक जांच




का मतलब यह नहीं है कि किसी तरह की गड़बड़ी हुई ही है। शेन्ज़ेन स्थित फर्म ने कहा कि तलाशी मंगलवार को हुई थी। सीएनएन ने कंपनी के प्रवक्ता के हवाले से बताया, हुआवेई 20 वर्षों से अधिक समय से फ्रांस में है, और देश में लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन कर रही है। हालांकि हुआवेई फ्रांस चल रही जांच पर टिप्पणी नहीं करना चाहती है, कंपनी अपने निष्कर्षों को लेकर आश्वस्त है।

कंपनी ने 2020 में घोषणा की थी कि वह फ्रांस में 20 करोड़ यूरो (लगभस 21.5 करोड़ डॉलर) के निवेश के साथ वायरलेस संचार उपकरण बनाने वाली एक फैक्ट्री बनाएगी और सालाना एक अरब यूरो (लगभग 1.08 अरब डॉलर) मूल्य के उत्पादों का निर्माण करेगी। बाद में कई यूरोपीय देशों ने या तो हुआवेई को अपने 5जी टेलीकॉम नेटवर्क से प्रतिबंधित कर दिया, या नेटवर्क में कंपनी की भूमिका को प्रतिबंधित कर दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में फ्रांसीसी सार्वजनिक रेडियो से बात करते हुए, हुआवेई फ्रांस के उप महाप्रबंधक मिंगगांग झांग ने कहा कि फैक्ट्री 2025 के अंत तक अलसैस क्षेत्र में परिचालन शुरू कर देगी।

## सार संक्षेप

### रुपया नौ पैसे गिरा

**मुंबई।** स्थानीय तेल कंपनियों, कारोबारियों और आयातकों की डॉलर मांग बढ़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे गिरकर 83.05 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.96 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 82.95 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 83.07 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.96 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में नौ पैसे गिरकर 83.05 रुपये प्रति डॉलर रह गया। डॉलर सूचकांक काफी हद तक 104.2 के करीब स्थिर रहा। साथ ही अधिकांश एशियाई मुद्राओं का कारोबार सीमित दायरे में रहा। लेकिन, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शीघ्र शुरू करने के दाव के दबाव के कारण इसमें गिरावट आई।

### अमेजन डॉट इन के वैलेंटाइन डे स्टोर से अपने सबसे पसंदीदा इंसान के लिए खरीदें सबसे शानदार गिफ्ट

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे, अमेजन डॉट इन पर खासतौर पर तैयार किए गए वैलेंटाइन डे स्टोर से शॉपिंग कीजिए, और अपनी जिंदगी के सबसे पसंदीदा इंसान पर तोहफों की बारिश कर दीजिए. यह वैलेंटाइन डे स्टोर 14 फरवरी 2024 तक लाइव रहेगा। इस स्टोर में वेरा मोडा, जीवा, कैडबरी, फ्लावर ऑरा, वनप्लस, सोनी, बोट, फॉसिल आदि जैसे दिग्गज ब्रांडों के शानदार प्रोडक्ट बेहतरीन ऑफर्स के साथ उपलब्ध हैं। चॉकलेट से लेकर फूलों, ग्रूमिंग से जुड़ी जरूरी चीजें, हैंडबैग, घड़ियां, परिधान, स्मार्टफोन, टीवी, जूते और वीडियो गेम तक, अमेजन के इस वैलेंटाइन स्टोर में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। अगर आप अभी तक तय नहीं कर पा रहे हैं कि अपने प्रियजन को क्या गिफ्ट दें, तो परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है! अमेजन डॉट इन के गिफ्ट कार्ड इसका एक बहुत ही शानदार समाधान हैं। इस कार्ड को आप उनकी पसंद के मुताबिक कस्टमाइज कर सकते हैं। इसके अलावा हैप्पी हैप्पी वैलेंटाइन डे और टुगेदर फॉरएवर जैसे कई दूसरे विकल्प भी हैं। यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैं जिन्हें आप अपने प्यार का इजहार करने और वेलेंटाइन डे मनाने के लिए अमेजन डॉट इन के वेलेंटाइन डे स्टोर से खरीद सकते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 551.3 अरब डॉलर पर पहुंच गयी।

## गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई** 9 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एसबीआई, आईसीआईआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले दो दिनों की गिरावट से उबरकर आज मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 167.06 अंक की तेजी के साथ 71,595.49 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 64.55 अंक चढ़कर 21,782.50 अंक हो गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में गिरावट का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.82 प्रतिशत गिरकर 39,569.57 अंक और स्मॉलकैप 1.36 प्रतिशत का नुकसान उठाकर 45,650.30 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3932 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1316 में लिवाली जबकि 2518 में बिकवाली हुई वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 27 कंपनियों में तेजी जबकि 23 में गिरावट रही। बीएसई के पांच समूहों में लिवाली हुई। इससे एफएमसीजी 0.23, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 0.34, बैंकिंग 1.48 और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समूह के शेयर मजबूत रहे। वहीं, ऊर्जा 1.30, इंडस्ट्रियल्स 1.21, दूरसंचार 1.45, यूटिलिटीज 1.36, धातु 1.62, तेल एवं गैस 1.97, पावर 1.10 और कैपिटल गुड्स समूह के शेयर 0.86 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुझान रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.08, जर्मनी का डैक्स 0.02, जापान का निक्केई 0.09 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.28 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.83 प्रतिशत की गिरावट रही।

कारोबार की शुरूआत में 18 अंक फिसलकर 71,410.29 अंक पर खुला सेंसेक्स बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 71,200.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 71,676.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 71,428.43 अंक के मुकाबले 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,595.49 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी नौ अंक बढ़कर 21,727.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,629.90 अंक के निचले जबकि 21,804.45 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,717.95 अंक की तुलना में 0.30 प्रतिशत चढ़कर 21,782.50 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एसबीआई 3.55, सन फार्मा 2.31, आईसीआईआई बैंक 2.14, एक्सिस बैंक 1.39, बजाज फाइनेंस 1.17, टाइटन 1.17, नेस्ले इंडिया 1.09, एशियन पेंट 0.76, कोटक बैंक 0.69, रिलायंस 0.67, इंडसइंड बैंक 0.55, विप्रो 0.29, आईटीसी 0.28, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26, टेक महिंद्रा 0.15 और बजाज फिनसर्व 0.03 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.40, भारती एयरटेल 1.88, एनटीपीसी 1.84, टाटा स्टील 1.67, इंफ़ोसिस 1.39, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.27, पावरग्रिड 1.12, टाटा मोटर्स 1.03, मारुति 0.56, अल्ट्रासिमको 0.51, एलटी 0.38, एचसीएल टेक 0.15 और टीसीएस के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## अब फोन नंबर बंद कर ऑडियो, वीडियो कॉलिंग के लिए एक्स का इस्तेमाल करेंगे मस्क



**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। टेक अरबपति एलन मस्क ने एक्स के ऑडियो/वीडियो कॉलिंग फीचर को बढ़ावा देते हुए कहा कि वह अपना फोन नंबर बंद कर देंगे, ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए केवल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का उपयोग करेंगे।

मस्क ने एक्स पर लिखा, कुछ महीनों में, मैं अपना फोन नंबर बंद कर दूंगा और टेक्स्ट और ऑडियो/वीडियो कॉल के लिए एक्स का उपयोग करूंगा। मस्क के इस कदम को एक्स की ऑडियो और वीडियो कॉलिंग क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन सुविधाओं को पिछले साल अक्टूबर में जारी किया गया था, तब से मस्क सक्रिय रूप से एक्स को एक सर्वव्यापी ऐप बनाने पर जोर दे रहे हैं।

इस फीचर को पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किया गया था। जिसे चुनिंदा उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया गया था। पिछले महीने, माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप से सीधे ऑडियो और वीडियो कॉल करने की सुविधा शुरू की थी।

मस्क की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कई यूजर्स ने अपने विचार साझा किए। एक यूजर ने लिखा, 2027 में एलन मस्क - मैं अब अपने फोन का उपयोग टेक्स्ट या ऑडियो विजुअल के लिए नहीं कर रहा हूं। मैं अपने ब्रेनवेव्स और न्यूरल फ्लॉन्क लिंक 47.2 का उपयोग कर रहा हूं। एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, क्या इसे एन्क्रिप्ट किया जाएगा या अल्फाबेट एजेंसियां सुन रही होंगी। एक अन्य उपयोगकर्ता ने उल्लेख किया, आपको बैंक लेनदेन के लिए ओटीपी कहां से प्राप्त होंगे? इस बीच, डाउनलोड के मामले में एक्स ने एप्पल के ऐप स्टोर चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3935 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट लेकर 47.71 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 2825-2925 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## गैस रिसाव की रोकथाम के लिए जोसलर हाइड्रोकार्बन ने एमएनजीएल के साथ किया ऐतिहासिक समझौता

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक सुरक्षा की दिशा में एक दूरदर्शी कदम उठाते हुए गैस रिसाव का पता लगाने वाली अहमदाबाद स्थित एक प्रमुख कंपनी जोसलर हाइड्रोकार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने यूएस स्थित तकनीकी भागीदार हीथ को एमएनजीएल के साथ अभूतपूर्व समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि जोस्लर हाइड्रोकार्बन सभी प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों के लिए लीक उपकरणों और सेवाओं को साबित करने में ह्यूस्टन स्थित कंपनी हीथ के साथ 10 वर्षों से अधिक समय से भागीदार रहा है। 2019 के बाद से, जब जोसलर ने गैस रिसाव का पता लगाने के क्षेत्र में प्रवेश किया, उसने पूरे भारत में अग्रणी सिटी गैस वितरण कंपनियों के लिए 13 हजार किलोमीटर से अधिक गैस पाइपलाइनों का सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं।

हीथ की उन्नत कार्यप्रणाली में प्रशिक्षित और परिष्कृत उपकरणों का उपयोग करने वाली टीमों द्वारा किए गए इन सर्वेक्षणों ने मीथेन उत्सर्जन को काफी हद तक कम करके और बेहिसाब गैस से होने वाले वित्तीय नुकसान पर अंकुश लगाकर भारत के




सिटी गैस वितरण (सीजीडी) पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा, पर्यावरणीय प्रभाव और वित्तीय अखंडता में उल्लेखनीय सुधार किया है। यह समझौता ज्ञापन अप्रैल 2021 में जलवायु पर नेताओं के शिखर सम्मेलन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा घोषित ऊर्जा सहयोग के एक महत्वपूर्ण पहलू का प्रतिनिधित्व करता है। यह यूएस-भारत कम उत्सर्जन गैस टास्क फोर्स (एलईजीटी) के तहत संचालित होता है।

एमओयू पर हस्ताक्षर के मौके पर जोसलर के निदेशक, नील मेहता ने बताया कि यह समझौता एमएनजीएल, हीथ और जोसलर को संयुक्त रूप से मिथेन उत्सर्जन को कम करने, भूमिगत उपयोगिताओं को नुकसान रोकने, अपशिष्ट गर्मी को पुनर्प्राप्त करने, भूमिगत गैस का सटीक पता लगाने और समग्र सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने के अवसरों का पता लगाने के लिए नियुक्त करता है। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर विचार करते हुए, जोसलर के अध्यक्ष सुधांशु मेहता ने जोर देकर कहा, यह समझौता ज्ञापन %भारतीय आसमान को सुरक्षित और स्वच्छ रखने% के लिए जोसलर की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह पर्यावरण संरक्षण और जनता को प्राथमिकता देने वाले ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी नवीन दृष्टिकोणों के प्रति हमारे अटूट समर्पण को रेखांकित करता है।

जोस्लर हाइड्रोकार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक विविध समूह है जो तेल और गैस, आईटी और आईटीईएस, पेरीमीटर इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सॉल्यूशंस, टेलीकॉम, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट के लिए सॉल्यूशंस, एन्क्रिप्टेड सिक्योर कम्युनिकेशन में काम करता है, जो ग्राहकों की व्यापक जरूरतों को पूरा करता है। जोस्लर ने वर्ष 2008 में सरकार के एनईएलपी-सात दौर में बोली लगाने के लिए अन्वेषण ब्लॉकों के मूल्यांकन के साथ पश्चिमी भारत की तेल राजधानी, गुजरात के अहमदाबाद में आधार के साथ अपनी गतिविधियाँ शुरू कीं। भारत की।

# खेल जगत

## डेविड वॉर्नर ने टी20 से संन्यास के दिए संकेत

**होबार्ट,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने पुष्टि की है कि आगामी टी20 विश्व कप 2024 उनकी शानदार क्रिकेट यात्रा का समापन होगा। वनडे और टेस्ट क्रिकेट को पहले ही अलविदा कहने के बाद उनकी अंतिम वनडे उपस्थिति के परिणामस्वरूप 2023 में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप में विजयी जीत हुई, जबकि उनके टेस्ट करियर का समापन पाकिस्तान के खिलाफ एक प्रभावशाली घरेलू श्रृंखला के साथ हुआ, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए वार्नर ने आगामी टी20 विश्व कप में भाग लेने और अपने शानदार करियर को वैश्विक मंच पर समाप्त करने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की। केवल 36 गेंदों पर 70 रनों की उनकी शानदार पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिलाया, जिससे एक गतिशील और प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में उनका कद और मजबूत हो गया।



# प्रो हॉकी लीग दुनिया की उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेल ओलंपिक के लिए तैयार करने का मौका : हरमनप्रीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ चीफ कोच फुल्टन बोले, कोशिश आक्रामक हॉकी और रक्षण में तालमेल बैठाने की

नई दिल्ली, 9 फरवरी (देशबन्धु)। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भुवनेश्वर में अपना अभियान स्पेन के खिलाफ शनिवार को शुरू करेगी। भारत को अपने नौजवान ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार के पास्को एक्ट के तहत बलात्कार के आरोप के चलते प्रो लीग से हटने की कमी जरूर कुछ अखरेगी। एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2023-24 मुकाबले 10 से 16 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में तथा 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला स्टेडियम, राउरकेला में होंगे और इसमें मेजबान भारत, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और आयरलैंड सहित पांच टीमें शिरकत करेंगी। शिरकत करने वाली सभी पांच पुरुष टीमें एक बार भुवनेश्वर और एक बार राउरकेला में एक दूसरे के खिलाफ खिलाफ खेलेंगी।2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में स्पेन के खिलाफ भुवनेश्वर में अपना पहला मैच 10 फरवरी को खेलने के बाद अगले एफआईएच रैंकिंग में दुनिया की नंबर 1 टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। फिर भुवनेश्वर में ही भारत का मुकाबला 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से होगा और फिर अगले दिन आयरलैंड से भिड़ेगी।

भारत ने स्पेन के खिलाफ अपने पिछले सात में चार मैच जीते हैं। जब स्पेन की टीम 2023 में अपने घर में बार्सिलोना में भारत से चार देशों के टूर्नामेंट में भिड़ी तो 2-1 से जीती थे। भारत एफआईएच रैंकिंग में तीसरे नंबर है जबकि चीफ कोच मैक्स कालडास के मार्गदर्शन में उतरने वाली स्पेन की टीम आठवें पायदान पर है। भारत ने स्पेन को 2023 में भुवनेश्वर में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में 2-0 से हराया था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह से एफआईएच प्रो लीग 2023-24 हॉकी लीग में अपने लक्ष्य की बाबत कहा, % हम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए तैयार हैं। हमें प्रो लीग लीग में दुनिया की कुछ उत्कृष्ट टीमों के खिलाफ खेलने और खुद को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए तैयार करने का मौका मिलेगा। हमें जहां सुधार की जरूरत है हम वहां खासी मेहनत कर रहे हैं और हमारी कोशिश अपनी इसी को प्रो लीग में अमली जामा पहनाने की होगी।'

वहीं भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, %ओलंपिक से पहले एफआईएच प्रो लीग हमारे लिए घरेलू चरण है और इसमें निगाहें निरंतर सधा प्रदर्शन करने पर हैं। हमने अपनी टीम में कुछ नौजवान खिलाडि़यों को प्रो लीग के लिए टीम से जोड़ा हैं और उन्हें प्रो लीग में खेलते देखना रोमांचक होगा। हम प्रो लीग के अपने आठ मैचों में अपने इन नौजवान खिलाडि़यों को इसमें मौका देंगे जिससे कि हम ओलंपिक के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दे सकेंगे। हमारी हॉकी टीम अच्छी आक्रामक हॉकी खेलती है। हमारी कोशिश अपनी आक्रामक हॉकी और रक्षण में तालमेल बैठाने की है।%

भारतीय पुरुष हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से लौटने के बाद एफआईएच प्रो लीग में खेलने उतरेगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका में चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत की। भारत ने दक्षिण अफ्रीका में फ्रांस के एक मैच 4-0 से जीता और टूर्नामेंट में उससे मैच दो-दो गोल से ड्रा खेला। भारत ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया लेकिन नीदरलैंड से अपना मैच 1-5 से हार गई। भारत के चीफ कोच फुल्टन ने कहा, % हमारी हॉकी टीम बेहद महत्वाकांक्षी है। हमारी टीम का दक्षिण अफ्रीकी दौर इस बात का संकेत है कि हमारी टीम का आपस में जुगलबंदी बहुत बढिय़ा है। हमारी टीम के खिलाडिय़ों में आपस में स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता है जो आज समय की मांग है। हम अपने नौजवान खिलाडिय़ों को मौका देखकर उन्हें तकनीकी और रणनीतिक रूप से तैयार करना चाहते हैं। हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है जो टीम को मजबूत बनाने में मदद करेगी । इससे हमारे नौजवान टीम में जगह पाने और किसी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में मौका मिलने पर टीम के साथ अपनी जुगलबंदी बनाने के लिए तैयार होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 11 रनों से हराया



**होबार्ट,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। डेविड वॉर्नर की 70 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद ऐडम जम्पा के तीन विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पहले टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही इस मैच में दो रिकार्ड भी बने। शॉन ऐबट एक ही अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में चार कैच पकड़ कर ब्रेट ली के तीन कैच के रिकार्ड को तोड़ा। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 में संयुक्त स्कोर 415 का रिकार्ड बना। 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की अच्छी रही और उसने सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी की। ब्रैंडन किंग ने 37 गेंदों में 53 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाये। निकोलस पूरन 18 रन, कप्तान रोवमन पॉवेल 14 रन, शे होप 16 रन, आंद्रे रसल एक रन, शरफेन रदरफोर्ड सात रन और रोमारियो शेफर्ड दो रन बनाकर आउट हुये। जेसन होल्डर 34 और अकील हुसैन सात रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने तीन विकेट लिये। मार्कस स्टॉयनिस को दो विकेट मिले। शॉन ऐबट, ग्लेन मैक्सवेल और जेसन बेहरनडॉर्फ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले डेविड वॉर्नर के 36 गेदों में 70 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 214 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की डेविड वार्नर और जोश इंग्लिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 93 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट जोश इंग्लिस के रूप में गिरा। उन्होंने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाये। उन्हें होल्डर ने पॉवेल के हाथों कैच आउट कराया। 13वें ओवर में वार्नर 36 गेंदों मे 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 70 रन जोसफ का शिकार बने। कप्तान मिचेल मार्श 16 रन, ग्लेन मैक्सवेल 10 रन, मार्कस स्टॉयनिस नौ रन और मैथ्यू वेड 21 रन बनाकर आउट हुये। टिम डेविड 37 रन और ऐडम जम्पा चार रन पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 213 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसल ने तीन विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत के वेलावन सेंथिलकुमार पिट्सबर्ग ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने घरेलू पसंदीदा और नंबर 8 वरीयता प्राप्त फ़राज़ खान पर रोमांचक मुकाबले में 11-6, 5-11, 11-5, 11-8 से जीत के साथ प्रतिष्ठित 75,800 डॉलर के पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर इवेंट पिट्सबर्ग ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया में 63वें स्थान पर मौजूद तमिलनाडु के 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह वर्ष का पहला पीएसए आउटिंग है, 2023 के ब्रेकआउट के बाद उन्होंने पेशेवर के रूप में अपने पहले पूर्ण वर्ष में चार पीएसए खिताब जीते। सेंथिलकुमार ने अमेरिकी खिलाड़ी पर शुरुआती बढ़त बना ली और पहला गेम 11-6 से जीत लिया। खान ने फिर से एकजुट होकर वर्ल्ड नंबर 63 को अपनी ताकत दिखाई और मैच 1-1 से बराबर कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 10-5 की बढ़त बना ली और खान ने अपनी वापसी पर हमला किया लेकिन 25 वर्षीय खिलाड़ी अपने पहले सिल्वर-इवेंट क्वार्टर फाइनल के करीब पहुँच गया। चौथे गेम में अमेरिकी ने 6-1 की बढ़त ले ली, लेकिन सेंथिलकुमार ने अपने खेल में सुधार किया और तेज और सटीक स्क्वैश खेलकर गेम को 8-8 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने देर से वापसी जारी रखी और चौथा गेम 11-8 से जीतकर मैच सुरक्षित कर लिया, जिसका अंत मैच बॉल पर खान की गलती से हुआ। क्वार्टर फाइनल में भारतीय स्टार का मुकाबला मिस्र के विश्व नंबर 21 यूसुफ इब्राहिम से होगा। अपने पहले सिल्वर-इवेंट क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर, उन्होंने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं, यह कुछ ऐसा है जिसके लिए मैंने हमेशा प्रयास किया है, और मैं हमेशा इसके लिए जितना संभव हो सके उतना प्रयास करता रहूंगा। मैं इस अवसर को पाकर उत्साहित हूं, मैं यहां आकर और एक और दिन प्रतिस्पर्धा करके वास्तव में खुश हूं, और यूसुफ इब्राहिम से खेलना मजेदार होने वाला है, और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं। शुरुआती दौर में सेंथिलकुमार ने जापानी रयुनोसुके त्सुकु को 11-2, 7-11, 11-6, 11-8 से हराया था।

# निर्णायक मुकाबले से पहले दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक महिला एकदिवसीय श्रृंखला जीत पर नजर



**सिडनी,** 9 फरवरी (एजेंसियां) ऑलराउंडर एलिज़-मैरी मार्क्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की नजरें निर्णायक मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक महिला वनडे सीरीज जीतने पर टिकी हैं। बुधवार को उत्तरी सिडनी ओवल में, दक्षिण अफ्रीका ने महिला वनडे में मेजबान टीम पर अपनी पहली जीत के लिए डकवर्थ लुईस स्टर्न (डीएलएस) पद्धति के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया को 84 रनों से हराया।

फिलहाल, श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है, और बहु-प्रारूप दौरे के संदर्भ में, मेजबान के पक्ष में 6-4 अंक वितरित किए गए हैं, जो एकदिवसीय श्रृंखला के रोमांचक समापन के लिए मंच तैयार करता है। हम ऑस्ट्रेलिया में उस ऐतिहासिक जीत से खुश थे। हम सभी खुश थे और जाहिर तौर पर एक टीम गीत गा रहे थे और एक-दूसरे के साथ कुछ जश्न मना रहे थे, जो अच्छा था। इस आखिरी वनडे से पहले, मुझे लगता है कि हम सभी उत्साहित हैं। हां , 100 प्रतिशत यह निश्चित रूप से नहीं किया गया है। एलिज़-मैरी ने मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, अभी खेलने के लिए एक मैच है और मुझे लगता है कि इसमें खेलने के लिए सब कुछ है। अगर हमने एक टीम के रूप में पिछले मैच में जो किया था, उस पर कायम रहें, तो हम श्रृंखला जीत सकते हैं। खैर, सहायता के लिए पिच में थोड़ी घास है सीम गेंदबाज थोड़े अधिक हैं। यदि आप अपनी लाइन और लेंथ पर कायम रहते हैं, तो इसमें आपके लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। उन्होंने दूसरे वनडे में यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए अपने साथी गेंदबाजों की भी सराहना की। मुझे लगता है कि हमारी गेंदबाजी इकाई अपनी योजनाओं पर अड़ी रही। हम टी20 और अन्य एकदिवसीय मैचों से पहले इसके बारे में बात करते रहे हैं और यह शायद गेंदबाजों द्वारा दिया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। मैं इससे खुश हूं और उम्मीद है कि हम इसे 2-1 तक पहुंचा सकते हैं। दूसरे वनडे में ऐतिहासिक जीत तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मारिज़ैन कैप के प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन से बनी, जिसमें 87 गेंदों में 75 रनों की पारी और गेंद से 3-12 विकेट शामिल थे।

## सार संक्षेप

### भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत जुलाई में डूरंड कप से होगी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप होगी। तथा सितंबतर महीने में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जायेगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को पिछले सत्र के चार महीने से बढ़ाकर छह महीने कर दिया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर महीने में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने के उद्देश्य से तीन आयु वर्गों के तहत आयोजित होने वाली एआईएफएफ यूथ लीग सितंबर से अगले नौ महीने तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1888 में शुरू हुआ डूरंड कप भारत और एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इसके साथ ही यह दुनिया में तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट भी है।

### सभी फॉर्मेट में 100 मैच खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने डेविड वार्नर

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में मैदान पर उतरते ही खेल के तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने की उपलब्धि हासिल कर ली। भारत के विराट कोहली (113 टेस्ट, 292 वनडे और 117 टी20) और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर (112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20) के बाद वार्नर टेस्ट, वनडे और टी20 में 100 से अधिक बार अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने क्रमशः 161 और 112 मैचों में अपनी उपस्थिति के साथ खेल की शोभा बढ़ाने के बाद वनडे और टेस्ट से संन्यास ले लिया। उन्होंने 100 टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अपने सर्वोच्च स्कोर के रूप में 100 नाबाद के साथ 2964 रन बनाए हैं। मैच के मोर्चे पर वार्नर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 में 36 गेंदों में 70 रन बनाकर आउट होने से पहले ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक शुरुआत दी। बाद में टिम डेविड की 17 गेंदों में 37 रन की पारी ने ऑस्ट्रेलिया को 213/7 के कुल स्कोर तक पहुंचाया।

# कोलिन्स को हराकर रिबाकिना अबू धाबी के क्वार्टर फाइनल में

**अल रावदाह,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। नंबर 1 सीड एलेना रिबाकिना ने अबू धाबी ओपन के दूसरे दौर में एक सेट और एक ब्रेक के बाद वापसी करते हुए अमेरिका की डेनिएल कोलिन्स को 2 घंटे 17 मिनट में 4-6, 6-3, 6-3 से हराया। पूर्व विंबलडन चैंपियन रिबाकिना ने अबू धाबी में हर बार अंतिम आठ में जगह बनाई है। वह उस स्तर पर 2021 में आर्यना सबालेंका से और पिछले साल बीट्रिज़ हद्दाद माइया से हार गईं थीं। कजाकिस्तान की खिलाड़ी के पास यहां अपने पहले सेमीफाइनल में भाग्यशाली हारने वाली क्रिस्टीना बुक्सा के खिलाफ पहुंचने का मौका होगा, जिन्होंने क्वालीफायर हीथर वॉटसन को 7-6(7-1), 7-5 से हराकर अपने पहले टूर-स्तरीय क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कोलिन्स ने पहले सेट में जोरदार प्रदर्शन किया और दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक से बढ़त हासिल कर ली, लेकिन रिबाकिना ने तत्काल ब्रेक बैक के साथ जवाब दिया। हालाँकि, वह अभी भी पूरे प्रवाह में नहीं थी, और एक ड्रॉप शॉट खेलने के प्रयास में अपनी सर्विस गंवा दी और 3-2 से पीछे हो गई । इसके बाद कोलिन्स की सर्विस पर चार ड्यूस का संघर्ष हुआ और यह निर्णायक मोड़ साबित हुआ। रिबाकिना ने अपना चौथा ब्रेक प्वाइंट बदलकर स्कोर 3-3 कर दिया। निर्णायक मुकाबले की शुरुआत में रिबाकिना और कोलिन्स ने दो कड़े सर्विस ब्रेक का आदान-प्रदान किया। लेकिन वह रिबाकिना ही थीं जिन्होंने पांचवें गेम में सफलता हासिल की और बैकहैंड पास पाकर स्कोर 3-2 कर दिया।

# क्रिकेट में भारत के पास अद्भुत गहराई है, अंडर-19 फाइनल मैच दिलचस्प होगा : डिविलियर्स



**जोहान्सबर्ग,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व द.अफ्रीकी क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने पहले सेमीफाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर जीत के बाद अंडर-19 भारतीय टीम की जमकर प्रशंसा की।

भारत ने रिकॉर्ड छठे अंडर-19 विश्व कप खिताब की राह पर उदय सहारन की अगुवाई में प्रोटियाज़ को दो विकेट से हराकर नौवीं बार और लगातार पांचवीं बार शिखर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में ह्यूग वीबजेन की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया। भारत का सामना अब रविवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से होगा। आईएएनएस से विशेष बातचीत में डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका की हार पर निराशा व्यक्त की, लेकिन सेमीफाइनल में जिस तरह से भारतीय टीम ने जीत दर्ज की उसकी प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा, हां, मैं अंडर19 विश्व कप पर नजर रख रहा हूं। दो करीबी सेमीफाइनल मैच थे। खासकर ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का मैच बेहद रोमांचक रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के नौ विकेट गिर चुके थे लेकिन वे वापसी करने में कामयाब रहे जैसा कि वे बड़े क्षणों में करते हैं।

इसके अलावा भारत-दक्षिण अफ्रीका का मैच भी करीबी था। शुरुआती चार विकेट लेने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका दबाव बनाने में नाकाम रहा। भारत ने शानदार वापसी की और सेमीफाइनल जीता। इससे पता चलता है कि भारत के पास क्रिकेट में अद्भुत गहराई है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच फाइनल दिलचस्प होगा।

# डेविस कप भारत सितंबर में विश्व ग्रुप मुकाबले में स्वीडन से खेलेगा

**बेंगलुरु,** 9 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय डेविस कप टीम सितंबर में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप ढ्ढ के रोमांचक मुकाबले में स्वीडन से भिड़ने के लिए तैयार है, गुरुवार को ड्रॉ की घोषणा की गई। विश्व ग्रुप प्लेऑफ़ में पाकिस्तान पर 4-0 की हालिया जीत से उत्साहित भारतीय टीम स्वीडन का सामना करने के लिए तैयार है, जिसका लक्ष्य अपने स्कैंडिनेवियाई समकक्षों के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल करना है। डेविस कप में भारत और स्वीडन का पांच बार आमना-सामना हुआ है और स्वीडन हर बार विजयी रहा है। इसमें 1987 डेविस कप फाइनल में 0-5 की हार शामिल है, जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की आखिरी उपस्थिति थी। स्वीडन के साथ भारत की आखिरी भिड़ंत 2005 में हुई थी जब उन्होंने दिल्ली में स्वीडिश टीम की मेजबानी की थी, लेकिन अंततः उन्हें 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। हालाँकि, मौजूदा स्वीडिश लाइनअप में दुर्जेय एकल खिलाड़ियों की कमी के कारण, भारतीय दल को माहौल अपने पक्ष में करने का मौका मिल रहा है। प्रतिभाशाली रोहित राजपाल के नेतृत्व में, भारत का लक्ष्य स्वीडन की कथित कमजोरियों का फायदा उठाना और विजयी होना है। प्रतिभाशाली एलियास यमेर और उनके भाई मिकेल के नेतृत्व में स्वीडन भारतीय टीम के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रहा है। हालाँकि, भारत के पास विश्व के नंबर एक रोहन बोपन्ना के नेतृत्व में युगल खिलाड़ियों की एक मजबूत लाइनअप है।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाक को अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के रोमांचक सेमीफाइनल में एक विकेट से हराया



■ ऑस्ट्रेलिया फाइनल में भारत से भिड़ेगा

नई दिल्ली, 9 फरवरी (देशबन्धु)। तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रैकर के गेंद से 'छक्के' तथा सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन के अर्द्धशतक और ओलिवर पीक की पांचवीं विकेट की 43 रन की भागीदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को बेनोनी में बृहस्पतिवार को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सांस रोक देने वाले दूसरे रोमांचक सेमीफाइनल मे एक विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया अब फाइनल में भारत से भिड़ेगा। बाएं हाथ के अराफत मिनहास (52 रन, 9 चौके, 2/20)का हरफनमौला खेल तथा तथा 16 बरस के तेज गेंदबाज अली रजा का गेंद से %चौका भी पाकिस्तान के काम न आया।

ऑस्ट्रेलिया ने मैन ऑफ द मैच तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रैकर (6/24) के गेंद से कहर की बदौलत बाएं हाथ के अजान आवेश (52 रन, 91 गेंद, तीन चौके) और अराफात मिनहास (52 रन, 61 गेंद, 9 चौके) के अलग-अलग अंदाज में जड़े अर्धशतकों और दोनों की छठे विकेट की 54 रन की भागीदारी के बावजूद पाकिस्तान को पहले बल्लेबाज की दावत देकर 48.5 ओवर में179 पर समेट दिया।

जवाब में सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन (50 रन, 75 गेंद, पांच चौके) और ओलिवर पीक (49 रन, 75 गेंद, तीन चौके) की पांचवीं विकेट की 43 रन व पीक की टॉम कैंपबेल (25 रन, 42 गेंद, दो चौके) के साथ छठे विकेट की 44 रन की भागीदारी के साथ पारी के आखिर में रैफ मैकमिलन की 29 गेंदों में दो चौकों की मदद से अविजित 19 रन की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 49.1 ओवर में नौ विकेट पर 181 रन बनाकर मैच जीत फाइनल में स्थान बना दिया। मैकमिलन ने मैच के अंतिम और मोहम्मद जीशान के सातवें ओवर की पहली गेंद पर चौका जड़ ऑस्ट्रेलिया को यह रोमांचक जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए संभल कर आगाज किया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज अली रजा के बेहतरीन इनस्विंगर सलामी बल्लेबाज सैम कोंटाज (14 रन, 31 गेंद, 2 चौके) का मिडिल स्टंप उड़ा ले गई और ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट 11वें ओवर की पहली गेंद पर 33 रन पर खो दिया। कप्तान हयू विबगन(4 रन, 12 गेंद) ने ऑफ स्पिनर नवीद अहमद खान की फुलटॉस को उड़ाने की कोशिश में कवर में हारून अरशद को कैच थमा दिया और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा विकेट 43 रन पर खोया। सलामी बल्लेबाज डिक्सन ने गेंद को ड्राइव किया रन के लिए दौड़ पड़े हरजस सिंह (5) ने बहुत देर से क्रीज से निकले और अराफत ने सीधा थ्रो विकेटकीपर साद बेग को दिया और उन्होंने उनकी गिल्लियां उड़ा दी और ऑस्ट्रेलिया 16 ओवर में तीन विकेट 54 रन पर खो कर संकट में फंसी दिखी। विकेटकीपर रेयन हिक्स (0) ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ओबेद शाह की तेज गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश और गेंद उनके बल्ले का भीतरी किनारा ले उनका मिडल स्टंप उड़ा ले गई और ऑस्ट्रेलिया ने चौथा 59 रन पर खोया। सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन (50 रन, 75 गेंद, पांच चौके) अंततः बाएं हाथ के स्पिनर अराफत मिनहास की तेजी से घूम कर ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को कट करने की कोशिश में बोल्ड हो गए और ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां विकेट के 27 वें ओवर में 102 रन पर खोया। बाएं हाथ के स्पिनर अराफत मिनहास के ने आठवें ओवर की चौथी आर्म बॉल पर टॉम कैंपबेल (25 रन, 42 गेंद, दो चौके) को पारी के 39 वें ओवर में बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 146 रन का दिया।